


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 81 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आषाढ कृ.6 2082 मंगलवार, 17 जून-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❋ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## कोरोना से लगातार दूसरे दिन 10 से ज्यादा मौतें

नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। देश में कोरोना वायरस से लगातार दूसरे दिन 10 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, रविवार को 11 मरीजों ने जान गंवाई। केरल में 7 और दिल्ली, छत्तीसगढ़, एमपी, महाराष्ट्र में 1-1 मौत हुई है। शनिवार को 10 मौतें हुई थीं। कोविड के 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में 7264 एक्टिव मरीज हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1920 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1433 और पश्चिम बंगाल में 74147 एक्टिव मामले हैं। बीते 24 घंटे में कोई नया केस नहीं मिला है, जबकि 119 मरीज रिकवर हुए हैं। मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को बच्चे को जन्म देने के एक दिन बाद महिला (27 साल) की कोविड से मौत हो गई।

# 'यह युद्ध का युग नहीं'

### > पश्चिम एशिया और यूरोप में जारी संघर्ष पर बोले प्रधानमंत्री मोदी



टोरंटो, 16 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साइप्रस के निकोसिया स्थित राष्ट्रपति भवन में आधिकारिक स्वागत किया गया। साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय साइप्रस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। यह दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा है। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने निकोसिया में राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत की। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, भू-मध्यसागरीय क्षेत्र और यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है।


साइप्रस के राष्ट्रपति के साथ बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता व्यक्त की। हमारा मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। प्रधानमंत्री ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने के लिए साइप्रस का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत-साइप्रस-ग्रीस साझेदारी शुरू की गई है। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा इस क्षेत्र में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा।

वहीं, साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा कि हमने विभिन्न क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय संबंधों और तालमेल को बढ़ाने पर चर्चा की। हम रक्षा सहयोग, संकट प्रबंधन, पर्यटन, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर काम करना चाहते हैं। हम साथ मिलकर काम करने पर सहमत हुए ताकि हम ठोस परिणाम दे सकें।

**निकोसिया में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता :**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने साइप्रस के निकोसिया में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान पीएम मोदी ने साइप्रस की ओर से ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III से सम्मानित किए जाने के लिए सभी का शुक्रिया अदा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे दिया गया यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि मेरे देश का सम्मान है। यह साइप्रस और भारत के बीच अटूट दोस्ती की मुहर है। उन्होंने कहा कि यह दो दशकों से अधिक के अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा है। यह आपसी संबंधों में एक नया अध्याय लिखने का अवसर है।

## आपदा प्रबंधन में भारत वैश्विक नेता बनने के करीब : अमित शाह



नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपदा राहत बलों के जज्बे और कामों की सराहना की। दिल्ली में आपदा राहत बलों के आयुक्तों के सम्मेलन में अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) के कामों की बदौलत भारत आपदा प्रबंधन में वैश्विक नेता बनने के करीब पहुंच गया है।

उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में इन संस्थाओं के कामों और जज्बे के दम पर भारत आगे बढ़ा है। एनडीएमए ने नीतिगत मामलों को तय करने, शोध, स्टडीज को लोगों तक पहुंचाने, एप बनाने और समग्र समन्वय का बढ़िया काम किया है। एनडीआरएफ ने त्वरित आपदा राहत कार्यों को अंजाम देकर अपनी अच्छी छवि बनाई और सम्मान भी कमाया है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की संरचना में एसडीआरएफ ने भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। सीडीआरआई के माध्यम से हमने वैश्विक स्तर पर बहुत प्रसिद्धि और स्वीकृति भी प्राप्त की है। अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों को भारत के संक्रमण काल के रूप में याद किया जाएगा जहां क्षमता, गति, दक्षता और सटीकता के क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की गईं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जबभारत की आपदा प्रतिक्रिया का इतिहास लिखा जाएगा, तो इतिहास को इन 10 वर्षों को याद करना होगा। आने वाले समय में देश हर व्यक्ति को आपदा प्रबंधन के खिलाफ खड़ा देख पाएगा।

## साइप्रस ने पीएम मोदी को सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

### ✻ अब तक 21 देश कर चुके सम्मानित ✻ अब मोदी जी-7 में हिस्सा लेने कनाडा पहुंचे

निकोसिया, 16 जून (एजेंसियां)। साइप्रस ने सोमवार को पीएम मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III' से नवाजा। राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति भवन में यह सम्मान दिया। मोदी दो दिन के दौरे पर साइप्रस पहुंचे थे।

मोदी ने कहा, मैं साइप्रस सरकार का और साइप्रस के लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह सिर्फ नरेंद्र मोदी का ही नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह उनकी क्षमताओं और आकांक्षाओं का सम्मान है। यह हमारी संस्कृति, भाईचारे और वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा का सम्मान है। इससे



पहले मोदी का प्रेसिडेंशियल पैलेस में स्वागत किया गया। इसके बाद दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच बैठक हुई। मोदी रविवार को साइप्रस पहुंचे थे। अब मोदी जी-7 समिट में हिस्सा लेने के लिए कनाडा पहुंच गये हैं।

**राष्ट्रपति निकोस ने कहा-आतंकवाद के खिलाफ साइप्रस भारत के साथ खड़ा :**

पीएम मोदी और राष्ट्रपति निकोस ने ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, हमने द्विपक्षीय संबंधों, भारत-यूरोपीय संघ के रिश्तों और आईएमईईसी कॉरिडोर (भारत मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियार) पर भी बात की। साइप्रस-तुर्किये मुद्दे और साइप्रस के पुनःएकीकरण भी चर्चा में शामिल रहा। साइप्रस किसी भी तरह के आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है। पीएम मोदी ने कहा, 'लोकतंत्र में आपसी विश्वास हमारे संबंधों की मजबूत नींव है। भारत और साइप्रस के बीच रिश्ते न तो परिस्थितियों से बने हैं, और न ही ये सीमित हैं। हम एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं।

## एमईए ने कहा-स्थिति पर लगातार नजर रख रहा दूतावास

### ईरान में संपर्क में भारतीय छात्र

नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। ईरान-इस्राइल संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि तेहरान में भारतीय दूतावास लगातार सुरक्षा स्थिति की निगरानी कर रहा है और ईरान में भारतीय छात्रों से संपर्क बनाए हुए है, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, साथ ही कुछ मामलों में उन्हें सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया, तेहरान में भारतीय दूतावास लगातार सुरक्षा स्थिति की निगरानी कर रहा है और ईरान में भारतीय छात्रों से संपर्क बनाए हुए है, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बयान में आगे कहा गया, कुछ मामलों में, छात्रों को दूतावास की सहायता से ईरान के अंदर सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। अन्य संभावित विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। आगे की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, दूतावास कल्याण और सुरक्षा को लेकर समुदाय के नेताओं से भी संपर्क में है। ईरान और इस्राइल में स्थित भारतीय दूतावासों ने स्थिति को देखते हुए अपने-अपने एक्स हैंडल पर एडवाइजरी जारी की है। ईरान में भारतीय दूतावास ने एक्स पर भी एडवाइजरी को पोस्ट किया। इसमें कहा गया है कि ईरान में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे सतर्क रहें, किसी भी प्रकार की अनावश्यक आवाजाही से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया खातों को फॉलो करें और स्थानीय अधिकारियों द्वारा दिए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें।

## पश्चिम एशिया में तनाव कम करने की कोशिश : जयशंकर

### > यूएई और आर्मेनिया के विदेश मंत्रियों से की बात



नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। पश्चिम एशिया में लंबे समय से तनाव का माहौल है। अब इस्राइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष ने इस तनाव को और बढ़ा दिया है, जिससे बड़े पैमाने पर युद्ध की आशंका को हवा दे दी है। इस तनाव के बीच हालात को सामान्य करने की कोशिश भी जारी है और इसी कोशिश के तहत विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात और आर्मेनिया के विदेश मंत्रियों से टेलीफोन पर बात की। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि संयुक्त अरब अमीरात के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात और इसमें कूटनीति की भूमिका पर चर्चा की। साथ ही इस मुद्दे पर संपर्क में रहने पर भी सहमति बनी। एक अन्य पोस्ट में डॉ. जयशंकर ने बताया कि उन्होंने आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारात मिर्जोयान से भी बात की। दोनों के बीच क्षेत्र के हालात और सहयोग के विषय में चर्चा हुई।

इस्राइल ने बीते शुक्रवार को ईरान के परमाणु हथियारों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए थे, जिसमें ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक और शीर्ष सैन्य कमांडर मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने भी इस्राइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला बोला। दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष पर भारत ने चिंता जताई और कहा कि वह हालात पर करीब से नजर रखे हुए है।

## जनगणना की अधिसूचना जारी

### ✻ 35 लाख+कर्मी डिजिटली काम करेंगे ✻ 16 भाषाओं में मोबाइल एप

नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि भारत की जनसंख्या की जनगणना वर्ष 2027 के दौरान की जाएगी। इसके लिए राजपत्र अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के मुताबिक, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से ढके गैर-समकालिक क्षेत्रों में जनगणना 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होगी। देश के बाकी हिस्सों में यह प्रक्रिया 1 मार्च 2027 से शुरू होगी।




इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को जनगणना कराने की तैयारियों की समीक्षा की थी। उन्होंने केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, महापंजियन एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी। सरकारी बयान के अनुसार, यह जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। इसके लिए मोबाइल एप तैयार किए जाएंगे और उसी में जनगणना से जुड़ी सभी जानकारी एकत्र की जाएगी। एप 16 भाषाओं में उपलब्ध होंगे। गृह मंत्री शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा था, 16वीं जनगणना में पहली बार जाति गणना शामिल होगी। 34 लाख गणक और सुपरवाइजर, 1.3 लाख जनगणना पदाधिकारी आधुनिक मोबाइल और डिजिटल उपकरणों के साथ यह कार्य करेंगे। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख और हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में 1 अक्टूबर, 2026 से और देश के बाकी हिस्से में 1 मार्च, 2027 से जातियों की गणना और जनगणना का कार्य शुरू होगा।

**दो चरणों में की जाएगी जनगणना**

जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण यानी मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एचएलओ) में प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण (जनसंख्या गणना) में प्रत्येक घर के हर व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य विवरण एकत्र किए जाएंगे।

**आजादी के बाद 8वीं जनगणना**

यह जनगणना भारत की16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये की जाएगी। नागरिकों के लिए स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) की सुविधा भी उपलब्ध होगी। डाटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संग्रह, संचरण और भंडारण के दौरान कड़े सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पिछली जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी और यह जनगणना 16 वर्षों के अंतराल के बाद होगी।

## इजराइल ने ईरान पर फिर एयरस्ट्राइक की

### > मिसाइल लॉन्चर्स से लदे ट्रक उड़ाए
### > 4 दिनों में 224 ईरानियों की मौत
### > सेंट्रल ईरान में हमले

तेहरान/तेल अवीव, 16 जून (एजेंसियां)। इजराइल और ईरान के बीच 13 जून से लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजराइल ने सोमवार शाम सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। हमले में हुए नुकसान को लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने एक्स पर ईरान पर हमले का एक वीडियो जारी किया। कैप्शन में बताया कि आज सुबह से इजराइली एयरफोर्स ने मिसाइल लान्चर्स से लदे कई ट्रकों को निशाना बनाया, जो तेहरान की तरफ जा रहे थे।

इससे पहले इजराइल ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया था। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। 14 जून को इजराइली सेना ने ईरानी रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। पिछले चार दिनों के दौरान ईरान में 224 लोग इजराइली हमलों से मारे गए हैं। 1,277 से ज्यादा घायल हैं। अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों की मौत का दावा किया है।

**ईरान के हमले में आज 8 इजराइलियों की मौत :**


ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। सोमवार सुबह ईरानी सेना ने सेंट्रल इजराइल में कई जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। पिछले 4 दिनों के दौरान इजराइल में ईरान का यह सबसे बड़ा हमला है। ईरानी हमलों से इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं।

## सोनिया गांधी की हालत स्थिर



नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर हैं। उन्हें रविवार देर रात पेट की समस्या के कारण दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल के बयान के अनुसार, 78 वर्षीय पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को वर्तमान में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में निगरानी में रखा गया है। अस्पताल ने कहा कि 78 वर्षीय पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष वर्तमान में अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में निगरानी में हैं। सर गंगा राम अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी को रविवार रात 9 बजे सर गंगा राम अस्पताल में पेट से संबंधित समस्या के लिए सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया।

## पाकिस्तानी नागरिक, जिसने खुद को बांग्लादेशी बताकर खड़ा किया हवाला नेटवर्क : ईडी




नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान का एक नागरिक आजाद हुसैन, पश्चिम बंगाल में अजाद मल्लिक बनकर रह रहा था। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उसने खुद को बांग्लादेश का नागरिक बताया। मल्लिक ने पश्चिम बंगाल में हवाला नेटवर्क खड़ा कर लिया। वह बांग्लादेश के लोगों के नकली भारतीय पहचान पत्र बनाने लगा। इनका इस्तेमाल, पासपोर्ट प्राप्त करने के लिए होता था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता जोनल कार्यालय ने विशेष न्यायालय (पीएमएलए), कोलकाता के समक्ष 13 जून को अजाद मल्लिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद उर्फ आजाद हुसैन, पाकिस्तानी नागरिक के खिलाफ अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है। न्यायालय ने आरोपी व्यक्ति पर पूर्व-संज्ञान नोटिस जारी किया है और सुनवाई की तारीख तय की है।

अधिनियम, 1946 के उल्लंघन के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। इस केस में ईडी ने 15 अप्रैल को तलाशी अभियान चलाया। उस दौरान मालूम हुआ कि अजाद मल्लिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद, जिन्हें शुरू में एक बांग्लादेशी नागरिक माना जाता था, वह मोना मल्लिक का बेटा है और वैध दस्तावेजों के बिना भारत में रह रहा है। इसके बाद उसे पीएमएलए के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया। 14 दिनों तक ईडी की हिरासत में रहने के बाद अजाद मल्लिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद उर्फ आजाद हुसैन, न्यायिक हिरासत में है।

ईडी की जांच में पता चला कि अहमद हुसैन आजाद उर्फ आजाद हुसैन एक पाकिस्तानी नागरिक था। वह अवैध रूप से भारत में रह रहा था। उसके मोबाइल फोन से 1994 का एक पाकिस्तानी ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया गया, जिस पर आजाद हुसैन नाम लिखा था। उस पर आजाद मल्लिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद की तस्वीर थी। उसके पिता का नाम मुमताज-उल-हक था। दस्तावेज पर पाकिस्तान में दर्ज स्थायी पता भी अंकित था। दस्तावेज में उसकी जन्मतिथि 14 अगस्त 1971 दर्ज थी। इसे हैदराबाद, पाकिस्तान में लाइसेंसिंग अथॉरिटी द्वारा जारी किया गया था। अपनी असली पहचान छिपाने के लिए, आजाद हुसैन ने 'अजाद मल्लिक' उपनाम रखा। आरोपी ने जाली और मनगढ़ंत दस्तावेज जमा करके आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस हासिल कर लिया। साथ ही फर्जी दस्तावेजों की मदद से उसने वोटर आईडी और पासपोर्ट सहित कई दूसरे भारतीय पहचान दस्तावेज बनवाए।

## पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं-एफएटीएफ

नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। एंटी टेररिज्म बॉडी फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमला में आतंक फैलाने वालों के समर्थन के बिना नहीं किया जा सकता।

इसमें टेरर फंडिंग की गई है। एफएटीएफ का यह बयान पहलगाम हमले के 55 दिन बाद आया। एंटी टेररिज्म बॉडी ने कहा कि आतंकी हमले लोगों को मारते हैं, उन्हें अंपग बनाते हैं और दुनियाभर में डर फैलाते हैं। एफएटीएफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान के लगातार आतंकवाद को समर्थन देने और मल्टीपल फंड्स को हथियारों की खरीद में इस्तेमाल करने की बात को उजागर किया है। सूत्रों के अनुसार, ऐसी गतिविधियों की वजह से पाकिस्तान को एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में डाला जा सकता है। एफएटीएफ की एशिया-पैसिफिक ग्रुप (एपीजी) की बैठक 25 अगस्त को होनी है।

## ममता बनर्जी का आरोप : बंगाली बोलने वाले भारतीयों को बांग्लादेशी बताया जा रहा



कोलकाता, 16 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। उनको बांग्लादेशी बताकर गलत कार्रवाई की जा रही है। आलम यह है कि जिन बंगालियों के पास वैध दस्तावेज हैं, उनको भी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी कहा जा रहा है। इसके बाद भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया।

ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा को शर्म आनी चाहिए कि वे वास्तविक भारतीय नागरिकों को सिर्फ उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बता रहे हैं। बंगाली के साथ-साथ गुजराती, मराठी और हिंदी में बोलने में भी गर्व महसूस होना चाहिए। अगर आप मुझसे पूछें तो मैं इन सभी भाषाओं में बोल सकती हूं।

एक ओर आप भारतीयों को उनके द्वारा बोले गए शब्दों के कारण बांग्लादेशी बता रहे हैं और दूसरी ओर आप इन लोगों को, जिनके पास मतदाता पहचान पत्र, पैन और आधार कार्ड हैं, अपने राज्यों में आजीविका कमाने के अधिकार से वंचित कर रहे हैं। केंद्र पर राज्य को मिलने वाले बजट को रोकने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के सौतेले व्यवहार के बावजूद राज्य ने पथश्री के तहत 69,000 किलोमीटर सड़कें बनाई हैं और 11,000 करोड़ रुपये की आवास योजना शुरू की है। बंगाल लगातार पांच बार सड़क और ग्रामीण आवास परियोजना रैंकिंग में शीर्ष पर रहा है।

सीएम ने कहा कि आर्थिक संकट के बाद भी राज्य में लोगों को औसतन 50 दिन का रोजगार मिल रहा है और उनकी सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत 1.5 करोड़ कार्य दिवस सृजित किए हैं। एक ओर भाजपा बंगाल के गरीब लोगों को वंचित कर रही है। वहीं दूसरी ओर आपके राज्यों में विभिन्न दुर्घटनाओं में मौतों का सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सामाजिक कल्याण पर सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप अनुसूचित जाति (26 प्रतिशत), अनुसूचित जनजाति (6 प्रतिशत), पिछड़ी जातियों और मुसलमानों (30 प्रतिशत) के हितों की रक्षा के लिए काम कर रही है।

कोई भी हमारे मार्ग को रोक नहीं कर सकता। हमें अपने सपनों को साकार करने से नहीं रोक सकता। प्रश्नकाल में भाजपा विधायकों ने शिक्षा क्षेत्र में संकट पर स्थगन प्रस्ताव दिया। जिसे विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने खारिज कर दिया। इस पर भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया।

# पहलगाम हमले पर टीएमसी ने 5 सवाल पूछे

> हमले का जिम्मेदार कौन > आतंकी मारे गए या नहीं > आईबी चीफ का कार्यकाल क्यों बढ़ाया


अभिषेक बनर्जी, TMC सांसद

कोलकाता, 16 जून (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी ने पहलगाम आतंकी हमले पर मोदी सरकार से 5 सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा- हमले को 55 दिन से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन सरकार ने बॉर्डर सेफ्टी, इंटेलिजेंस , विदेश नीति, मीडिया और ज्यूडिशियरी के सवालों पर जवाब नहीं दिया। बनर्जी ने 'X' पर कहा- विपक्ष, मीडिया और ज्यूडिशियरी ने भी इन सवालों को नहीं उठाया। यह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। एक जिम्मेदार नागरिक और जनप्रतिनिधि होने के नाते, मैं भारत सरकार के सामने 5 सवाल रखता हूं।उन्होंने पूछा- पहलगाम हमला नेशनल सिक्योरिटी के लिए बड़ी चूक था, इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। अगर इंटेलिजेंस फेलियर हुआ तो इंटेलिजेंस ब्यूरो के चीफ को एक साल का विस्तार क्यों दिया गया। सरकार पेगासस जैसे जासूसी टूल का इस्तेमाल आतंकियों के खिलाफ क्यों नहीं कर रही है।

साथ ही उन्होंने कहा-सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि पहलगाम के हमलावर जिंदा है या मारे गए। अगर भारत विश्व गुरु और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तो पाकिस्तान को आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक से कैसे पैसा मिला।

**अभिषेक बनर्जी के 5 सवाल**

आतंकवादी सीमा में कैसे घुसेः हथियारों से लैस 4 आतंकवादी भारतीय सीमा में कैसे घुसे और 26 नागरिकों की जान कैसे चली गई? यह नेशनल सिक्योरिटी के लिए बड़ी चूक थी।

**इस विफलता की जिम्मेदारी कौन लेगा?**

आईबी चीफ का कार्यकाल क्यों बढ़ायाः अगर हमला इंटेलिजेंस फेल्योर था तो इंटेलिजेंस ब्यूरो के चीफ को एक साल का विस्तार हुआ। हमले के एक महीने बाद ही उन्हें इनाम क्यों दिया गया?

**उन्हें जवाबदेह क्यों नहीं ठहराया गया?**

सरकार पेगासस की मदद से आतंकियों की पहचान क्यों नहीं करती। अगर सरकार विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और जजों पर जासूसी टूल पेगासस चला सकती है, तो आतंकियों पर इसका इस्तेमाल क्यों नहीं हो रहा है?

आतंकी जिंदा हैं या मारे गएः पहलगाम हमले में शामिल 4 आतंकियों का क्या हुआ? वे मारे गए या अभी जिंदा हैं? अगर मारे गए हैं, तो सरकार ने स्पष्ट बयान क्यों नहीं दिया? और अगर नहीं मारे गए, तो चुप्पी क्यों? पाकिस्तान को दुनिया की एजेंसियों से पैसा कैसे मिलाःअगर भारत वास्तव में विश्व गुरु और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, तो आईएमएफ ने 1 अरब डॉलर और वर्ल्ड बैंक ने पाकिस्तान को 40 अरब डॉलर का निवेश क्यों दिया? पाकिस्तान को यूएन की काउंटर-टेररिज्म कमेटी का उपाध्यक्ष कैसे बना दिया गया?

## बनर्जी बोले-विदेश नीति पर खर्च 2 लाख करोड़, जवाब नहीं

टीएमसी नेता ने लिखा कि पिछले 10 साल में विदेश मामलों पर 2 लाख करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

देश की जनता पारदर्शिता, जवाबदेही और नतीजे चाहती है, न कि चुप्पी और बहाने। उन्होंने कहा-पहलगाम के बाद भारत ने 33 देशों से संपर्क किया, लेकिन कितनों ने खुलकर समर्थन दिया। साथ ही अगर अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत को युद्धविराम और व्यापार वादों के बदले मना लिया था, तो भारत सरकार ने इसका जवाब क्यों नहीं दिया।

## 12 राज्यों के ट्रांसपोर्ट मंत्रालय की वर्कशॉप

चंडीगढ़, 16 जून (एजेंसियां)। हरियाणा सहित 12 राज्यों की दो दिवसीय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की वर्कशॉप चंडीगढ़ में आयोजित की जाएगी। इस वर्कशॉप का शुभारंभ आज हरियाणा के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर अनिल विज करेंगे। इस वर्कशॉप में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय सहित हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली तथा चंडीगढ़ के मेंबर हिस्सा लेंगें। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा आयोजित की जा रही कार्यशाला में नागरिकों को मुहैया कराई जा रही ऑनलाइन सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य के प्रतिनिधियों के बीच विचार-मंथन किया जाएगा। दरअसल, केंद्र सरकार ट्रांसपोर्ट विभाग की वाहन और सारथी एप के जरिए ऑनलाइन सेवाएं देती है। इन एप से सभी राज्य भी जुड़े हुए हैं।

## हादसों पर राजनीतिः संजय राउत ने राज्य सरकार को बताया 'पनौती'



मुंबई, 16 जून (एजेंसियां)। पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल टूटने और मालवण में शिवाजी महाराज के स्टैच्यू का चबूतरा धंसने के बाद महाराष्ट्र में राजनीति गरमाने लगी है। शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय राउत ने सोमवार को महाराष्ट्र और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने हालिया घटनाओं और हादसों को लेकर सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए उसे पनौती करार दिया। शिवसेना-यूबीटी के नेता संजय राउत ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, जब से देवेंद्र फडणवीस दोबारा मुख्यमंत्री बने हैं, तब से राज्य को पनौती लगी है। अहमदाबाद में जो हादसा हुआ, उसमें महाराष्ट्र के 15-16 लोग मर गए। रविवार को आपने देखा होगा कि मालवण में शि वा जी महाराज का जो स्टैच्यू है, वहां चबूतरा धंस गया है। पुणे जिले में जो एक ब्रिज है, वो टूट गया। 100 से ज्यादा लोग पानी में बह गए। उनमें से अभी तक 40 लोग लापता हैं। राउत ने इंद्रायणी नदी पर बने पुल के ढहने की घटना को गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा, पुल बनाने के लिए सरकार ने पहले ही 8 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी, लेकिन सरकार के खजाने में पैसा नहीं है। इस तरह से एकाएक हादसों में लोग मारे जा रहे हैं। पुणे में पुल हादसे के बाद मुआवजे की घोषणा पर संजय राउत ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा, आप 5-5 लाख रुपये देंगे।

# हांगकांग-दिल्ली एअर इंडिया की फ्लाइट वापस लौटी

> बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर में तकनीकी समस्या का संदेह

नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। हांगकांग से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI315 को बीच उड़ान में ही तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद वापस अपने मूल स्थान पर लौटना पड़ा। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की ओर से संचालित यह फ्लाइट AI315 हांगकांग से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान का इस्तेमाल भारत में एअर इंडिया की तरफ से किया जा रहा है। 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद में ऐसा ही एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान विमान में सवार 242 लोगों में 241 लोगों की मौत हो गई थी।

विमान सेवा कंपनी ने एक बयान में कहा कि विमान संख्या AI 315 हांगकांग में सुरक्षित रूप से उतर गया और सभी यात्री विमान से उतर गए हैं। साथ ही कहा कि विमान का निरीक्षण किया जा रहा है। विमान हांगकांग से दोपहर 12.16 बजे (स्थानीय समय) रवाना हुआ और इसे भारतीय समयानुसार दोपहर 12.20 बजे दिल्ली उतरना था। इससे पहले रविवार को लंदन के हीथ्रो हवाइ अड्डे से चेन्नई (भारत) के लिए रवाना हुई ब्रिटिश एयरवेज की उड़ान बीए35 ने उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद तकनीकी दिक्कत महसूस की। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर दोपहर 1:16 बजे (ब्रिटिश समयानुसार) पर 36 मिनट की देरी से उड़ा, लेकिन लगभग 15,000 फीट की ऊंचाई पर पायलटों ने फ्लैप सिस्टम में गड़बड़ी के संकेत पाए। सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत विमान को डोवर की खाड़ी के ऊपर होल्डिंग पैटर्न में घुमते हुए कई चक्कर लगाए। इसी दौरान विमान लगभग 30 मिनट तक 12,000 फीट पर रहा और सुरक्षित लैंडिंग के लिए अतिरिक्त ईंधन हवा में ही गिराया गया, ताकि वजन कम हो सके। कुल लगभग एक घंटा 45 मिनट बाद विमान ने हीथ्रो के रनवे पर सुरक्षित लैंडिंग की। सभी यात्रियों और क्रू को सकुशल उतार लिया गया।




**लुफ्थांसा की फ्लाइट को यू-टर्न लेकर फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट वापस जाना पड़ा था**

बीते दिन हैदराबाद आ रही लुफ्थांसा की एक फ्लाइट को रविवार शाम को यू-टर्न लेकर फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर वापस उतरना पड़ा था। फ्लाइट LH752 जर्मनी से रवाना हुई थी। उसे सोमवार सुबह हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था। लुफ्थांसा एयरलाइंस ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया था कि हमें हैदराबाद में उतरने की अनुमति नहीं मिली। इसीलिए विमान ने यू-टर्न लिया और वापस लौट आया।

**बम की धमकी वाला ईमेल मिला था**

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, 15 जून 2025 को शाम 18:01 बजे हैदराबाद हवाई अड्डे पर लुफ्थांसा फ्लाइट एलएच 752 को बम की धमकी वाला ईमेल मिला। बम की धमकी के बाद आकलन समिति का गठन किया गया और एसओपी के अनुसार सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। सुरक्षा के मद्देनजर एयरलाइन को मूल स्थान या निकटतम उपयुक्त हवाई अड्डे पर वापस जाने की सलाह दी गई।

# पार्षद पर लव-जिहाद में फंडिंग का आरोप, मुख्य आरोपी फरार

धर्मांतरण, सेक्स रैकेट में धकेलने 3 लाख दिए; दो आरोपियों ने वीडियो में कबूला

इंदौर, 16 जून (एजेंसियां)। इंदौर में कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी पर लव-जिहाद और हिंदू युवतियों को देह व्यापार में धकेलने की साजिश रचने का केस दर्ज किया गया है। इससे पहले पुलिस ने शुक्रवार को दो आरोपियों-साहिल शेख और अल्ताफ को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि पार्षद कादरी ने उन्हें हिंदू लड़कियों से शादी कर धर्म परिवर्तन और देह व्यापार कराने के लिए उकसाया था। इसके लिए बकायदा पैसे दिए थे। पुलिस की टीमें कादरी की तलाश में रेड मार रही हैं। मामले का खुलासा शुक्रवार को हुआ था, जब दोनों पीड़ित युवतियां हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं से मिलीं। उनसे जानकारी लेकर कार्यकर्ताओं ने



दोनों आरोपियों को पकड़ा। संगठन के सदस्यों ने दोनों आरोपियों का वीडियो भी जारी किया था। इसमें आरोपियों ने पार्षद अनवर कादरी का नाम लिया था।

**पुलिस ने पार्षद के घर दबिश दी तो भाग गया**

बाणगंगा टीआई सियाराम गुर्जर के अनुसार, एक युवती की शिकायत पर मौनी बाबा आश्रम के पीछे रहने वाले साहिल शेख पर लव जिहाद और दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया था। दूसरी महिला की शिकायत पर नरवल निवासी अल्ताफ अली के खिलाफ भी दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। रविवार को पुलिस ने अनवर को आरोपी बनाया। पुलिस ने उसी रात अनवर कादरी के घर दबिश दी, पर वह भाग गया।

**अल्ताफ को एक लाख साहिल को दो लाख दिए**

अल्ताफ ने बताया कि वह पेंटर है और साहिल कार शोरूम में काम करता है। पार्षद कादरी ने उसे एक लाख और साहिल को दो लाख रुपए नकद दिए थे। शर्त रखी थी कि वे हिंदू लड़कियों से शादी करें और फिर उन्हें देह व्यापार में धकेलें। उन्होंने यह भी बताया कि आधी रकम पहले ही मिल चुकी थी और बाकी रकम काम पूरा होने के बाद दी जानी थी।

## रैपिडो ड्राइवर ने महिला को थप्पड़ मारा

बेंगलुरु, 16 जून (एजेंसियां)। बेंगलुरु के जयनगर इलाके में एक रैपिडो बाइक टैक्सी ड्राइवर द्वारा महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। यह घटना तीन दिन पुरानी यानी शुक्रवार की है। हालांकि इसका वीडियो आज वायरल हुआ है, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार महिला ने तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने पर ड्राइवर से शिकायत की थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई, जो बाद में झगड़े में बदल गई। वीडियो में दिख रहा है कि ड्राइवर ने महिला को थप्पड़ मारा, जिससे वह जमीन पर गिर गई। घटना का वीडियो किसी राहगीर ने रिकॉर्ड किया, जिसमें आसपास खड़े कई लोग भी नजर आ रहे हैं। पहले तो महिला शिकायत करने में हिचकिचा रही थी, लेकिन बाद में पुलिस के समझाने पर थाने में शिकायत दर्ज करवाई।

## 16 साल की कानूनी लड़ाई के बाद मिला न्याय रिश्वत मामले में पूर्व स्टेशन मास्टर निर्दोष करार

मुंबई, 16 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक विशेष सीबीआई अदालत ने रिश्वत मामले में पूर्व स्टेशन मास्टर को निर्दोष माना है। पूर्व स्टेशन मास्टर ने इसके लिए 16 साल कानूनी लड़ाई लड़ी। अब जाकर उन्हें अदालत से न्याय मिला है। अदालत ने शिकायतकर्ता की गवाही और पेश किए गए सबूतों में अंतर पाया, जिसके बाद पूर्व अधिकारी को रिहा करने का आदेश दिया।

**क्या था मामला**

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत एस शिंदे ने 9 जून को दिए अपने फैसले में पूर्व स्टेशन मास्टर को रिहा करने का आदेश दिया। जिसकी कॉपी रविवार को मिली। फैसले में जस्टिस शिंदे ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में विफल रहा। साल 2009 में एक फल विक्रेता ने पूर्व स्टेशन मास्टर रामकरण पंचूराम मीणा पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि स्टेशन मास्टर ने फल विक्रेता सोनू राशिद रेन से 13 जून 2009 को दीवा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों और स्टेशन परिसर में फल बेचने देने के लिए हर महीना 1000 रुपये और पूर्व के महीनों के लिए अतिरिक्त 5000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई ने कथित तौर पर मीणा को 2500 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा भी था। फल विक्रेता की शिकायत पर मीणा के खिलाफ भ्रष्टाचार रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। अभियोजन पक्ष का मामला शिकायतकर्ता की गवाही और अन्य गवाहों पर आधारित था। जिसमें एक इलेक्ट्रॉनिक सबूत, वॉइस रिकॉर्डिंग भी शामिल थी। अदालत ने माना कि शिकायतकर्ता की गवाही और अन्य सबूतों में अंतर था।

## सोनीपत में मॉडल की हत्या, बहन को की थी आखिरी वीडियो कॉल, कहा था-सुनील मार रहा है; नहर में मिला शव



सोनीपत, 16 जून (एजेंसियां)। सोनीपत के गांव खांडा के पास एनसीआर वाटर चैनल में प्रसिद्ध मॉडल शीतल का शव मिला है। युवती की बेरहमी से गला रेतकर हत्या की गई है। हमलावरों ने हत्या के बाद शव को एनसीआर वाटर चैनल में फेंक दिया। ग्रामीणों ने नहर में शव को उतरता देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया।

**बहन ने रविवार को दर्ज कराई थी शिकायत**

शीतल पानीपत के खलीला माजरा की रहने वाली थी। फिलहाल वह पानीपत की सतकरतार कॉलोनी में अपनी बहन नेहा के साथ रह रही थी। रविवार को ही शीतल की बहन ने पानीपत के ओल्ड इंडसट्रियल थाना में शीतल की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। बताया जा रहा है कि शीतल अपने पुरुष मित्र सुनील के साथ थी, जिसकी गाड़ी भी एनसीआर वाटर चैनल से बरामद हुई है। वहीं मृतका की बहन नेहा ने बताया कि शनिवार रात को करीब 11 बजे शीतल में वीडियो कॉल पर बात की थी। उस समय उसने बताया था कि सुनील ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसका नंम्बर बंद हो गया था। अब उन्हें सूचना मिली है कि उसका शव सोनीपत में नहर में मिला है। थाना प्रभारी प्रेम का कहना है कि युवती के गले और हाथ पर धारदार हथियार से वार किए गए हैं। गले पर गहरे कट के निशान हैं, जिससे साफ है कि हत्या कर शव फेंका गया है। इसके अलावा हाथ पर भी तेजधार हथियार से काटे जाने के निशान मिले हैं।

## राजा-सोनम का एक और वीडियो, फोटोग्राफर ने लिखा-अचानक शूट हुआ; शिलॉन्ग पुलिस ने सोनम के भाई को बुलाया

इंदौर, 16 जून (एजेंसियां)। इंदौर में आज ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के घर पर तेरहवीं का कार्यक्रम चल रहा है। इसमें केवल परिवार के लोग और करीबी रिश्तेदार ही शामिल हैं। सोनम का भाई गोविंद भी पहुंचा है। गोविंद ने कहा, 'शिलॉन्ग पुलिस ने मुझे पूछताछ के लिए बुलाया है। पुलिस ने कहा कि बयान लेकर उस पर साइन करना है।' दूसरी तरफ, देव सिंह नाम के फोटोग्राफर ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। उसका दावा है कि ये सोनम और राजा का मेघालय में सोहरा के डबल डेकर रूट ब्रिज से गुजरने के दौरान का है। देव के मुताबिक, ये वीडियो 23 मई को सुबह 9.45 का है, जो संयोगवश अचानक शूट हुआ है। ये वीडियो राजा के भाई विपिन ने भी देखा है। दैनिक भास्कर से बातचीत में विपिन ने पुष्टि की है कि वीडियो में राजा और सोनम ही हैं।

**लिखा-सोनम ने सफेद शर्ट पहनी थी**

फोटोग्राफर देव सिंह ने वीडियो के साथ सोशल मीडिया पर लिखा- मैं 23 मई 2025 को मेघालय के डबल डेकर रूट ब्रिज गया था और वहां वीडियो रिकॉर्ड किए थे। कल जब मैं अपने वीडियो चेक कर रहा था, तो मुझे इंदौर वाले कपल की रिकॉर्डिंग मिली। ये सुबह करीब 9:45 बजे का समय था, जब हम नीचे जा रहे थे और वह कपल ऊपर की ओर आ रहा था। वे नोंग्रियाट गांव में रात बिताने के बाद वापस जा रहे थे। मुझे लगता है कि यह उस कपल की आखिरी रिकॉर्डिंग है। सोनम ने वही सफेद शर्ट पहनी हुई थी, जो बाद में राजा के पास मिली थी। मुझे उम्मीद है कि यह वीडियो मेघालय पुलिस को पूरे मामले को जोड़ने में मदद करेगा। जब भी मैं वीडियो में राजा को देखता हूं, मुझे उसके लिए बहुत बुरा लगता है। वह बिल्कुल सामान्य दिख रहा था।

**आरोपियों का वीडियो होने की बात भी लिखी**

फोटोग्राफर देव ने ये भी लिखा है- मेरे पास एक और वीडियो है, जिसमें 3 अन्य लोग भी देखे जा सकते हैं। जिन्होंने जोड़े से 20 मिनट पहले यात्रा शुरू की थी और पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया था। आप इसे मेघालय पुलिस तक पहुंचाने के लिए शेयर कर सकते हैं।

# खबरें जरा हटके

## शख्स ने लोगों को अमीर बनाने का खोजा अजीब तरीका, जगह-जगह छुपाता है कैश

***फिर सोशल मीडिया पर देता है जानकारी!***



आज के समय में कंटेंट क्रिएटर्स, कंटेंट बनाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हो जाते हैं. कई बार तो वो ऐसी चीजें कर जाते हैं जिसके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता. अब इस कंटेंट क्रिएटर को ही देखिए, ये जगह-जगह कैश छुपा देता है और उसकी जानकारी सोशल मीडिया पर देता है, उसके बाद जो कोई भी उस कैश को पहली बार उठा लेता है, वो उसे रख सकता है. आज के समय में जहां पैसा कमाना मुश्किल हो गया है, वहीं अमेरिका के न्यू जर्सी में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो सिर्फ थोड़ी मेहनत और किस्मत से सैकड़ों डॉलर कमा रहे हैं. यह सब संभव हुआ है एक रहस्यमय शख्स यानी सैम की वजह से, जो सोशल मीडिया पर अपने अनोखे अभियान से लाखों लोगों का ध्यान खींच रहे हैं. सैम पेशे से एक वेयरहाउस लॉजिस्टिक्स मैनेजर हैं. उन्होंने मार्च 2024 में अपनी गर्लफ्रेंड ट्रिना के साथ मिलकर यह नेक पहल शुरू की. वह न्यू जर्सी के अलग-अलग इलाकों में कैश छुपाते हैं और फिर सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर उसके सुराग देते हैं. जो भी व्यक्ति उस जगह सबसे पहले पहुंचता है, वह छुपाए गए पैसे का हकदार बन जाता है.

**कैसी होती है ये खोज?**

हाल ही में कासी फिट्जगेराल्ड और उनके पति जेम्स को इस अभियान में $500 (करीब 41,000) की रकम मिली, जब उन्होंने न्यू जर्सी के लिबर्टी स्टेट पार्क में एक घंटे की खोज के बाद रेलिंग के नीचे से पैसे खोज निकाले. यह कैश हंट करीब 2 मील लंबे क्षेत्र में आयोजित हुआ था, जिसमें 10 लोगों ने हिस्सा लिया. सैम बताते हैं, "मैं यह सब मजे के लिए करता हूं. लोगों को खुश देखना अच्छा लगता है.

## 'गर्मी बहुत है' तपती दोपहर में बाइक पर दुल्हन के साथ यूं कूलर ले जाता दिखा दूल्हा, लोगों ने लिए मज़े!



उत्तर भारत में कुछ दिनों से अचानक ही गर्मी तेजी से बढ़ी, और लोग बहुत परेशान होने लगे है. हैरानी की बात ये है कि इससे पहले एक दो दिन में एक बार बारिश गर्मी होने नहीं दे रही थी. लेकिन अचानक गर्मी बढ़ने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है. इस गर्मी के मौसम में लोग कूलर एसी का उपयोग ज्यादा करने लगे हैं. इन उपकरणों की बिक्री भी बढ़ गई है. एक वायरल वीडियो में एक दूल्हा दुल्हन बाइक पर जा रहे हैं और साथ में एक कूलर भी ले जा रहे हैं. उन्होंने कूलर बाइक पर अजीब तरह से रखा हुआ है. लोगों ने वीडियो पर बहुत से मज़ेदार कमेंट्स किए हैं. आमतौर पर जब भी कोई भी दो शख्स कूलर टूव्हीलर यानी दो पहिया वाहन पर ले जाते हैं तो एक शख्स आगे बैठता और पीछे वाला शख्स बीच में कूलर रख उसे पकड़ता है. या फिर पीछे वाला शख्स उल्टी दिशा में बैठ कर कूलर पकड़ता है. जिससे वाहन चालक को परेशानी ना हो. लेकिन इस वीडियो में दूल्हा और दुल्हन में से किसी ने भी कूलर को हाथ तक नहीं लगाया है. गर्मी के बढ़ने से इन दिनों कूलर और एसी की खूब चर्चा है. लोग अक्सर दोपहिया वाहनों पर कूलर खरीद कर ले जाते दिखते हैं. लेकिन इस वीडियो में हैरानी की बात ये है कि दूल्हा दुल्हन ही कूलर ले जा रहे हैं. शादी की ड्रेस में दोनों को मोटरसाइकिल पर कूलर लेजाने की क्या जरूरत पड़ गई यह हैरानी की बात लगती है. लेकिन लोगों ने इस वीडियो का बहुत आनंद लिया है. शादी के बाद दुल्हा दुल्हन एक साथ अकेले कभी नहीं दिखते हैं. दुल्हा दुल्हन की विदाई करा कर बरात केसाथ घर लौटता है ऐसे में दोनों को कभी अकेला नहीं छोड़ा जाता है है. घर लौटने के बाद भी लोकल रिसेप्शन के मौके पर भी ऐसा कुछ काम नहीं होता है जिसमें दोनों को मोटरसाइकिल पर ऐसे जाना पड़े. वीडियो के कैप्शन में, "गर्मी बहुत है" लिखा है.

## विज्ञापन के पोस्टर पर दिया अजीब सा ऑफर, पुरानी बीवी के बदले नई देने का किया वादा, लोग रह गए दंग!




सोशल मीडिया पर कई बार लोग मज़ाक भी बहुत अजीब कर जाते हैं. कभी कोई प्रैंक करते समय कुछ और हो जाता है तो कभी सामान्य वीडियो बनाते बनाते भी कुछ अजीब और मज़ेदार हो जाता है. पर कई बार कुछ बातें तो जानबूझ कर करने पर भी बहुत ही अजीब सी लगती हैं. ये सच है कि इस तरह से प्रैंक या मज़ाक कई लोगों को बुरा भी लग सकता है. लेकिन फिर भी लोग बाज़ नहीं आते हैं. एक वायरल वीडियो में एक ऐसा ही विज्ञापन छपा है जिसमें कहा गया है कि पुरानी बीवी दे कर नई ले जा सकते हैं. लेकिन यह असल में ब्यूटी पार्लर का विज्ञापन है. महिलाओं, खास तौर पर पत्नी से पुरुषों के पीड़ित होने वाले बहुत से मज़ाक और चुटकुले बनाए जाते हैं. कई लोगों को यह बुरा भी लगता है. लेकिन फिर भी कॉमेडी के लिए यह एक लोकप्रिय विषय है. इसे विज्ञापन के रूप में दिखाना बहुत अजीब सा लगता है. विज्ञापन में जो दावा किया गया है कि उसके साथ होम सर्विस का भी ऑफर दिया गया है. लेकिन विज्ञापन जिस चीज़ का है, वह आसानी से समझ में नहीं आता है. इसे आकर्षक बनाने की भी कोशिश की गई है. इस पर सबसे ऊपर 2025 का धमाका भी लिखा हुआ है. अगर गौर से देखा जाए तो यह विज्ञापन किसी तरह का मज़ाक नहीं बल्कि एक बाकायदा एक तरह का प्रचार है जिसे लोग कुछ और अर्थों में ले रहे हैं. यह बाकायदा एक ऐसी सर्विस है जिसमें पुरानी पत्नी का हुलिया इतना बदल जाएगा कि वह नई बीवी लगने लगेगी. वीडियो में सबसे पहले धमाका 2025 लिखा है और उसके नीचे अकारम बीवी मेंटिनेंस सर्विस लिखा है. इसके नीचे एक सुंदर महिला की तस्वीर बनी है. जिसके नीचे बड़े बड़े अक्षरों में लिखा है, पुरानी बीवी लायें, नई ले जायें. इसके नीचे लिखा है, होम सर्विस उपलब्ध है.

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

मंगलवार, 17 जून, 2025 

सुविचार: व्यक्ति अगर अपनी निंदा में भी अवसर खोज कर निकल लेता है तो वह कभी नहीं हारता।

# मेडिकल कॉलेजों में काम में तेजी लाने के लिए कार्य योजना तैयार करें : रेवंत रेड्डी

## सीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा की



हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ 34 मेडिकल कॉलेजों के कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए तुरंत एक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी मेडिकल कॉलेजों में बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए एक आधिकारिक समिति गठित करने का भी आदेश दिया। समिति को प्रत्येक कॉलेज का दौरा करना चाहिए और सुविधाओं के विकास, धन की आवश्यकता, कॉलेजों में सभी कार्यों को पूरा करने में तेजी लाने, सरकार से सहायता आदि पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए। सोमवार को रेवंत रेड्डी ने आईसीसीसी में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने तेलंगाना राज्य के मेडिकल कॉलेजों के संबंध में राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) द्वारा उठाए गए कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में भर्ती, शिक्षण कर्मचारियों की पदोन्नति, मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या में वृद्धि, कॉलेजों में चिकित्सा उपकरणों की आवश्यकता और रिक्तियों को भरने से संबंधित सभी मुद्दों पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार तुरंत आवश्यक धनराशि जारी करेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को तुरंत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से धन जारी करने और अनुमति के बारे में सरकार के ध्यान में लाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा और मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों से संपर्क करके इन सभी मुद्दों का समाधान करेगी। जापान में नर्सिंग स्टाफ की भारी मांग को देखते हुए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को नर्सिंग कॉलेजों में जापानी भाषा को वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान सरकार ने तेलंगाना में नर्सिंग छात्रों को जापानी भाषा सिखाने की व्यवस्था करने के लिए पहले ही अपना समर्थन दिया है। रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को अस्पतालों में आने वाले मरीजों, मरीजों को डॉक्टरों की सेवाओं और अस्पतालों के समय पर बारीकी से नजर रखने के लिए ऐप का उपयोग करने के मुद्दे का अध्ययन करने का भी सुझाव दिया।

चिकित्सा सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा के महत्व को देखते हुए मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव रामकृष्ण राव को हर महीने के तीसरे सप्ताह में इन दोनों विंग की समीक्षा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा, मुख्य सचिव रामकृष्ण राव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. शेषाद्रि, मुख्यमंत्री के सचिव माणिक राज, स्वास्थ्य सचिव क्रिस्टीना जेड चोंगथु, स्वास्थ्य निदेशक डॉ. नरेंद्र कुमार व अन्य उपस्थित थे।



आईपीएस तफ़सीर इकबाल ने चारमीनार ज़ोन के पुलिस उप-महानिरीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने सोमवार को पुलिस महानिदेशक, डॉ. जितेंद्र से मुलाकात की।

# महिला से शादी का वादा कर मुंबई के एक व्यक्ति पर रेप का केस

हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। एक महिला ने बेगमपेट पुलिस से संपर्क कर आरोप लगाया कि मुंबई के एक व्यक्ति ने उससे शादी का वादा करके उसके साथ धोखा किया और बलात्कार किया। पुलिस के अनुसार, शहर की 47 वर्षीय महिला की संदिग्ध शशिकांत कक्कड़ (42) से मुलाकात वैवाहिक साइट पर हुई और बाद में फेसबुक पर उनकी दोस्ती हो गई। जनवरी 2023 में, संदिग्ध व्यक्ति पहली बार हैदराबाद आया और एक स्टार होटल में रुका। वहाँ, उसने अपनी शादी की योजना और भविष्य पर चर्चा करने के लिए पीड़िता को कई बार बुलाया। उसने दावा किया कि वह एक संपन्न परिवार से है और उसने महिला से शादी करने का वादा किया। इसके बाद, उसने कई बार उसके साथ बलात्कार किया।

इसके अलावा, पीड़िता की बहन के बैंक खाते का इस्तेमाल करते हुए, संदिग्ध ने पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों से एकत्र किए गए लगभग 25 लाख रुपये शेयर बाजार में निवेश कर दिए। इसके बाद वह मुंबई भाग गया और पीड़िता से बचने लगा। हाल ही में जब उसने उससे शादी के लिए कहा तो वह टालमटोल करने लगा और शादी करने से इनकार कर दिया। जब उस पर दबाव डाला गया तो उसने कथित तौर पर उनकी निजी तस्वीरें और वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी दी। महिला की शिकायत के आधार पर बलात्कार और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है तथा संदिग्ध को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# करीमनगर कलेक्टर की सरकारी अस्पताल में नाक की सर्जरी हुई



करीमनगर, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। जिला कलेक्टर पामेला सत्पथी ने सरकारी अस्पताल में सर्जरी कराने का विकल्प चुनकर अन्य लोक सेवकों के लिए एक मिसाल कायम की है। कलेक्टर को लगातार सिरदर्द, नाक बंद होने, साइनसाइटिस और सांस लेने में कठिनाई की समस्या थी तथा उन्हें ईएनटी विशेषज्ञों द्वारा बताई गई दवाइयां दी जा रही थीं। दीर्घकालिक समाधान की तलाश में, उन्होंने रविवार को जिला मुख्यालय स्थित सरकारी अस्पताल में एंडोस्कोपिक नाक की सर्जरी और सेप्टो प्लास्टी कराई। अस्पताल अधीक्षक डॉ. जी उदय वीरा रेड्डी के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की। सर्जिकल टीम में ईएनटी सर्जन डॉ. एल रविकांत, डॉ. संदीप, डॉ. मधुमिता, एनेस्थेटिस्ट डॉ. शांतन कुमार और अन्य मेडिकल स्टाफ शामिल थे।

# तेलंगाना में सभी कौशल नीतियों को लागू किया जाएगा : जयंत चौधरी

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता व नौकरी मेला आयोजित



हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। युवाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार के कौशल भारत मिशन के हिस्से के रूप में, सोमवार को हैदराबाद के बशीरबाग स्थित लॉ कॉलेज में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला (पीएमएनएएम) और नौकरी मेला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के महत्व पर जोर दिया, जो शिक्षा और कौशल विकास के लिए 360-डिग्री दृष्टिकोण की कल्पना करती है। आज, हमारे युवाओं के लिए अवसरों की एक दुनिया मौजूद है, उन्होंने युवाओं को लगातार अपने भीतर देखने, खुद को बेहतर बनाने और कार्यबल की उभरती मांगों के साथ तालमेल रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री ने तेलंगाना में कौशल संबंधी सभी नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई, यह सुनिश्चित करते हुए कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों सहित हर क्षेत्र तक पहुंचें। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पहल समाज के सभी वर्गों के लिए समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाले सामाजिक न्याय के मंत्र के अनुरूप है।

श्री चौधरी ने कहा, यह कार्यक्रम कौशल विकास में समानता, समावेशिता और सुलभ अवसरों को बढ़ावा देकर प्रत्येक युवा नागरिक को सशक्त बनाने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है। जॉब फेयर में प्रमुख उद्योग नेताओं और स्थानीय उद्यमों सहित 80-100 से अधिक कंपनियों की उत्साही भागीदारी देखी गई। 25 से अधिक कंपनियों ने विभिन्न ट्रेडों और क्षेत्रों में प्रशिक्षुता के अवसर प्रदान किए, जिससे उम्मीदवारों को सीखने के साथ-साथ कमाई का मौका मिला। युवाओं और नियोक्ताओं को मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न कौशल क्षेत्र परिषदों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। प्रशिक्षुता के अवसरों के अलावा, कार्यक्रम स्थल पर एक ऋण मेला भी आयोजित किया गया, जिसमें बैंकों और निजी वित्त कंपनियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने स्वरोजगार, शिक्षा ऋण, स्टार्ट-अप सहायता और अन्य वित्तीय सेवाओं से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी और सहायता प्रदान की- जिससे युवा सशक्तीकरण के लिए वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म तैयार हुआ। इस कार्यक्रम में हैदराबाद और पड़ोसी जिलों के सैकड़ों उम्मीदवारों ने भाग लिया। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) द्वारा आयोजित, प्रशिक्षुता मेला और नौकरी मेला जागरूकता बढ़ाने, उद्योग साझेदारी को मजबूत करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप एक कुशल, आत्मनिर्भर कार्यबल बनाने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करता है।

# युवा वैज्ञानिकों ने आईआईटी-हैदराबाद में एनवाईए नेटवर्क किया लॉन्च



संगारेड्डी, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-हैदराबाद (आईआईटी-एच) में 60 देशों के 200 से अधिक युवा वैज्ञानिक प्रतिनिधियों का एक सप्ताह का सम्मेलन उत्साहपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें वैज्ञानिक सहयोग के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने की सामूहिक प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। अंतिम दिन, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के बारह राष्ट्रीय युवा अकादमियों (एनवाईए) के प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय समन्वय को मजबूत करने, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने तथा विज्ञान कूटनीति, क्षमता निर्माण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए बैठक की। विचार-विमर्श का समापन ऐतिहासिक हैदराबाद घोषणापत्र में हुआ, जिसमें एशिया-प्रशांत युवा अकादमियों (एनएवाईए) के नेटवर्क का शुभारंभ किया गया - जो अपनी तरह का पहला क्षेत्रीय सहयोगी मंच है, जिसका उद्देश्य प्रारंभिक और मध्य-कैरियर शोधकर्ताओं को जोड़ना, समर्थन देना और उनका मार्गदर्शन करना है।

भारतीय राष्ट्रीय युवा विज्ञान अकादमी (आईएनवाईएएस) की अगुवाई में इस पहल को भाग लेने वाली अकादमियों से सर्वसम्मति से समर्थन प्राप्त हुआ, जिनमें शामिल हैं: नेपाल की राष्ट्रीय युवा अकादमी (एनएवाईएएन), युवा वैज्ञानिक नेटवर्क (वाईएसएन-एएसएम) मलेशिया, वियतनाम युवा अकादमी, श्रीलंकाई युवा वैज्ञानिक अकादमी (एसएलएवाईएस), रॉयल सोसाइटी ऑफ न्यूजीलैंड ईसीआर फोरम, हांगकांग युवा विज्ञान अकादमी, थाई युवा वैज्ञानिक अकादमी (टीवाईएसए), जापान की युवा अकादमी, ऑस्ट्रेलियाई ईएमसीआर फोरम, विश्व युवा वैज्ञानिक संघ (डब्ल्यूएवाईएस), चीन और वैश्विक युवा अकादमी (जीवाईए)।=

आईआईटी-हैदराबाद के निदेशक प्रोफेसर बीएस मूर्ति ने कहा कि इस कार्यक्रम ने दुनिया भर के प्रतिभाशाली लोगों को एक साथ लाया है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक संवाद को बल मिला है और एक स्थायी भविष्य के लिए नवाचार को बढ़ावा देने के लिए युवा शोधकर्ताओं को सशक्त बनाने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई है।

ग्लोबल यंग एकेडमी के तत्काल पूर्व सह-अध्यक्ष और आईएनवाईएएस के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर चंद्र शेखर शर्मा ने कहा कि एनवाईए घोषणापत्र एशिया-प्रशांत क्षेत्र में युवा वैज्ञानिकों के बीच निर्बाध समन्वय को सक्षम करेगा और व्यापक सामाजिक प्रभाव पैदा करेगा। उन्होंने नेटवर्क को वास्तविकता बनाने में निरंतर समर्थन के लिए अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद का भी आभार व्यक्त किया। ग्लोबल यंग अकादमी की वार्षिक आम सभा की बैठक, भारत में पहली बार आयोजित की गई, जो 8 से 14 जून तक आईआईटी-एच में आयोजित की गई।

# केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने गांधी अस्पताल का निरीक्षण किया



हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने आज गांधी अस्पताल का निरीक्षण किया और अस्पताल अधीक्षक और अन्य चिकित्सा कर्मचारियों से अस्पताल परिसर और इमारत के प्रत्येक विभाग से संबंधित विवरण की जानकारी ली। उन्होंने कोविड महामारी के दौरान शुरू किए गए ऑक्सीजन प्लांट का भी दौरा किया। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से अस्पताल की इमारतों और उनके रखरखाव का निरीक्षण किया और सुझाव दिया कि अस्पताल में ड्रेन सिस्टम को बेहतर बनाया जाए। बाद में, उन्होंने अस्पताल में रखरखाव और रिक्तियों की संख्या के बारे में भी जानकारी ली? उन्होंने डॉक्टरों की कमी और अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टरों की संख्या के बारे में जानकारी ली? उन्होंने पूछा कि वर्तमान में कौन सी सर्जरी की जा रही है और अस्पताल में कौन सी सर्जरी उपलब्ध हैं? उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत किए जा रहे मेडिकल टेस्ट और आयुष्मान भारत योजना के तहत पदों की संख्या के बारे में पूछा? इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी ली और अस्पताल के अधीक्षक से अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

# केटीआर ने कांग्रेस की विफलताओं को उजागर करना जारी रखने की खाई कसम

हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। फॉर्मूला-ई रेस मामले में पूछताछ के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के समक्ष पेश होने से कुछ घंटे पहले, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि वह विपक्षी आवाजों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर राजनीतिक प्रतिशोध में लिप्त है। उन्होंने जोर देकर कहा कि न तो वह और न ही भारत राष्ट्र समिति जांच, आयोग या राजनीतिक प्रतिशोध से भयभीत होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री को सीधे चुनौती देते हुए कहा, रेवंत रेड्डी , आप चाहे जितनी भी साजिशें रच लें , हम पीछे नहीं हटेंगे।

रामा राव ने कहा कि कांग्रेस 420 वादों और घोषणाओं के साथ लोगों को धोखा दे रही है। उन्होंने कहा कि बीआरएस 420 वादों, भ्रामक घोषणाओं और छह गारंटियों के खोखलेपन को उजागर करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा, 'जब तक इन झूठे वादों के पीछे की सच्चाई सामने नहीं आ जाती, बीआरएस चैन से नहीं बैठेगी। रेवंत, इसे सामने लाओ।' बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष को उनके खिलाफ दर्ज फॉर्मूला-ई रेस मामले के सिलसिले में सोमवार को सुबह 10 बजे जुबली हिल्स में एसीबी के समक्ष पेश होना है । वे पहले ही तेलंगाना भवन स्थित पार्टी मुख्यालय पहुंच चुके हैं और तय कार्यक्रम के अनुसार एसीबी कार्यालय पहुंचने वाले हैं। बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता एकजुटता दिखाने के लिए तेलंगाना भवन पहुंचे हैं।

एसीबी ने इससे पहले 26 मई को रामा राव को नोटिस जारी कर उन्हें 28 मई को पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था। लेकिन ब्रिटेन और अमेरिका की उनकी पूर्व निर्धारित यात्रा के मद्देनजर उनके अनुरोध पर इसे स्थगित कर दिया गया था।

एसीबी ने फॉर्मूला-ई रेस मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों के आधार पर रामा राव और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया। समन मिलने पर बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष इस साल जनवरी में दो बार अधिकारियों के सामने पेश हुए। वह 16 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय के सामने भी पेश हुए।

# वक्ति श्रीहरि ने पशुपालन एवं खेल मंत्री का कार्यभार संभाला



हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना मंत्रिमंडल के नवनियुक्त सदस्य वक्ति श्रीहरि ने सोमवार को सचिवालय में पशुपालन एवं खेल मंत्री का कार्यभार संभाला। सुबह सचिवालय पहुंचने पर श्रीहरि का पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने औपचारिक रूप से अपनी जिम्मेदारियां संभालने से पहले अपने कक्ष में विशेष पूजा-अर्चना की। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, पर्यटन मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव और परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने श्रीहरि को बधाई और शुभकामनाएं दीं। वक्ति श्रीहरि ने 8 जून, 2025 को विवेक वेंकटस्वामी और अदलुरी लक्ष्मण के साथ मंत्री पद की शपथ ली। उनके पोर्टफोलियो में पशुपालन, डेयरी विकास और मत्स्य पालन के साथ-साथ खेल और युवा सेवाएं विभाग शामिल हैं।

# खैरताबाद गणेश में इस साल 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम पर बनेगी मूर्ति

हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। प्रत्येक विनायक चतुर्थी उत्सव पर, 60 से 70 फीट ऊंचे खैरताबाद गणेश की विशेष रूप से स्थापना की जाती है। मूर्ति स्थापित करने की शुरुआत 1954 में एक फुट की मूर्ति के साथ हुई थी। पिछले कई सालों से, खैरताबाद गणेश पंडाल ने पैमाने और लोकप्रियता के मामले में सबसे अनोखी मूर्ति रखने का प्रयास किया है। यह मूर्ति, जिसे हर वर्ष काफी ध्यान मिलता है, अलग-अलग थीम पर आधारित होकर श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। इस वर्ष यह ऑपरेशन सिंदूर है।

श्री विश्वशांति महाशक्ति गणपति थीम पर भगवान गणेश भक्तों को आशीर्वाद देते हुए दिखाई देते हैं, जो पूरे देश में शांति बहाल करने के लिए उनके दिव्य हस्तक्षेप का प्रतीक है। मूर्ति निर्माता सी राजेंद्रन, जो पिछले 47 वर्षों से समिति से जुड़े हुए हैं, ने बताया, 'सबसे ऊंची मूर्ति तैयार करने में चार महीने लगते हैं, जो एक छोटे से पुल को बनाने में लगने वाले समय के बराबर है। चार राज्यों- तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और ओडिशा से 150 से अधिक कुशल कारीगर खैरताबाद आ रहे हैं और प्रतिष्ठित गणेश मूर्ति के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं।'

उन्होंने कहा, 'हम प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) का इस्तेमाल कर रहे हैं क्योंकि यह एक समृद्ध रूप और बढ़िया फिनिशिंग देता है। अब हम गुजरात राज्य से लाई गई मिट्टी से मूर्ति बना रहे हैं। इस साल पहले ही मिट्टी के 1,000 बैग (प्रत्येक बैग का वजन 35 किलोग्राम) का ऑर्डर दिया जा चुका है। इसके अलावा, हम मचान के लिए 20 टन लोहे का इस्तेमाल कर रहे हैं और धान की भूसी के पाउडर, लोहे की जाली और पानी के रंगों जैसी अन्य सामग्री का भी इस्तेमाल कर रहे हैं।' खैरताबाद गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष एस राज कुमार ने बताया, 'विशाल गणेश मूर्ति एक महत्वपूर्ण आकर्षण बन गई है, जो भक्तों और आगंतुकों का ध्यान और प्रशंसा आकर्षित कर रही है।' गणेश की यह मूर्ति देश की सबसे महंगी मूर्ति होगी। राज कुमार ने बताया कि हर साल समिति मूर्ति बनाने पर 1 से 1.5 करोड़ रुपए खर्च करती है, जो पूरी तरह से भक्तों के चढ़ावे पर निर्भर करता है। हर साल, सामग्री का खर्च तेजी से बढ़ता जा रहा है, लेकिन समिति इसे खर्च करने को तैयार है। 10 दिनों तक चलने वाले गणेश चतुर्थी के दौरान लगभग 10 से 15 लाख भक्त पंडाल में आते हैं और आशीर्वाद लेते हैं। गणेश उत्सव समिति के एक सदस्य ने बताया कि इस वर्ष उत्सव समिति सबसे ऊंची गणेश मूर्ति के अनावरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आमंत्रित करने की भी योजना बना रही है।

सभी के दिलों में अमिट छाप छोड़ने वाले दबाव प्रसिद्ध पहलवान गिरधारी लाल यादव की

प्रेम भरी यादें

हैदराबाद नगर के प्रसिद्ध पहलवान स्व. गिरधारीलाल यादव सुपुत्र चिन्तामन उस्ताद, बेगम बाजार 16 जून, वर्ष 1980 को हमसे बिछड़ गये। जिसको आज 45 वर्ष बीत चुके हैं, परन्तु उनकी याद हमारे दिलों में अभी तक ताजा है। इनका जन्म 1954 को बेगम बाजार, हैदराबाद में हुआ था। इनकी गिनती हैदराबाद के प्रसिद्ध गिने चुने पहलवानों में होती थी। बेगमबाजार बैदरवाड़ी में दोनों समुदायों में 1979 में विवाद हो गया। इस विवाद को सुलझाने में गिरधारी लाल यादव पहलवान ने अहम भूमिका निभाई। हिन्दू और मुसलमान दोनों ही उनको दिल से चाहते थे। इसी आधार पर जनाब सालारे मिल्लत, पूर्व सांसद सुल्तान सलाउद्दीन ओवैसी तथा कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गिरधारी लाल यादव पहलवान को वर्ष 1979 को यूनिटी अवार्ड से सम्मानित किया था।

इन्होंने भारत भर में अपनी जीत का परचम लहराया। इनमें कुछ इस प्रकार है-

1.1971- अहमद सादी पहलवान हैदराबाद को पराजित किया।
2.1972- युवराज पाटिल पहलवान कोल्हापुर, महाराष्ट्र को हराया।
3.1973- मूल स्वामी पहलवान विजयवाड़ा और पुलिस सेवा के सत्तार पहलवाना को चित्त किया। अप्पासाहेब पहलवान से संगेश्वर बेंगलुरू में बराबरी पर कुश्ती हुई।
4.1974-सिंगरेणी केसरी कोत्तागुडेम में रफा पहलवान को हराया।
5.1975-विजयवाड़ा में गोविंद सिंह पहलवान, चिटप्पा पहलवना, गुडप्पा पहलवान को पराजित किया।
6.1976-आंध्रा में 90 किलोग्राम वर्ग गिरधारी लाल पहलवान चैम्पियन रहे।
7.1977-29 मई 1977 को एलबी स्टेडियम में बारकस के पहलवान मकबूल को हराया।
8.1977 में प्रसिद्ध तेलुगू फिल्म दानवीर सूर्यकर्ण में गिरधारी लाल यादव पहलवान ने अभियन किया।
9.1978 में कर्नाटक में कृष्णा पहलवान और ज्ञानदेव पहलवान को सांगली में धूल चटाया।
10.1979- हिन्द केसरी में पहलवान जगदीश मित्तल से शिकस्त मिली।
11.1980-5 जून 1980 में मोहनलाल यादव पहलवान उस्मानशाही को हराया।
12.1980-16 जून को गिरधारीलाल यादव पहलवान का निधन हो गया।



ओमप्रकाश श्रीमाली
अशोक पंडित जी
पहलवान रसूल हनीफ
कोल्हापुर, महाराष्ट्र
प्रकाश चंद लड्डा
जयप्रकाश धूत
शाकिर पहलवान
रईस भाई
राजू भाई महाराजा

# 'डॉन 3' से बाहर हुईं कियारा आडवाणी कृति सेनन की एंट्री



रणवीर सिंह की फिल्म 'डॉन 3' में कियारा आडवाणी के बाहर होने के बाद अब कृति सेनन के शामिल होने की चर्चा जोरों पर है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें लेडी डॉन कहकर बुलाया जा रहा है।

### क्या डॉन 3 में निभाएंगी किरदार

एक खबर के मुताबिक, कियारा आडवाणी ने प्रेग्नेंसी की वजह से फिल्म 'डॉन 3' छोड़ दी है। अब सोशल मीडिया पर कृति सेनन को 'लेडी डॉन' कहे जाने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें पैपराजी कृति की तस्वीरें लेते हुए उन्हें 'लेडी डॉन' कहकर बुलाते हैं, जिस पर कृति मुस्कुरा देती हैं। इस रिएक्शन ने फैंस को यकीन दिलाया कि कृति फिल्म में हो सकती हैं।

### फरहान के घर पर गई थीं कृति

इस साल मई में कृति को फरहान अख्तर के मुंबई ऑफिस के बाहर देखा गया था, जिससे अफवाहों को और हवा मिली। हालांकि, अभी तक फिल्ममेकर्स की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि क्या कृति वाकई 'डॉन 3' में 'लेडी डॉन' का किरदार निभाएंगी।



# तृषा कृष्णन और विजय सेतुपति की 96 का आएगा सीक्वल, स्क्रिप्ट-शूटिंग को लेकर आई जानकारी




साल 2018 में रिलीज हुई साउथ फिल्म 96 का अब भाग 2 आने वाला है। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म में तृषा कृष्णन और विजय सेतुपति ने अहम भूमिका निभाई थी। अब इसके सीक्वल को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है।

### फिल्म 96 को लेकर आई नई अपडेट


एक खबर के मुताबिक, विजय सेतुपति और तृषा की प्रसिद्ध रोमांटिक फिल्म 96 का सीक्वल बनाया जा रहा है। निर्देशक प्रेम कुमार ने बताया कि सीक्वल की स्क्रिप्ट तैयार हो चुकी है और जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। पहली फिल्म अपनी भावनात्मक कहानी के लिए बहुत पसंद की गई थी। प्रशंसक राम और जानू की कहानी का अगला हिस्सा देखने के लिए उत्साहित हैं।

### फिल्म 96

फिल्म 96, 2018 में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन सी. प्रेम कुमार ने किया है। मद्रास एंटरप्राइजेज के एस. नंथगोपाल द्वारा निर्मित, फिल्म को ललित कुमार ने अपने बैनर सेवन स्क्रीन स्टूडियो के तहत वितरित किया था। इस फिल्म में विजय सेतुपति और तृषा कृष्णन ने राम और जानू के रूप में प्रमुख भूमिकाएं निभाई थीं। तृषा और विजय के अलावा फिल्म में गौरी जी किशन, आदित्य भास्कर, भगवती पेरुमल, देवदर्शिनी, आदुकलम मुरुगादॉस ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फिल्म 1996 बैच के पूर्व छात्रों के स्नातक होने के बाईस साल बाद पुनर्मिलन के इर्द-गिर्द घूमती है।

# उर्फी जावेद को लेकर अपूर्वा ने किया ऐसा खुलासा कि सुन दंग रह जाएंगे आप





इस वक्त करण जौहर का रियलटी शो द ट्रेटर्स चर्चा में बना हुआ है। शो के दौरान ही दो कंटेस्टेंट इंफ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा और उर्फी जावेद के बीच तीखी बहस हो गई थी।

इससे दोनों के बीच तनाव इतना बढ़ गया कि ऑफ कैमरा पर भी इनकी बहस हुई, जिसका जिक्र अपूर्वा ने अपने व्लॉग में किया है। साथ ही उन्होंने उर्फी पर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या है।

### अपूर्वा ने क्या कहा?

रविवार को इंफ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो के माध्यम से बताया कि उर्फी ने शो के बाद भी अन्य कंटेस्टेंट के सामने उनका अपमान किया था, जिससे वह रोने लगी थी। उन्होंने बताया कि 'द ट्रेटर्स' में शामिल होने से पहले, उर्फी की अपनी मां से लड़ाई हुई थी और उन्हें शो के दौरान घर पर तीन फोन कॉल करने की इजाजत थी।

हालांकि, जब उन्होंने घर पर कॉल करने का अनुरोध किया, तो शो के मेकर्स ने इससे इनकार कर दिया, जिससे वह इमोशनल हो गईं। इसके बाद जन्नत जुबैर ने उर्फी को सांत्वना दी, वहीं अपूर्वा ने इस पूरी बात को प्राइवेट रखने को कहा।

इसपर ऊर्फी ने उनसे सवाल किया, तो अपूर्वा ने कहा, 'सब कुछ तुम्हारे बारे में नहीं है, ऊर्फी।'

### आपत्तिजनक शब्दों का किया इस्तेमाल

वीडियो में आगे अपूर्वा मुखीजा ने बताया कि शो के बाद उर्फी ने उन्हें आपत्तिजनक शब्दों के जरिए अपने पास बुलाया। इसके बावजूद इंफ्लुएंसर ने आराम से जवाब दिया। हालांकि, इसके बाद उर्फी जावेद ने कहा, 'तुम्हें पता है तुम किससे बात कर रही हो? मैं तुम्हारे लेवल से बहुत ऊपर हूं, तुम्हारी औकात नहीं है मुझसे बात करने की।'

### 'द ट्रेटर्स' शो के बारे में

'द ट्रेटर्स' एक थ्रिलर बेस्ड रियलिटी शो है जिसे करण जौहर होस्ट कर रहे हैं। इस शो में 20 कंटेस्टेंट्स को दो ग्रुप्स में बांटा गया है- 'ट्रेटर्स' और 'फेथफुल'। शो एक तरह की मर्डर मिस्ट्री है जिसमें भरोसे और धोखे का खेल चलता है। 12 जून को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुए इस शो में उर्फी जावेद, अपूर्वा मुखिजा, अंशुला कपूर और रफ्तार जैसे चर्चित नाम शामिल हैं।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा की कौन सी खूबी कॉपी करना चाहती हैं रश्मिका? किया खुलासा




अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म 'कुबेर' को लेकर चर्चा में है। यह फिल्म इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें वे एक्टर धनुष और नागार्जुन के साथ नजर आएंगी। हाल ही में एक भव्य इवेंट में फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ, जिसमें रश्मिका भी उपस्थित रहीं। इस दौरान उन्होंने कई दिलचस्प बातें शेयर की हैं। अभिनेत्री से उनके कथित बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा को लेकर भी सवाल किया गया।

### अफेयर की खबरों पर चुप्पी साधे हैं विजय और रश्मिका

ट्रेलर लॉन्च इवेंट में रश्मिका से विजय देवरकोंडा को लेकर एक सवाल ऐसा पूछा गया कि उनके जवाब ने हर किसी का ध्यान खींच लिया। रश्मिका और विजय के कथित अफेयर की खबरें आए दिन सुर्खियों में रहती हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों ने अभी तक ऐसी खबरों पर चुप्पी साधी हुई है, जिससे लोग और भी ज्यादा कयास लगाते हैं।

### इवेंट में रश्मिका से किया गया सवाल

हाल ही में फिल्म 'कुबेर' के प्री-रिलीज इवेंट में रश्मिका को अलग-अलग अभिनेताओं के नाम दिए गए और उनसे पूछा गया कि वे उनमें से हर एक्टर की कौन-सी खूबियां कॉपी करना चाहेंगी? इनमें धनुष, नागार्जुन अक्किनेनी और रश्मिका के 'पुष्पा 2' के को-एक्टर अल्लू अर्जुन जैसे नाम शामिल थे।

### विजय की हर खूबी अपनाना चाहती हैं

इसी इवेंट में रश्मिका से यह भी पूछा गया कि वे विजय देवरकोंडा से कौन सी खूबियां कॉपी करना चाहेंगी? जवाब में, अभिनेत्री ने कहा, 'सब कुछ, सब कुछ ले लो'। रश्मिका के इस जवाब ने सभी का ध्यान खींचा। वे विजय देवरकोंडा की हर खूबी अपनाना चाहती हैं।

### कब रिलीज होगी 'कुबेर'?

इससे कुछ वक्त पहले फिल्मफेयर के साथ एक इंटरव्यू में जब विजय देवरकोंडा से पूछा गया कि वे अपनी होने वाली पत्नी में क्या खूबियां चाहते हैं। इस पर एक्टर ने जवाब दिया था कि वे फिलहाल जीवनसाथी की तलाश में नहीं हैं। बात करें फिल्म 'कुबेर' की तो यह 20 जून को रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन शेखर कम्मुला ने किया है।

# प्लेन क्रैश के बाद से फिल्ममेकर हुए लापता परिवार ने मारे जाने की जताई आशंका

अहमदाबाद में हुए भयावह प्लेन क्रैश के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। इस विमान हादसे में 241 लोगों की जान चली गई और सिर्फ एक व्यक्ति जीवित बच पाया है। मृतकों की पहचान अब डीएनए परीक्षण के जरिए की जा रही है। इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। फिल्ममेकर महेश कलावड़िया उर्फ महेश जीरावाला हादसे के दिन से लापता हैं और उनकी आखिरी मोबाइल लोकेशन दुर्घटनास्थल से मात्र 700 मीटर की दूरी पर मिली है।

### परिवार ने जताई आशंका

नरोदा निवासी महेश कलावड़िया के परिवार की बेचैनी बढ़ गई है। उनकी पत्नी हेतल ने बताया कि हादसे वाले दिन यानी गुरुवार को महेश दोपहर 1:14 बजे उन्हें फोन कर घर लौटने की बात कह रहे थे। लेकिन इसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और वह घर नहीं पहुंचे। जब परिजन चिंतित होकर पुलिस के पास पहुंचे, तो मोबाइल की आखिरी लोकेशन ने चौंका दिया—वह लोकेशन उसी क्षेत्र के पास मिली जहां विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। पैपराजी पेज ताहिर जासूस ने इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है



### महेश की लास्ट लोकेशन

जब महेश की कोई खबर नहीं मिली, तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मोबाइल ट्रैकिंग से जो लोकेशन सामने आई, उसने सभी को चौंका दिया। महेश की अंतिम लोकेशन हादसे की साइट से सिर्फ 700 मीटर दूर पाई गई। उनका स्कूटर और फोन भी गायब है, जिससे आशंका और गहरा गई है।

### महेश की पत्नी ने क्या कहा?

महेश की पत्नी का कहना है कि वो आमतौर पर उस रास्ते से घर नहीं आते थे। यह पूरी घटना बेहद असामान्य है। ऐसे में परिजनों ने डीएनए जांच के लिए सैंपल जमा करा दिए हैं ताकि ये साफ हो सके कि कहीं वह भी इस भयावह दुर्घटना का शिकार तो नहीं हुए।

गौरतलब है कि गुरुवार दोपहर 1:39 बजे एयर इंडिया की फ्लाइट ने सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही मिनटों बाद वो मेघाणीनगर के एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस विमान में कुल 242 लोग सवार थे, जिनमें से 241 की मौत हो गई। हादसे में स्थानीय स्तर पर भी कई लोगों की जान गई, जिनमें मेडिकल कॉलेज के पांच छात्र शामिल थे।

### शवों की पहचान कर पाना मुश्किल

अब तक अधिकारियों ने 47 शवों की डीएनए के जरिए पहचान कर ली है और 24 शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। बाकी की पहचान प्रक्रिया जारी है, क्योंकि ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह जल चुके हैं कि पहचान करना लगभग असंभव है। फिल्ममेकर महेश कलावड़िया का अचानक यूं लापता हो जाना और उनकी अंतिम लोकेशन का दुर्घटनास्थल के इतने करीब होना, कई सवाल खड़े कर रहा है।

# 'लव यू मोस्ट', बॉबी देओल ने बेटे आर्यमन को जन्मदिन की दीं शुभकामनाएं, ताऊ सनी का रिएक्शन हुआ वायरल

आज बॉबी देओल के बेटे आर्यमन देओल का 24वां जन्मदिन हैं। इस खास दिन पर बॉबी ने अपने बेटे के साथ एक प्यारी तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की और साथ एक भावुक नोट भी लिखा। वहीं आर्यमन के ताऊ सनी देओल के अलावा कई सेलेब्स ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।

### बॉबी का पोस्ट

बॉबी देओल ने अपने बेटे आर्यमन देओल का 24वां जन्मदिन इंस्टाग्राम पर एक प्यारी तस्वीर और भावुक संदेश के साथ मनाया। तस्वीर में दोनों धूप में मस्ती करते दिख रहे हैं, कैजुअल कपड़ों में स्टाइलिश नजर आ रहे हैं। बॉबी ने लिखा, 'अरे मेरे आर्यमन जन्मदिन मुबारक हो। आपसे बहुत प्यार करता हूं।'



बॉबी की इस पोस्ट के बाद कई सितारों ने आर्यमन को जन्मदिन की बधाई दी है। आर्यमन के ताऊ और एक्टर सनी देओल ने लिखा, जन्मदिन मुबारक बेटा और साथ ही सनी ने लाल दिल वाले इमोजी शेयर किए। वहीं चंकी पांडे ने लिखा, 'जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं', अर्जुन रामपाल ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो हैंडसम', ट्विंकल खन्ना ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक', सिद्धांत कपूर ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो दोस्त! आप धन्य हैं'। इन सभी सेलेब्स के अलावा हुमा कुरैशी और राहुल देव ने भी आर्यमन को जन्मदिन पर प्यार भेजा।

### बॉबी का करियर

बॉबी हमेशा से पारिवारिक व्यक्ति रहे हैं और अपने बेटों को अपनी सबसे बड़ी खुशी मानते हैं। आर्यमन ज्यादातर लाइमलाइट से दूर रहते हैं, लेकिन ऐसी तस्वीरें बॉबी के सादे और प्यार भरे पारिवारिक जीवन की झलक दिखाती हैं। काम की बात करें तो, बॉबी देओल 'आश्रम' और 'एनिमल' जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय के साथ कमबैक कर चुके हैं। उनकी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस ने फैंस और क्रिटिक्स का दिल जीता है।

# महंगे तलाक और कर्ज में फंस गए थे 'हाउसफुल 5' के निर्देशक, दूसरी फिल्म बनाने में लगा वक्त

फिल्म 'हाउसफुल 5' के निर्देशक तरुण मनसुखानी ने अपने निर्देशन करियर की शुरूआत फिल्म 'दोस्ताना' (2008) से की थी। फिल्म में जॉन अब्राहम, प्रियंका चोपड़ा और अभिषेक बच्चन थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। उम्मीद की जा रही थी कि तरुण जल्द ही दूसरी फिल्म बनाएंगे। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने लंबे ब्रेक के बाद दूसरी फिल्म साल 2019 में 'ड्राइव' का निर्देशन किया। हाल ही में जस्ट टू फिल्मी से बातचीत में तरुण ने बताया कि उन्होंने दूसरी फिल्म को बनाने में इतना लंबा गैप क्यों लिया। आइए जानते हैं।

### दूसरी फिल्म बनाने में काफी गैप रहा

बातचीत में तरुण ने बताया 'जिंदगी में बहुत कुछ हुआ। मेरा तलाक हो गया। इससे मुझे बहुत




बेचैनी हुई। यह बहुत महंगा था, जिंदगी में कई और मोड़ भी आए। मैं ऐसी हालत में नहीं था कि फिल्म बना सकूं। कुछ वक्त बाद मैंने पाया कि मैं कर्ज में हूं। मुझे पहले इससे बाहर आना था। मैं फिल्म इसलिए नहीं बनाना चाहता था कि इससे मुझे पैसा मिलेगा और मैं अपना कर्ज उतारूंगा। अगर मैं ऐसा करता तो मुझे लगता कि मैं गलत कर रहा हूं।'

### शादी के नौ साल बाद तलाक

उन्होंने आगे कहा 'अगर मैं पैसों के लिए फिल्म बनाता तो मुझे लगता कि मैं डर से फिल्म बना रहा हूं। मैं सेट पर मजे से काम नहीं कर पाता। अगर ऐसा होता तो काम करने का क्या फायदा था? मैंने कर्ज को उतारने के लिए जिंदगी में बहुत कुछ किया। कर्ज उतर गया, सब कुछ साफ हो गया, इसके बाद मैंने दूसरी फिल्म पर काम करना शुरू किया।'

तरुण मनसुखानी ने तरुणा नाम की महिला से शादी की थी। शादी के नौ साल के बाद 2014 में उनका तलाक हो गया।

### 'हाउसफुल 5' के बारे में

बहरहाल तरुण मनसुखानी ने हाल ही में 'हाउसफुल 5' का निर्देशन किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चल रही है। लेकिन जैसे-जैसे दिन बढ़ रहे हैं फिल्म की कमाई में गिरावट आ रही है।

फिल्म ने पिछले 10 दिनों में 154.25 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। फिल्म का बजट 225 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। ऐसे में फिल्म को हिट होने के लिए अभी थोड़ा वक्त चाहिए। फिल्म में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख और नरगिस फाखरी के अलावा कई दूसरे कलाकार भी हैं।

# तृप्ति डिमरी की 'लव स्टोरी' पर लगा ब्रेक फहाद के साथ जोड़ी बनने में लंबा इंतजार

हीरोइन नंबर वन बनने को बेकरार अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार फहाद फासिल के साथ प्रस्तावित निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म अनिश्चतकाल के लिए स्थगित हो गई है। ये फिल्म रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ बनी इम्तियाज की साझा कंपनी विंडो सीट फिल्म्स के बैनर तले बननी है, लेकिन रिलायंस के सूत्र बताते हैं कि इस फिल्म के लिए अभी तक बजट मंजूर नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक फहाद फासिल ने भी फिल्म के लिए आवंटित तारीखें अब दूसरी फिल्मों को दे दी हैं।

फिल्म 'एनिमल' में दिए नग्न दृश्यों और फिल्म में मिले उपनाम भाभी 2 को लेकर सोशल मीडिया पर खूब ट्रेंडिंग रहीं अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का करियर इन दिनों नई उड़ान पर है।

हालांकि, इस फिल्म के बाद आई उनकी दो फिल्में 'बैड न्यूज' और 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' फ्लॉप रहीं लेकिन फिल्म 'भूल भुलैया 3' ने उनकी पोजीशन फिर संभाल ली है। इस फिल्म के बाद से ही तृप्ति की मांग काफी बढ़ चुकी है।

इस साल की उनकी पहली फिल्म 'धड़क 2' अब जल्द रिलीज होने वाली है। तृप्ति डिमरी की इस साल की पहली फिल्म की रिलीज जैसे जैसे



करीब आती जा रही है, उनको अपनी फिल्मों में लेने वाले निर्माता-निर्देशकों की सांसें तेज होती जा रही है। 1 अगस्त को रिलीज होने जा रही तृप्ति की फिल्म 'धड़क 2' में उनके हीरो सिद्धांत चतुर्वेदी की सिनेमाघरों में सोलो लीड वाली ये दूसरी फिल्म होगी। सिद्धांत का जैसा हाल बॉक्स ऑफिस पर रहा है, उससे खुद तृप्ति की भी रातों की नींद उड़ी हुई है।

गौरतलब है कि सिद्धांत की पिछली फिल्म 'युधरा' रिलीज के पहले दिन ही फ्लॉप घोषित हो गई थी। इस बीच तृप्ति डिमरी हाल ही में दीपिका पादुकोण द्वारा छोड़ी गई फिल्म 'स्पिरिट' के लिए अभिनेता प्रभास के साथ साइन होने के बाद से सुर्खियों में हैं।

दीपिका ने ये फिल्म काम के घंटे तय न होने के चलते छोड़ी है। तृप्ति के पास 'स्पिरिट' के ही निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल पार्क' भी है जिसमें वह फिल्म 'एनिमल' का अपना किरदार आगे बढ़ाती नजर आएंगी।

इतनी उथल पुथल के बीच हालांकि इम्तियाज अली वाली फिल्म की शूटिंग शुरू न हो पाने का सीधा असर तृप्ति की दूसरी फिल्मों पर भी जरूर पड़ेगा। उधर, विंडो सीट फिल्म्स के सूत्रों के मुताबिक

अभी निर्देशक इम्तियाज अपनी जिस फिल्म में व्यस्त हैं, उसकी रिलीज अगले साल बैसाखी पर प्रस्तावित है। फहाद और तृप्ति की फिल्म की शूटिंग अगर शुरू हुई तो उसके बाद ही हो सकेगी।

# 26 जून से शुरू होगी आषाढ़ गुप्त नवरात्रि




हिंदू धर्म में साल में चार नवरात्रि होती हैं। शारदीय और चैत्र नवरात्रि के अलावा दो गुप्त नवरात्रि भी होती हैं।

गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों समेत दस महाविद्याओं की पूजा गुप्त तरीके से की जाती है। इससे भक्त के सभी कष्ट समाप्त हो जाते हैं। माता दुर्गा की विशेष कृपा बरसती है। आषाढ़ महीने की शुरुआत हो चुकी है। इसी महीने में गुप्त नवरात्रि भी है।

**जानिए घटस्थापन का शुभ मुहूर्त**

गुप्त नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापन करने का विधान है। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 25 जून से शुरू हो रही है, लेकिन उदयातिथि के अनुसार 26 जून को गुप्त नवरात्रि की शुरुआत होगी। उसी दिन घटस्थापन किया जाएगा। इस गुप्त नवरात्रि का समापन 04 जुलाई को होगा।

**गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की पूजा**

गुप्त नवरात्रि के पहले दिन मां काली, दूसरा दिन मां तारा, तीसरा दिन मां त्रिपुर सुंदरी, चौथा दिन मां भुवनेश्वरी, पांचवा दिन मां छिन्नमस्तिका, छठा दिन मां त्रिपुर भैरवी, सातवां दिन मां धूमावती, आठवां दिन मां बगलामुखी, नौवां दिन मां मातंगी, दसवां दिन मां कमला की पूजा होती है।

**इन दिनों क्या करना चाहिए**

गुप्त नवरात्रि में तंत्र क्रिया से जुड़े लोग माता की विशेष पूजा अनुष्ठान करते हैं। इस दौरान सामान्य व्यक्ति भी पूजा कर सकता है। माता की रोज पूजा और आराधना करनी चाहिए। शुद्धता का पालन करते हुए माता के मंत्रों का जाप करना चाहिए।

**इन कार्यों को भूलकर भी न करें**

मां दुर्गा के रौद्र रूप की तस्वीर गुप्त नवरात्रि के दौरान नहीं लगानी चाहिए। इससे जीवन पर बुरा असर पड़ सकता है।

गुप्त नवरात्रि के दौरान तामसिक भोजन का सेवन बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। मांस, मदिरा का सेवन कतई न करें।

गुप्त नवरात्रि के दौरान दक्षिण दिशा की यात्रा नहीं करनी चाहिए, इसे अशुभ माना जाता है।

# साधारण नहीं है मंडलेश्वर मंदिर, धरती पर यहीं सबसे पहले हुई थी शिवलिंग की पूजा



मध्य प्रदेश के खरगोन में एक ऐसा मंदिर है, जिसकी मान्यता बेहद खास है। कहा जाता है कि शिव की पूजा सबसे पहले यहीं से शुरू हुई थी। यह मंदिर मां नर्मदा के किनारे मंडलेश्वर में है। मान्यता है कि शिवजी ने यहां खुद शिवलिंग की स्थापना की थी। सबसे पहले ऋषियों की पत्नियों ने यहां पूजा की। इस स्थान को दुनिया का पहला शिवलिंग स्थल भी माना जाता है।

गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के नाम से प्रसिद्ध यह मंदिर खरगोन से लगभग 50 किलोमीटर दूर है। मां नर्मदा के तट पर स्थित यह मंदिर धार्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। साल 2010 में इसे मध्य प्रदेश शासन ने आधिकारिक रूप से पवित्र स्थल घोषित किया। मंदिर से जुड़ी एक कथा इसे और भी रोचक बनाती है, जिसे लेकर मान्यता है कि यहां शिवलिंग की पूजा की शुरुआत खुद शिवजी ने एक श्राप से मुक्ति पाने के लिए की थी।

### ऋषियों ने शिवजी को दिया श्राप

कथा के अनुसार, प्राचीन समय में यह क्षेत्र दारुकावन कहलाता था, जहां कई ऋषि-मुनि तपस्या करते थे। एक बार भगवान शिव और माता पार्वती यहां भ्रमण पर आए। पार्वती जी ने तपस्या में लीन ऋषियों का ध्यान भटकाने की जिद की। तब भगवान शिव एक नंगे बालक के रूप में नाचने लगे। यह देखकर ऋषियों की पत्नियां आकर्षित हो गईं। जब ऋषियों को यह पता चला तो उन्होंने क्रोध में आकर उस बालक को श्राप दे दिया कि उसका लिंग भूमि पर गिर जाए।

### शिवजी ने इसलिए की थी स्थापना

श्राप के असर से शिवजी का लिंग वहीं गिर गया। तभी ब्रह्मा और विष्णु प्रकट हुए और ऋषियों से कहा कि उन्होंने बहुत बड़ी भूल कर दी है, क्योंकि वह बालक स्वयं भगवान शिव थे। तब ऋषियों ने अपनी गलती सुधारने के लिए उपाय बताया कि नर्मदा नदी से एक पवित्र पत्थर निकालकर उस स्थान पर स्थापित करें। उसकी पूजा महिलाएं करें। ऐसा करने से दोबारा अपने लिंग को प्राप्त कर लेंगे।

### यहीं से शुरू हुई शिवलिंग पूजा की परंपरा

इस उपाय को मानते हुए शिव और पार्वती ने नर्मदा से एक पवित्र पत्थर निकाला। उस स्थान पर उसकी स्थापना की। ऋषियों की पत्नियों ने उस पत्थर की पूजा की। तभी से यह पवित्र पत्थर शिवलिंग कहलाया। यहीं से शिवलिंग पूजन की परंपरा शुरू हुई, जो आज देश-विदेश में फैली हुई है। यह मंदिर आज भी भगवान शिव के उसी आदि रूप का प्रतीक माना जाता है।

### शंकराचार्य से भी जुड़ा इतिहास

मंदिर के पुजारी परमानंद केवट बताते हैं कि यह स्थान न केवल धार्मिक रूप से, बल्कि ऐतिहासिक रूप से भी बहुत खास है। मान्यता है कि आदि शंकराचार्य और विद्वान मंडन मिश्र के बीच जब मंडलेश्वर में शास्त्रार्थ हुआ था, तब शंकराचार्य का स्थूल शरीर इसी मंदिर की गुफा में छह महीने तक सुरक्षित रखा गया था।

### धार्मिक ग्रंथों में भी वर्णन

गुप्तेश्वर मंदिर का उल्लेख नर्मदा पुराण, रेवा खंड, भागवत गीता और अन्य पौराणिक ग्रंथों में मिलता है। यह मंदिर नर्मदा परिक्रमा मार्ग पर भी स्थित है, इसलिए यहां हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। लोग यहां भगवान शिव के उस रूप के दर्शन करते हैं, जहां से शिवलिंग की पूजा की शुरुआत मानी जाती है।

# ब्रह्मस्थान में दीवार या पिलर? घर की ऊर्जा को रोक सकती है ये

घर केवल ईंट-पत्थर से बना ढांचा नहीं होता, यह एक ऊर्जा का केंद्र होता है। इसी ऊर्जा के सबसे अहम हिस्से को कहा जाता है-ब्रह्मस्थान। वास्तु शास्त्र के अनुसार, यह घर का दिल होता है। यह वह जगह है जहां ब्रह्मदेव का वास माना गया है, जिन्हें सृष्टि का रचयिता कहा जाता है। माना जाता है कि घर की सारी सकारात्मक ऊर्जा यहीं से चारों दिशाओं में फैलती है।




### क्या होता है ब्रह्मस्थान?

ब्रह्मस्थान घर का बिल्कुल मध्य भाग होता है। न कोई कोना, न कोई दीवार, न कोई भारी सामान। यह जगह खुली, हल्की और साफ होनी चाहिए। जब ये स्थान खुला और सही तरीके से बना होता है, तो घर में रहने वाले लोगों के जीवन में संतुलन, शांति और तरक्की बनी रहती है। लेकिन जैसे ही इस स्थान में कोई रुकावट आ जाती है-जैसे दीवार, पिलर या भारी फर्नीचर-तो ऊर्जा का प्रवाह धीमा हो जाता है।

**क्यों नहीं होना चाहिए ब्रह्मस्थान में कोई दीवार?**

मान लीजिए आपने घर का नक्शा बनवाया और बिना ध्यान दिए बीच में कोई दीवार या खंभा बन गया। पहली नजर में यह आपको सामान्य लग सकता है, लेकिन वास्तु की नजर से यह बहुत बड़ा दोष होता है। जब ब्रह्मस्थान में रुकावट आती है तो जो ऊर्जा यहां से चारों दिशाओं में फैलती है, वह धीमी पड़ जाती है। इसका असर सबसे पहले घर में रहने वालों की सेहत, मन की शांति और आगे बढ़ने की क्षमता पर पड़ता है।

कुछ आम लक्षण जो ब्रह्मस्थान में रुकावट के कारण दिख सकते हैं:

**-काम में बिना वजह रुकावट**
**-लगातार तनाव या मानसिक उलझन**
**-घर के लोगों के बीच टकराव**
**-पैसा टिकता नहीं या कमाई में ठहराव**

**कैसे पहचानें कि ब्रह्मस्थान में रुकावट है?**


अगर घर में रहते हुए बार-बार ऐसा लगे कि चीजें बिना वजह बिगड़ रही हैं, मन अशांत रहता है या हर प्रयास अधूरा लगता है, तो यह संकेत हो सकता है कि ब्रह्मस्थान बाधित है। इसके लिए किसी अनुभवी वास्तु सलाहकार से घर का केंद्र बिंदु जांचवाना ज़रूरी होता है।

### क्या है उपाय?

अगर घर में पहले से ब्रह्मस्थान में कोई दीवार या पिलर बना हुआ है, तो घबराने की ज़रूरत नहीं। कुछ सरल उपायों से इसके असर को काफी हद तक कम किया जा सकता है-

**-उस स्थान को हल्का और खाली रखें**
**-वहां कोई धार्मिक या सकारात्मक प्रतीक रखें**
**-रोज़ दीपक या धूप जलाकर वहां ऊर्जा सक्रिय करें**
**-मिरर या पीतल से बने विशेष वास्तु उपकरणों का प्रयोग करें (सलाहकार की राय से)**

# गलत दिशा में रखा इन्वर्टर बना सकता है बच्चों को कमज़ोर और आपको कंजूस



हर घर की बनावट और उसमें रखी चीज़ों की दिशा हमारे जीवन पर सीधा असर डालती है। वास्तु शास्त्र के मुताबिक, वेस्ट-साउथ वेस्ट (WSW) दिशा शिक्षा और पैसों की बचत से जुड़ी होती है। अगर इस दिशा में कोई भारी या गलत चीज़ रख दी जाए, तो इसका असर सीधा हमारे दिमाग, सोच और भविष्य पर पड़ता है। इसलिए वास्तु के हिसाब से चीज़ों को रखने की आदत डालिए और अपने घर को ऊर्जा से भरपूर बनाइए।

### इन्वर्टर क्यों हो सकता है नुकसानदायक?

इन्वर्टर एक इलेक्ट्रिक डिवाइस है, जो ऊर्जा का प्रवाह बदलता है। ये हमेशा एक्टिव रहता है और इसके आसपास एक तरह की इलेक्ट्रिक तरंग बनी रहती है। जब इसे वेस्ट-साउथ वेस्ट में रखा जाता है, तो ये दिशा की पॉजिटिव ताकत को दबा देता है। नतीजा यह होता है कि इस दिशा से मिलने वाली शिक्षा और सेविंग्स की ऊर्जा बिगड़ जाती है।

### बच्चों की पढ़ाई पर असर

अगर बच्चों के कमरे में या पढ़ाई की दिशा में इन्वर्टर रखा गया है, तो बच्चे पढ़ाई में मन नहीं लगाएंगे। वे मेहनत से ज़्यादा शॉर्टकट पर ध्यान देंगे। जैसे – क्लास के टॉपर्स से दोस्ती करना ताकि नोट्स मिल जाएं या कोई आसान तरीका निकालना जिससे बस पास हो जाएं। धीरे-धीरे उनका फोकस ज्ञान लेने की बजाय सपोर्ट ढूंढ़ने पर चला जाएगा। इससे उनके नंबर तो आ सकते हैं, लेकिन असली समझ और आत्मविश्वास कमजोर हो जाएगा।

### पैसों की बचत पर असर

वेस्ट साउथ वेस्ट दिशा सेविंग्स यानी पैसों की बचत से जुड़ी होती है। जब यहां इन्वर्टर रखा होता है, तो व्यक्ति या परिवार अनजाने में खर्चों से डरने लगता है। ज़रूरत की चीज़ें भी खरीदने में सोचने लगता है। धीरे-धीरे जिंदगी का आनंद चला जाता है और जीवन केवल पैसों को बचाने तक सिमट जाता है। यह स्थिति कंजूसी तक पहुंच सकती है, जिससे रिश्ते भी प्रभावित हो सकते हैं।

**क्या करना चाहिए?**

**-इन्वर्टर को वेस्ट साउथ वेस्ट में रखने से बचें।**
**-इसे साउथ ईस्ट या नॉर्थ वेस्ट दिशा में रखा जा सकता है, लेकिन घर की बनावट और प्लान के अनुसार पहले जांच ज़रूर करें।**
**-अगर मजबूरी में यही जगह है, तो इन्वर्टर के पास पीतल का टुकड़ा या कछुआ रखें ताकि दिशा की ऊर्जा थोड़ी संतुलित हो सके।**

### हमें असत्य से सत्य की ओर चलना चाहिए, वहीं पर सिद्धियां, शक्तियां और सफलता मिलती है

आज जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद जी गिरि के जीवन सूत्र में जानिए हमारे सभी कार्य कब सिद्ध होते हैं?

हमें असत्य से सत्य की ओर चलना चाहिए। अपने आचरण में सत्य को अपनाएं, क्योंकि सच की राह ही उन्नति की ओर ले जाती है। वहीं पर सिद्धियां, शक्तियां, जीवन का सौंदर्य और सफलता मिलती है। जीवन की सारी सफलताओं की एक ही कुंजी है, सत्यनिष्ठ रहना। इसलिए हमारे जीवन में सत्य की निष्ठा इस हद तक रहनी चाहिए कि हमारी वाणी, व्यवहार, स्वभाव और चिंतन में सत्य ही रहे।

# चाणक्य ने कहा था

### सम्मान देने वाला स्वभाव

आचार्य चाणक्य कहते हैं कि किसी भी संबंध की बुनियाद सम्मान होती है। जो पुरुष महिलाओं को बराबरी का दर्जा देते हैं और उनके विचारों को महत्व देते हैं, वही सच्चे रिश्ते निभा पाते हैं। जो पुरुष दूसरों की भावनाओं की कद्र नहीं करते, वो जल्द ही रिश्तों को खो बैठते हैं।

### ईमानदारी और सच्चाई

आचार्य चाणक्य के अनुसार, जीवन में सबसे जरूरी गुण है सत्य। महिलाएं उन पुरुषों को पसंद करती हैं जो साफ दिल के हों, झूठ से दूर रहें और ईमानदारी से बात करें। जब सच्चाई साथ होती है, तो रिश्ते में मजबूती और विश्वास भी अपने आप आता है।



### जिम्मेदारी निभाने वाला

आचार्य चाणक्य ने जिम्मेदार पुरुष को समाज और परिवार की रीढ़ माना है। एक ऐसा पुरुष जो अपने कर्तव्यों को समझे, महिलाओं को मानसिक और भावनात्मक सुरक्षा दे सके, वह हर रिश्ते में सफल रहता है।

### अच्छा सुनने वाला

चाणक्य नीति के अनुसार, जो केवल बोलते हैं और दूसरों की बात नहीं सुनते, वो ज्ञानी नहीं कहलाते। महिलाएं उन पुरुषों को पसंद करती हैं जो शांति से उनकी बात सुनते हैं और समझदारी से प्रतिक्रिया देते हैं। इससे भावनात्मक जुड़ाव गहरा होता है।

### हंसाने वाला और सकारात्मक सोच वाला

आचार्य चाणक्य ने कहा है कि संकट के समय भी जो धैर्य और मुस्कान बनाए रखता है, वही सच्चा बुद्धिमान है। महिलाओं को ऐसे पुरुष पसंद होते हैं जो पॉजिटिव रहें, हंसी-मजाक करते हों और माहौल को हल्का बना दें।

### समर्पण और वफादारी

आचार्य चाणक्य ने निष्ठा को सबसे ऊंचा स्थान दिया है। आज के दौर में भी महिलाएं उन पुरुषों को पसंद करती हैं जो रिश्ते में एकनिष्ठ हों, दूसरे विकल्पों की तलाश न करें और पूरी तरह समर्पित रहें। ऐसा पुरुष ही सच्चा साथी बनता है।

### खुद को सुधारने की आदत

आचार्य चाणक्य कहते हैं, "जो अपनी गलतियों से सीख लेता है, वही भविष्य में सफल होता है।" अगर कोई पुरुष अपनी कमियों को सुधारने की कोशिश करता है, तो महिलाएं उसे अधिक समझदार और भरोसेमंद मानती हैं।

# भगवान राम जिस नक्षत्र में जन्मे, उसी में पहुंचे बुध ग्रह, इन 5 राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम

बुध ग्रह 16 जून को पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर करने वाले हैं। इस नक्षत्र के स्वामी गुरु ग्रह हैं और इसी नक्षत्र में भगवान राम का जन्म भी हुआ था। बुध जब राशि या नक्षत्र परिवर्तन करते हैं, तब उसका प्रभाव देश दुनिया समेत मेष से मीन तक सभी 12 राशियों पर देखने को मिलता है। बुध के पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर करने से 5 राशियों के अच्छे दिन की शुरुआत होने वाली है।

बुध ग्रह 16 जून दिन सोमवार को शाम 5 बजकर 3 मिनट पर पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर करने वाले हैं। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, 27 नक्षत्रों में पुनर्वसु सातवां नक्षत्र है और इसी नक्षत्र में भगवनान राम का जन्म हुआ था। पुनर्वसु नक्षत्र के स्वामी देवताओं के गुरु बृहस्पति हैं और मिथुन राशि में इसके चारों चरण आते हैं। गुरु ग्रह के नक्षत्र में बुध के गोचर करने से फिलहाल दुनिया में जो उथल पुथल देखने को मिल रही है, उसमें कमी देखने को मिलेगी और इसके शुभ प्रभाव से 5 राशियों का गोल्डन टाइम भी शुरू होगा। इन 5 राशि वाले कुशलता से अपना मुकाम बना पाने में सक्षम होंगे और धन व धार्मिक कार्यों में भी वृद्धि देखने को मिलेगी। आइए जानते हैं बुध के पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर करने से किन किन राशियों को लाभ मिलेगा। । ।

बुध ग्रह का पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर मेष राशि वालों के लिए बेहद शुभ साबित होने वाला है। बुध के नक्षत्र गोचर से मेष राशि वालों को भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और आपके अधूरे प्रोजेक्ट्स समय पर पूरे होंगे, जिससे आप राहत की सांस ले पाएंगे। शुभ प्रभाव से आपके जीवन में जो भी परेशानियां या रुकावट चल रही हैं, वे दूर हो जाएंगी और आपकी खुशियां व सम्मान में अच्छी वृद्धि होगी। अगर आप काफी समय से खुद का मकान या फ्लैट खरीदना चाहते हैं तो इस अवधि में आपकी यह इच्छा पूरी हो सकती है। परिवार में खुशहाली बनी रहेगी और घर पर कोई धार्मिक कार्यक्रम भी हो सकता है, जिससे आपको शांति मिलेगी और सभी सदस्यों के बीच आपसी समझ भी मजबूत होगी।

बुध ग्रह का पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर कर्क राशि वालों के लिए कल्याणकारी साबित होगा। कर्क राशि वालों के वैवाहिक जीवन में शांति बनी रहेगी और बच्चों के साथ अच्छा समय व्यतीत करने का मौका मिलेगा। इस अवधि में कर्क राशि वाले दोस्तों के साथ कहीं बाहर घूमने जाने की योजना बना सकते हैं और उनके सहयोग से पर्सनल व प्रफेशनल लाइफ के जो भी कार्य अटके हुए थे, वे पूरे हो जाएंगे। इस राशि के जो जातक रोजागर की तलाश कर रहे हैं, उनकी इस अवधि में इच्छा पूरी हो सकती है। वहीं कारोबार करने वालों को शुभ प्रभाव से अच्छा आर्थिक लाभ होगा और बाजार में आपकी प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। साथ ही आप अपने पुराने निवेश से पैसा या फंड वापस पा सकते हैं।



बुध ग्रह का पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर सिंह राशि वालों के लिए भाग्यशाली साबित होगा। सिंह राशि वालों को शुभ प्रभाव से धन प्राप्ति के नए नए अवसर मिलते रहेंगे, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और बैंक बैलेंस भी बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन की बात करें तो जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं और उनके साथ यात्रा करने के भी मौके बन सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को उनकी मेहनत का फल मिलेगा और वे विभिन्न प्रोजेक्ट्स को समय पर पूरा करने के लिए समर्पित रहेंगे। बुध के नक्षत्र गोचर से सिंह राशि वालों की बुद्धि का विकास होगा और हर किसी की इच्छा को पूरा भी करेंगे। अगर आप खुद का बिजनस करना चाहते हैं तो इस अवधि में आपकी यह इच्छा पूरी हो सकती है।

बुध ग्रह के पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर करने से तुला राशि वालों की सेहत में सुधार आएगा और शारीरिक व मानसिक रूप से पूरी तरह मजबूत नजर आएंगे। आपके बच्चों से संबंधित समस्याएं अब खत्म हो जाएंगी और सभी बच्चे अपने अपने क्षेत्र में अच्छा काम करेंगे, जिससे आपको मानसिक शांति भी मिलेगी। बिजनस करने वाले कारोबार का विस्तार कर सकते हैं और विभिन्न सौदों से मुनाफा कमा सकते हैं। बुध के नक्षत्र गोचर से तुला राशि वालों के सभी लंबे समय से रुके हुए काम अब पूरे हो सकते हैं। किस्मत का पूरा साथ मिलेगा, जिससे आपके कई सपने पूरे होंगे और विभिन्न सौदों से बड़े लाभ कमा सकते हैं। पारिवारिक जीवन में शांति और स्थिरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे।

बुध ग्रह का पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर मकर राशि वालों के लिए बेहद लाभकारी साबित होने वाला है। मकर राशि वालों का विदेश यात्रा का सपना अब पूरा हो सकता है और विदेश से जुड़े कार्यों में सफलता मिल सकती है। आप अपने दुश्मनों पर बेहतरीन चालों से विजय प्राप्त कर सकते हैं। बिजनस के क्षेत्र में मकर राशि वाले भारी मुनाफा कमा सकते हैं। आपके काम और व्यक्तिगत जीवन में सभी लंबे समय से चली आ रही बाधाओं को दूर कर देगा। आपके कोर्ट केस में सफलता मिलेगी और अचानक धन लाभ हो सकता है। इस अवधि में आप अच्छा स्वास्थ्य और धन प्राप्त कर सकते हैं और विभिन्न स्रोतों से अच्छे लाभ कमा सकते हैं।

स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 17 जून - 2025

# युद्ध का असर भारत की आर्थिक स्थिति पर पड़ने की सम्भावना



अशोक भाटिया



गाजा में हमास के खिलाफ लंबे समय से युद्ध लड़ने के बाद इजरायल ने अचानक ईरान पर बड़ा हमला कर दिया। इस हमले में ईरान के कई सैन्य और परमाणु ठिकानों के साथ टॉप सैन्य अधिकारी भी मारे गए। इस तनाव की वजह पश्चिमी एशियाई देशों में तेल की सप्लाई प्रभावित होने की भी आशंका है। ईरान और इजरायल के बीच इस समय जो भयंकर संघर्ष चल रहा है और इसकी कीमत भारत को चुकानी होगी। कीमत न तो अतीत है और न ही भविष्य। इजरायल ने ईरान के परमाणु स्थलों के साथ-साथ उसके यूरेनियम समृद्ध ठिकानों पर भी हमला किया, जिससे ईरान को काफी नुकसान हुआ।

इस ऑपरेशन में ईरान के सर्वोच्च सैन्य अधिकारी भी मारे गए। ईरान ने इजरायल पर हमला किया, लेकिन इजरायल की तुलना में उनका दायरा कुछ भी नहीं था। नतीजतन, भारत को अब एक नए मध्य पूर्व एशियाई युद्ध बिंदु का सामना करना पड़ेगा। इजरायल के कदम की भविष्यवाणी लंबे समय से रणनीतिक हलकों में की गई थी। लेकिन अब इस कदम की योजना बनाई गई है और ईरान कीमत चुका रहा है। तो दुनिया भी करेगी। जिसका नई दिल्ली में स्वागत नहीं किया जाएगा क्योंकि इजरायल और ईरान दोनों ही भारत के सहयोगी हैं।

जबकि भारत के ईरान के साथ लंबे समय से मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, इजरायल ने पाकिस्तान के साथ अपने हालिया संघर्ष में भारत को अच्छा समर्थन प्रदान किया है, इसलिए भारत के सामने एक दुविधा है कि वह पक्ष नहीं ले सकता है, फिर भी भारत को अलगावगवाद की अपनी नीति को ध्यान में रखते हुए संघर्ष में भूमिका निभानी होगी।अगर ईरान निर्णायक रूप से हार जाता है या ईरान उसके बहुत करीब गिर जाता है, तो भी भारत में इसका बड़ा असर पड़ेगा। तब भारत को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। भारत ने ईरान जैसे मित्र देशों के आधार पर अपनी ऊर्जा सुरक्षा का निर्माण किया है। यदि ईरान ध्वस्त हो जाता है, तो भारत को ऊर्जा की आपूर्ति नहीं मिलेगी और फिर भारत को पश्चिम की ओर देखना होगा। यह संभव नहीं है क्योंकि भले ही पश्चिमी देश आज भारत के दोस्त हों, लेकिन वे बदलती स्थिति में भारत का साथ नहीं देंगे।भारत का कच्चा तेल आयात वर्तमान में ईरान द्वारा आयात किया जाता है और होर्मुज बंदरगाह के माध्यम से आयात किया जाता है। क्षेत्र में कोई भी युद्ध का मैदान बन जाता है, और इसलिए भारत के कच्चे तेल की कीमतें 150 प्रति बैरल तक जा सकती हैं। इसलिए जब तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो घरेलू मुद्रास्फीति बढ़ जाती है और व्यापार असंतुलन उत्पन्न होता है। शनिवार को ब्रेंट क्रूड की कीमत 6 डॉलर बढ़कर अब तक के सबसे ऊंची कीमत 78 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। वहीं इजरायल पर ईरान का पलटवार और भी चिंता की वजह बन गया है। जानकारों का कहना है कि तनाव बढ़ने से आने वाले समय में काफी अस्थिरता होगी। ऐसे में व्यापार और बाजार प्रभावित होंगे।

मुद्रा दबाव बढ़ता है और राजकोषीय घाटे में तेजी से उतार-चढ़ाव होता है। भारत की अर्थव्यवस्था पहले से ही तंग मार्जिन से उबर रही है। यह उसके लिए एक बड़ी हिट होने जा रहा है। तेल के बिना, भारत की रणनीतिक भू-राजनीतिक स्थिति से समझौता किया जाएगा। ईरान का चाबहार बंदरगाह, जिसे भारत ने विकसित किया है और पाकिस्तान के जवाब के रूप में कार्य करता है, इस युद्ध में या तो बंद हो जाएगा या काम करना बंद कर देगा, और साथ ही, एकमात्र उपलब्ध दक्षिणी उत्तर मार्ग जो भारत के पास है उसे मध्य एशिया और रूस के लिए भी बंद कर दिया जाएगा। नुकसान बहुत बड़ा होगा। क्योंकि यह रास्ता पाकिस्तान और चीन से होकर गुजरता है।इसके अलावा, यह कश्मीर और उससे आगे आतंकवाद के खतरे को भी बढ़ाएगा। यह सब देखते हुए, भारत के लिए ईरान या इजरायल के साथ पक्ष लिए बिना युद्ध से बचने की कोशिश करना बहुत महत्वपूर्ण है। कूटनीतिक रूप से, नुकसान कई हैं। क्योंकि अगर भारत ने ईरान का साथ दिया, तो वह ईरान जैसा मित्र देश खो देगा और भारत को नुकसान होगा। क्योंकि इंटेलिजेंस शेयरिंग में ईरान एक बहुत महत्वपूर्ण भागीदार है। भारत उस लाभ को खो देगा। आपको दुश्मन का सामना करना होगा। यानी इस क्षेत्र में चीन की पैठाई। ईरानी सामरिक ठिकानों में चीन की एंट्री से पाकिस्तान को आसानी से पहुंच मिल जाएगी और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों की क्षमताएं खतरनाक रूप से भारत के करीब हैं, इसलिए भारत के लिए ईरान का पतन किसी देश का पतन नहीं है, बल्कि पश्चिम का रास्ता बंद हो जाएगा।अगर ईरान युद्ध हारता है तो भारत को भी नुकसान होगा क्योंकि दशकों से भारत की विदेश नीति को आकार देने और भारत का झंडा बुलंद रखने वाली भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो जाएगी। कुछ जानकारों का कहना है कि ईरान-इजरायल संघर्ष का तात्कालिक परिणाम यह है कि भारत में तेल की कीमत 40 से 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी, जिससे कुल मिलाकर भारत की मुद्रास्फीति बढ़ेगी और बेहतर होगा कि आयात से यह किस हद तक प्रभावित होगा, इसके बारे में न सोचें। इसलिए महंगाई और भी बढ़ेगी।मौजूदा ईरान-इजरायल संघर्ष भारत के लिए कई समस्याएं पैदा करेगा। भले ही भारत ईरान से सीधे तौर पर पेट्रोल का आयात न करे, लेकिन भारत की कच्चे तेल की कीमतों का असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा क्योंकि आज वैश्विक तेल की कीमतें अर्थव्यवस्था को निर्धारित करती हैं। इसके अलावा, 20 प्रतिशत तेल होर्मुज की खाड़ी से आता है। इसलिए यह अंदाजा लगाना आसान है कि आयातित तेल की कीमत कितनी बढ़ेगी।और कुछ जानकारों का कहना है कि भारत ईरान से सीधा ज्यादा तेल नहीं खरीदता है। फिर भी भारत अपनी जरूरत का 80 फीसदी तेल आयात करता है। भारत के लिए चिंता की बात होरमज की जल संधि है। यह उत्तर में ईरान और दक्षिण में अरब से लगी है। यहां से दुनिया का 20 फीसदी एलएनजी व्यापार होता है। ऐसे में यह चोक पॉइंट साबित हो सकता है। अगर इस रास्ते में कोई भी बाधा आती है तो इराक, सऊदी अरब और यूएई से होने वाली तेल की सप्लाई बाधित होगी। ईरान पहले भी इस रूट को ब्लॉक करने की धमकी दे चुका है। अगर ऐसा होता है तो भारत को आयात करने में मुश्किल आएगी और पेट्रोल-डीजल समेत अन्य फ्यूल की कीमतों में इजाफा हो सकता है। अब तेल और गैस की कीमतों पर लंबे समय के लिए प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि ईरान और इजरायल के बीच तनाव लंबा खिंचता है या फिर टकराव कम हो जाता है। वहीं ओपेक देशों ने पिछली ही जुलाई में ऐलान किया था कि वे तेल की सप्लाई बढ़ाएंगे। ऐसे में ईरान से सप्लाई कम होने पर भी दुनिया पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा। बात भारत की हो तो यहां की ऑइल मार्केट में अच्छी ग्रॉस रिफाइनिंग मार्जिन है। ऐसे में हाल में भारत पर कोई असर दिखाई नहीं देगा। यदि इस क्षेत्र में व्यवधान होता है, तो यह भारत के निर्यात को प्रभावित करेगा। भारत का निर्यात पहले से ही कम है। यदि वे लागत बढ़ती है, तो भारत की अर्थव्यवस्था को नुकसान हो सकता है। इसलिए भारत के पास अभी एकमात्र विकल्प युद्ध को रोकने की कोशिश करना है।

## इजरायल-ईरान में जंग तेज

जिस तरह से दोनों देशों के बीच पहले से ही संघर्ष चल रहा था, उससे लग भी रहा था कि इजराइल देर-सवेर ईरान पर हमला अवश्य करेगा। अब जब युद्ध शुरू हो गया है तो लोग यह अनुमान लगाने में समय बिता रहे हैं कि आगे क्या होगा। ताज्जुब तो यह है कि इजरायल ने ईरान पर हमला तब किया है जब ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका से सीधी बातचीत कर रहा था। इसका उद्देश्य ईरान के परमाणु इंडस्ट्री पर अंतरराष्ट्रीय अंकुश बढ़ाना था। इससे यह सुनिश्चित होता कि ईरान परमाणु बम नहीं बनाएगा। ईरान ने 10 साल पहले जेसीपीओए के साथ ऐसा किया था। लेकिन ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में इस समझौते को रद्द कर दिया, इसलिए यह विफल हो गया। लेकिन इस साल ट्रंप ने अपने निजी दूत विटकोफ को ओमान की ओर से मध्यस्थता के लिए ईरानी विदेश मंत्री अराघची से मिलने के लिए भेजा था। समझौते के लिए ईरान कुछ आर्थिक फायदा चाहता था जिससे अमेरिका इजरायल को ईरान पर हमला न करने दे। उन वार्ताओं का पांचवां दौर होने वाला ही था, लेकिन बमबारी ने सब गुड़-गोबर कर दिया। इजरायल ने ईरान पर हमला इसलिए कर दिया ताकि उसे कमजोर किया जा सके। लेकिन मामला तब उल्टा पड़ गया जब कुछ ईरानी मिसाइलों ने इजरायल के प्रसिद्ध आयरन डोम को भी भेदना शुरू कर दिया। इसके साथ ही यह भी सिद्ध हो गया कि ईरान के पास जवाबी कार्रवाई के कई विकल्प हैं। वह खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों पर हमला कर सकता है, खाड़ी देशों में ऊर्जा और आर्थिक बुनियादी ढांचे को टारगेट कर सकता है। यहां तक कि फारस की खाड़ी में जहाजों की आवाजाही रोक सकता है। वह दुनिया भर में इजरायली, यहूदी या अमेरिकी टारगेट पर सीक्रेट हमले भी कर सकता है। लेकिन सभी मामलों में ईरान को यह भी खतरा है कि यदि अमेरिका सीधे संघर्ष उतरता है तो उसके लिए यह घातक होगा। अगर अमेरिका युद्ध में एंट्री करता है, या अगर युद्ध स्पष्ट रूप से शासन परिवर्तन में बदल जाता है, तो ईरान की ओर से भी आगे बढ़ने की कार्रवाई होगी। वहीं पर लंबी अवधि के जोखिम भी आते हैं। ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने की कई तरह की तकनीकी क्षमता है। ईरान की परमाणु क्षमताओं पर इजरायली हमलों के प्रभाव का अभी भी आकलन किया जा रहा है। दूसरी ओर हमले अभी भी जारी हैं। लेकिन उन्होंने पूरे कार्यक्रम को नष्ट नहीं किया है। इजरायल अमेरिका को इस युद्ध में प्रवेश करने की गुहार लगा रहा है, लेकिन ट्रंप अभी भी कमजोर ईरान के साथ एक समझौते के लिए उत्सुक दिख रहे हैं। इराक पर आक्रमण के समय, बुश प्रशासन में कई लोगों ने उत्साहपूर्वक कहा कि पश्चिम एशिया को एक नया आकार देने के उनके प्रयासों के हिस्से के रूप में, ईरान अगला निशाना हो सकता है। वहीं इजरायल ने एक बार फिर पिछले साल हिजबुल्लाह पर हुए हमलों में देखी गई दुर्जेय सैन्य और खुफिया क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। यूरोपीय नेता एक ऐसे युद्ध में फंसने के बारे में चिंतित हैं जिसे उन्होंने नहीं चुना। दो देशों के बीच जो चल रहा है उसे यूरोपीय जनता अलोकप्रिय मानती है।

## पर उपदेश कुशल बहुतेरे



डॉ टी महादेव राव

कहते हैं न के खरबूजा खरबूजे को देख रंग पकड़ता है। आप जिसके साथ रहेंगे वैसे हो जाओगे। इसी का परिणाम यह है कि चोरों, हत्यारों और खादीधारियों के साथ इनकी दोस्ती नहीं निकाल रंग उनके जैसा कर दिया है। खादीधारियों के साथ इनकी दोस्ती ने इनके खाकी रंग को उनके जैसा कर दिया है। कुछ पुलिसियों को तो यह रंग इतनी जल्दी पकड़ता है कि क्या कहें? इन चोरों, हत्यारों और खादी धारियों की आदतों को अपनाकर ओड़ीशा के बोलांगीर जिले के सिंधीकेला के रक्षक सिपाही एक ग्रामीण के बकरियों के झुंड से दो बकरे गायब कर दिए। सीधे थाने के पिछवाड़े जाकर मटन करी बनाने के चक्कर में छुरी चाकू तेज कर रहे थे कि बकरी वाला ग्रामीण आकर गिड़ गिड़ाता रहा कि उसके बकरे छोड़ दिये जायें। रक्षक उसे "तेरी हिम्मत कैसे हुई यहां आकर यह सब कहने की? भाग जा यहाँ से" कहते हुए उसे दुत्कार दिया, भगा दिया। बेचारा चला गया और वे मटन करी बना कर खाते रहे, बकरे का स्वाद लेते रहे। यह बात किसी तरह एसपी साहब के कानों तक पहुँची तो उन्होंने विस्तृत जांच कराया और एएसआई को निलंबित कर दिया। अखिल भारतीय पुलिस की प्रतिष्ठा को मिट्टी में मिलाने वाली इस हरकत पर अधिकारियों ने यह सब किया, लेकिन नकाब डाले बकरों को बगल में दबाकर भागना क्या आम आदमी कर सकता है? बोलिए!

यह कहा जाता है कि बहुत पहले गांवों में भेड़, बकरी, मुर्गी चुराने वाले चोर हुआ करते थे। रात के समय जो जीव हाथ में आया लपक कर उठा ले जाते थे। शताब्दियों पूर्व की चोरकला का पुनरुद्धार कर मरम्मत करने की कसम खाए हुए रक्षक या तक्षक सिपाहियों की, बकरे की खाल का शाल ओढ़ाकर सम्मान करने की बजाय उन्हें निलंबित करना महापाप है, घोर गलती है। अंधेरे में बिना किसी आहट के, खामोशी के साथ अपना काम कर जाने वाले पागल चोरों को देखकर सीखने को कहते हुए अपनी चोर विद्या का दिनदहाड़े प्रदर्शन करने वालों को अगर संभव हुआ तो कुटिल कौशल रत्न या महान तस्कर सम्राट जैसी उपाधियां देकर अभिनंदन करना तो बनता ही है न।

ऐसे चोर-पुलिसियों की देश में कहीं भी कमी नहीं है। चोरों में साहूकार और साहूकारों में चोरों का होना कोई नई बात नहीं है। इसलिए ऊपर दिए गए कथन पर आश्चर्य करना छोड़ कर चलिए आगरा चलते हैं। पागल खाना या ताजमहल दिखाने नहीं ले जा रहा हूं। वहां एक और बेहद रोचक और मजेदार कहानी तैयार है। घर में अगर चोर पड़े तो उन्हें पकड़ने पुलिस आती है न। फिर थाने में चोर घुस कर सारा कुछ उड़ा ले जाए तो रक्षक सिपाहियों की रक्षा कौन करेगा? वहीं हुआ जगदीशपुरा पुलिस थाने में। थाने में रखे रुपयों पर नजर गड़ाए चोर एक दिन अच्छी साइत देखकर काम पर लग गए। पूरे पच्चीस लाख रुपए आसानी से चुरा ले गए। प्रश्न उठना सहज है इतना पैसा थाने में क्यों था? क्योंकि चार दिन पहले ही एक चोरी के मामले में पुलिस ने उस पैसे को बरामद किया था। वह चोरी हो गया है कह रहे हैं पुलिस वाले। राजा हरिश्चंद्र भले ही झूठ बोले, लेकिन पुलिस वाले क्या कभी झूठ बोलते हैं? एक आई आर को साक्षी मानकर हर समय हर हालत में वे सच बोलते हैं, यह सबको पता है। यह सब तो ठीक है लेकिन किसी ने यह कहकर चिढ़ाया कि राजाओं का धन पत्थरों पर यानी शिलालेखा पर बर्बाद तो चोरों का माल पुलिस पर बर्बाद। चिढ़ाने पर चिढ़कर पीट दिखाने वाले नहीं हैं पुलिस वाले वहां। उनके खिलाफ कुछ कह दिया तो बस लाठियां बरसाने वाले परम दयालु लोग हैं वे। चलो उनकी बात कि थाने में चोरी हो गई का विश्वास कर लेते हैं। कौन लगे पुलिस के मुंह।

पद की या अधिकार की लाठी हाथ में लेकर सभी को मुर्गा बनाने वाले भारतीय नेताओं की क्या कोई कमी है? लेकिन यह सोचना भी गलत है कि पुलिस जिस किसी को भी बात मानेगी या पालन करेगी। विपक्ष की खाल उधेड़ने अगर सत्ता पक्ष केवल आंख का इशारा कर दे, बस पैरों के तलवों से लेकर पेट-पीठ तक लाठियां तोड़ तोड़ कर प्रताड़ित करने में वे सिद्धहस्त हैं। अगर यही उल्टा हुआ कि सत्ता पक्ष पर विपक्ष की लाख शिकायतें हो जाए तो सत्ता पक्ष के नेता के चमचे के चमचे का भी बाल बांका नहीं करते ये लोग। बस यही नीति है, रीति है, परिपाटी है। ऐसा उनके अलिखित पुलिसिया संविधान कहता है।

# मोदी की यात्रा: द्विपक्षीय संबंधों में नई ऊर्जा का संचार



डॉ एसपी शाही

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी कनाडा यात्रा (15-17 जून, 2025), केवल एक शिखर सम्मेलन में भाग लेने की कूटनीतिक औपचारिकता नहीं है — यह भारत-कनाडा संबंधों में एक नये अध्याय की शुरुआत का संकेत देती है। जी-7 शिखर सम्मेलन के निमंत्रण पर कनानास्किस पहुंच रहे प्रधानमंत्री मोदी, एक दशक के अंतराल के बाद कनाडा की धरती पर कदम रखेंगे। उनकी पिछली यात्रा (2015) में ही भारत और कनाडा के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा मिला था। इस बार की यात्रा में, बदलते वैश्विक संदर्भ और द्विपक्षीय अवसरों की नई संभावनाओं के साथ यह साझेदारी और भी गहरी हो सकती है।

बढ़ता व्यापार, पर अपार संभावनाएं अभी बाकी 2024 में भारत-कनाडा वस्तु व्यापार $8.6 बिलियन रहा, जिसमें भारत का निर्यात $4.2 बिलियन और आयात $4.4 बिलियन रहा। सेवा क्षेत्र में भारत ने $2.5 बिलियन का निर्यात किया, जबकि कनाडा से $11.8 बिलियन की सेवाएं आयात कीं। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि वर्तमान व्यापार स्तर हमारी संभावनाओं से बहुत नीचे है।

भारत सरकार की सक्रिय भागीदारी से 'अर्ली प्रोग्रेस ट्रेड एग्रीमेंट' (EPTA) के लिए अब तक दस दौर की बातचीत हो चुकी है, जो आने वाले समय में मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में अग्रसर हो सकती है।

कनाडाई पेंशन फंड्स का भारत में $75 बिलियन से अधिक निवेश इस बात का प्रमाण है कि भारत वैश्विक निवेशकों के लिए कितना आकर्षक गंतव्य बन चुका है।

### ऊर्जा सहयोग और परमाणु समझौते

भारत और कनाडा के बीच नागरिक परमाणु सहयोग भी संबंधों की एक मजबूत कड़ी बन चुका है। कनाडा की कंपनी Cameco से 2015 में हुआ यूरेनियम आपूर्ति समझौता इस सहयोग का प्रतीक रहा है, जिसे अब आगे बढ़ाने की कोशिशें हो रही हैं। साथ ही, परमाणु सुरक्षा नियामकों के बीच समझौते तथा अनुसंधान और नवाचार से जुड़े समझौते, हमारे दीर्घकालीन दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

### विज्ञान, अंतरिक्ष और जलवायु परिवर्तन में साझेदारी

भारत और कनाडा ने विज्ञान और पर्यावरण के क्षेत्र में भी सराहनीय प्रगति की है। ISRO और CSA (कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी) के बीच सहयोग, IC-IMPACTS जैसे केंद्रों के माध्यम से गंगा पुनरुद्धार जैसे समुदाय-आधारित अनुसंधान कार्य, और आर्कटिक अनुसंधान में साझेदारी, हमारी बहुआयामी मित्रता को दर्शाते हैं। भारत की राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और कनाडा के वैज्ञानिकों का साथ आना, एक वैश्विक दृष्टिकोण को भी पुष्ट करता है।

### शिक्षा: अवसर और चुनौतियाँ

भारतीय छात्र वर्षों से कनाडा के उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रमुख संख्या में रहे हैं। 2022 में सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों में से 41% भारतीय थे। लेकिन हालिया नीतिगत सख्ती के कारण 2025 की पहली तिमाही में भारतीय छात्रों को जारी वीजा में 31% की गिरावट दर्ज की गई है। यह न केवल छात्रों के अवसरों, बल्कि कनाडा की विश्वविद्यालयी आय पर भी प्रभाव डाल रही है।

इसी संदर्भ में भारत की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) और UGC के नवीनतम नियम, कनाडा के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस खोलने का आमंत्रण देते हैं। यह अवसर दोनों देशों के लिए 'विन-विन' हो सकता है।

गहरी सांस्कृतिक और जनसंपर्क आधारित मैत्री कनाडा में भारतीय मूल के लगभग 18 लाख लोग रहते हैं, जो वहाँ की कुल जनसंख्या का लगभग 4.5% हैं। इनमें से सिख समुदाय की संख्या लगभग 7.7 लाख है। भारतीय भाषाएं, त्योहार, व्यंजन और संस्कृति अब वहां की सामाजिक मुख्यधारा का हिस्सा बन चुकी हैं। फिल्म, साहित्य और कला के क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ा है — जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का टोरंटो संस्करण, दीवाली पर जारी संयुक्त डाक टिकट, और भारतीय फिल्मों के लिए सह-निर्माण समझौते इसका प्रमाण हैं।

कनाडा की संसद में वर्तमान में 22 भारतीय मूल के सांसद कार्यरत हैं, जो भारतीय प्रवासी समुदाय की राजनीतिक सक्रियता का परिचायक है।

**निष्कर्ष-** प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा केवल द्विपक्षीय वार्ताओं का अवसर नहीं, बल्कि एक व्यापक दृष्टिकोण का मंच है। शिक्षा, नवाचार, पर्यावरण, व्यापार, अंतरिक्ष और संस्कृति — इन सभी क्षेत्रों में भारत और कनाडा के बीच 'सहयोग का स्वर्ण युग' आरंभ हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व और भारत की वैश्विक भूमिका अब ऐसे मुकाम पर है, जहाँ मैत्रीपूर्ण साझेदारी के साथ संबंध केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण का माध्यम बनते हैं।

**लेखक मगध विवि के कुलपति एवं राजनीति शास्त्र के विद्वान हैं**

# श्रद्धा, सुरक्षा और सिस्टम में फंसी जिंदगियां



सचिन त्रिपाठी

15 जून 2025 की सुबह जब देश नींद से जाग रहा था, तभी उत्तराखंड के पवित्र केदारनाथ धाम के पास एक बार फिर आसमान से मौत बरसी। आर्यन एविएशन का एक हेलीकॉप्टर जिसमें महाराष्ट्र से आए श्रद्धालु, एक 2 साल की बच्ची, मंदिर ट्रस्ट का कर्मचारी और पायलट सवार थे, गौरीकुंड के जंगलों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सातों की मौत हो गई। यह केवल एक हादसा नहीं बल्कि उस पूरी प्रणाली पर सवाल है जो तीर्थ को पर्यटन में बदलकर व्यावसायिक मुनाफे के तराजू में श्रद्धा की सांसें तोल रही है।

केदारनाथ हिंदू धर्म का एक प्रमुख तीर्थस्थल है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु इस पवित्र स्थान की यात्रा पर आते हैं लेकिन क्या हमारी सरकार, प्रशासन और निजी सेवा प्रदाता इतने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त तैयारी रखते हैं? जवाब है नहीं। 2013 की विनाशकारी बाढ़ के बाद हमने वादे तो बहुत किए लेकिन उनका क्रियान्वयन आज भी सवालों के घेरे में है।

2013 की त्रासदी में लगभग 5800 लोग मारे गए, हजारों लापता हुए। तब यह महसूस हुआ कि पर्वतीय क्षेत्रों में तीर्थाटन केवल भावनात्मक मामला नहीं, एक संपूर्ण व्यवस्थागत चुनौती है लेकिन बीते 10 वर्षों में सैकड़ों करोड़ खर्च कर भी हमने क्या हासिल किया?

तीर्थ यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवा अब लग्जरी नहीं, जरूरत बन गई है। बुजुर्ग, बीमार, बच्चे और सीमित समय वाले लोग इन सेवाओं पर निर्भर हैं लेकिन इन सेवाओं की गुणवत्ता कैसी है? हालिया क्रैश इसका जवाब खुद है। लगातार खबरें सामने आ रही हैं कि हेलीकॉप्टर कंपनियां सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रही हैं। मौसम खराब होने के बावजूद उड़ानों का संचालन, पायलटों की थकावट, तकनीकी जांच में कोताही, ये सब एक धीमा जहर है जो यात्रियों की जिंदगियों को दांव पर लगा रहा है।

क्या श्रद्धालु हेलीकॉप्टर में बैठते समय जानते हैं कि पायलट का लाइसेंस जांचा गया है या नहीं? या हेलीकॉप्टर का अंतिम मेंटेनेंस कब हुआ था? वे नहीं जानते। वे केवल भगवान के नाम पर भरोसा कर यात्रा पर निकलते हैं लेकिन उनकी जान किसी ऐसे तंत्र के हवाले कर दी जाती है जो भगवान से ज्यादा मुनाफा देखता है।

उत्तराखंड के पहाड़ों का मौसम अप्रत्याशित होता है। कुछ ही मिनटों में साफ आसमान से घना कोहरा और फिर मूसलाधार बारिश हो सकती है। जून, जुलाई और अगस्त में ये स्थितियां और विकट हो जाती हैं। ऐसे में क्या उड़ानों की पूर्वानुमान प्रणाली मजबूत है? क्या मौसम विभाग और एविएशन कंपनियों के बीच सटीक समन्वय है? उत्तर है: नहीं।

केदारनाथ अब केवल धार्मिक यात्रा नहीं रहा। यह 'चारधाम टूर पैकेज' का हिस्सा है। यहां श्रद्धा से अधिक ट्रैफिक, पैकेज, होटल, सोशल मीडिया पोस्ट और 'स्पिरिचुअल सेल्फी' का बोलबाला है। सरकारें इस धार्मिक उन्माद का आर्थिक दोहन करती हैं लेकिन क्या इतनी भीड़ इस संवेदनशील पहाड़ी क्षेत्र के लिए अनुकूल है? क्या यह पारिस्थितिकीय संतुलन के खिलाफ नहीं है? क्या यहां सीमित संख्या में यात्रियों की अनुमति नहीं होनी चाहिए?

हजारों हेलीकॉप्टर उड़ानें, हर रोज सैकड़ों यात्री इस पूरी प्रक्रिया ने केदारनाथ को एक मेला बना दिया है और जब श्रद्धा मेले में बदल जाती है तो ईश्वर पीछे छूट जाते हैं और हादसे सामने आ जाते हैं। प्रश्न है ? कौन जिम्मेदार है? राज्य सरकार जो एसओपी लागू करने में विफल रही? नागर विमानन निदेशालय जिसने कंपनियों की निगरानी नहीं की? हेलीकॉप्टर ऑपरेटर, जिन्होंने मौसम के खिलाफ उड़ान भरी? या श्रद्धालु, जो बिना सोचे समझे सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं? जवाब है? सब जिम्मेदार हैं लेकिन सबसे अधिक जिम्मेदार है उस तंत्र की है जो धर्म और व्यावसायिकता के बीच एक रेखा नहीं खींच सका।

समाधान क्या? हेलीकॉप्टर ऑपरेशनों पर सख्त निगरानी। हर उड़ान से पहले मौसम क्लीयरेंस, पायलटों की शिफ्ट, मशीन की जांच अनिवार्य हो। सीमित दर्शन नीति, अमरनाथ यात्रा की तरह यहां भी प्रतिदिन सीमित लोगों को अनुमति दी जाए। हेलीकॉप्टर कंपनियों के लाइसेंस की सार्वजनिक पारदर्शिता कि कौन सी कंपनी कितनी बार हादसे का शिकार हुई, इसकी जानकारी सार्वजनिक पोर्टल पर हो। मौसम आधारित एल्गोरिदम नासा और इसरो जैसी संस्थाओं से मिलकर उत्तराखंड में सटीक मौसम चेतावनी प्रणाली विकसित की जाए।

केदारनाथ का रास्ता भक्ति का है लेकिन उसकी राह सुरक्षा और विवेक से होकर ही जाती है। हर हादसे के बाद कुछ दिन की जांच और फिर वही ढर्रा, यही अब तक का सच रहा है। अब जरूरी है कि इस तीर्थ को केवल भगवान पर नहीं छोड़ा जाए।

# सावधान रहिए यूरिक एसिड से



डॉ रुप बनर्जी

अपने देश में यूरिक एसिड के बढ़ने की समस्या बड़ी तेजी से बढ़ रही है। आयु बढ़ने के साथ-साथ यूरिक एसिड, गाउट, आर्थराइटिस समस्या का होना तेजी से आंका गया है। यूरिक एसिड बढ़ने पर समय पर उपचार ना करने से जोड़ों गांठों का दर्द, गठिया रोग, किडनी स्टोन, डायबिटीज, रक्त विकार होने की संभावनाएं ज्यादा बढ़ जाती है। इसलिए रक्त में यूरिक एसिड की मात्रा को नियंत्रण करना अति जरूरी है।

### यूरिक एसिड के लक्षण :-

पैरो - जोड़ों में दर्द होना, पैर के एड़ियों में दर्द रहना, गांठों में सूजन, जोड़ों में सुबह शाम तेज दर्द कम-ज्यादा होना। एक स्थान पर देर तक बैठने पर उठने में पैरों एड़ियों में असहनीय दर्द। फिर धीरे धीरे दर्द सामान्य हो जाना। पैरों, जोड़ो, उगलियों, गांठों में सूजन होना। शर्करा यानि शूगर लेबल का बढ़ना।

इस तरह की यदि कोई भी समस्या हो रही हैं तो तुरन्त यूरिक एसिड जांच करवायें।

यूरिक ऐसिड बढ़ने पर खान-पान :-

यूरिक एसिड बढ़ने पर मीट मछली मुर्गा मांसाहार का सेवन तुरन्त बंद कर दें। नॉनवेज खाने से यूरिक एसिड तेजी से बढ़ता है। दवाईयां असर कम करती है। यूरिक एसिड बढ़ने पर अण्डा का सेवन भी पूर्ण रूप से बंद कर दें। अण्डा रिच प्रोटीन बसा से भरपूर है जो यूरिक एसिड को बढ़ाता है। बेकरी से बनी सभी खाद्य सामग्री बंद कर दें। बेकरी फूड जैसेकि पेस्ट्री, केक, पैनकेक, बन्न, क्रीम बिस्कुट इत्यादि में प्रिजरवेटिव मिला होता है । यूरिक एसिड बढ़ने पर तुरन्त जंकफूड, फास्ट फूड, ठंडा सोडा पेय, तली-भुनी चीजें बन्द कर दें। जंकफूड, फास्टफूड, सोडा ठंडा पेय पाचन क्रिया को और भी बिगाड़ती है जिससे यूरिक एसिड तेजी से बढता है।

ज्यादा चावल, आलू, तीखे मिर्ची वाले, चटपटा, तले पकवानों को भी खाना कम कर दें। यह चीजें यूरिक एसिड बढ़ाने में सहायक हैं। बन्द डिब्बे में मौजूद हर तरह की सामग्री खाना पूरी तरह से बंद कर दें। बन्द डिब्बे की खाने पीने की चीजों में भण्डारण के वक्त कैमिकल रसायन मिलाया जाता है जैसे कि तरह तरह के प्लास्टिक पैक चिप्स, फूड इत्यादि। बन्द डिब्बों और पैकेट की खाद्य सामग्री यूरिक एसिड की तेजी बढ़ाने में सहायक है। अलकोहल का सेवन पूर्ण रूप से बन्द कर दें । शोध में पाया गया है कि जो लोग लगातार बीयर शराब नशीली चीजों का सेवन करते हैं, 70 प्रतिशत उनको सबसे ज्यादा यूरिक एसिड की समस्या होती है। यूरिक एसिड बढ़ने पर तुरन्त बीयर, शराब पीना बन्द कर दें। बीयर शराब स्वस्थ्य व्यक्ति को भी रोगी बना देती है। बीयर, शराब नशीली चीजें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

चिकित्सा एवं खान पान :- यूरिक एसिड को हम बहुत आसानी से होमियोपैथी चिकित्सा द्वारा लक्षणानुसार दवा एवं परहेज के द्वारा पूरी तरीके से ठीक कर सकते हैं। कुछ घरेलू उपाय भी यूरिक एसिड को कम करने में अत्यंत कारगर है। जैसे - अलसी के बीज भूनकर पिसा हुआ दिन में दो टाइम खाने से यूरिक ऐसिड में काफी आराम मिलता है। जैतून तेल ( OLIVE OIL ) में विटामिन-ई एवं मिनरल्स मौजूद है जोकि यूरिक एसिड नियंत्रण करने में सहायक है। अतएव यूरिक एसिड से कष्ट पाते हुए मरीजों को जैतून का तेल भी कभी-कभी भोजन में इस्तेमाल करना चाहिए। अखरोट का सेवन प्रोटीन को यूरिक एसिड में बदलने से रोकने में सहायक है।विटामिन सी युक्त चीजें भी खाने में सेवन करें। सलाद में आधा नींबू निचोड़ कर खायें। प्रतिदिन 1 बार 1 गिलास पानी में 1 नींबू निचोड़ कर पीने से यूरिक एसिड मूत्र के माध्यम से निकलने में सक्षम है परंतु उसमें नमक, चीनी, मीठा न मिलायें।

यूरिक एसिड घटाने के लिए, रोजाना तेज पैदल चलकर पसीना बहायें। तेज पैदल चलने से एसिड क्रिस्टल जोड़ों गांठों पर जमने से रोकता है। साथ में रक्त संचार को तीव्र कर रक्त संचार सुचारू करने में सक्षम है। पैदल चलने से शरीर में होने वाले सैकड़ों बीमारियों से आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है। तेज पैदल चलना यूरिक एसिड को शीघ्र नियंत्रण करने में सक्षम पाया गया है।

बाहर का खाना पूर्ण रूप से बन्द कर दें। घर पर बना ताजा भोजन खायें। खाने में ताजे फल, हरी सब्जियां, सलाद, फाइबर युक्त संतुलित पौष्टिक आहर लें। रोज योग व्यायाम करें। ये यूरिक एसिड को घटाने में काफी हद तक मददगार है, साथ ही मोटापा यानि शरीर का वजन नियंत्रण में रहेगा। ज्यादा सूजन दर्द में आराम के लिए गर्म पानी में सूती कपड़ा भिगो कर सेंके या बर्फ की सिकाई करें ।

# अफेयर के शक में युवक को बांधकर पीटा

## लाठी-डंडे और बेल्ट से मारा, कहा-माइनिंग अफसरों से तुमने हमारी गाड़ी भी पकड़वाई, 5 गिरफ्तार, 1 फरार

बलौदाबाजार, 16 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में प्रेम प्रसंग और खनन माफिया के खिलाफ मुखबिरी करने पर युवक को खंभे से बांधकर पीटा गया है। 6 आरोपियों ने बेल्ट और लाठी-डंडे से वार किया है। पीटने का वीडियो भी सामने आया है। मामला गिधौरी थाना क्षेत्र के खपराडीह गांव का है।

मिली जानकारी के अनुसार, जिस लड़के की पिटाई की गई है, उसने ही खनन अधिकारियों से आरोपियों की गाड़ियां जब्त करवाई थी। इसके अलावा आरोपियों का गांव की ही एक लड़की से प्रेम प्रसंग भी है, जिससे आरोपी नाराज थे। मौका मिलते ही उन्होंने दोनों को बांधकर पीटा। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि 1 फरार है।

गिरफ्तार आरोपियों में यशवंत पटेल, केवल केवट, दिग्विजय वैष्णव, दिलहरण वर्मा और गया पटेल शामिल हैं, जबकि आनंद दास फरार है। वहीं इस पर पूर्व



सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि, रेत माफिया के हौसले बुलंद हैं। कहीं वे गोलियां चला रहे हैं, कहीं आम जनता को लाठी-डंडे से मार रहे हैं। घटना 12 जून 2025 की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम कुम्हारी निवासी 25 साल का परमेश्वर साहू सुबह बाइक से ग्राम खपराडीह गया था। यहां वो आनंद अग्रवाल के क्रशर खदान पर गिट्टी खरीदने पहुंचा। जब वह वापस लौट रहा था, तभी करीब 11 बजे खपरीडीह के गुड़ीचौक पर यशवंत पटेल और केवल केंवट नाम के 2 ट्रैक्टर चालकों ने उसे रोक लिया।


दोनों ने परमेश्वर पर आरोप लगाया कि वह माइनिंग विभाग के अधिकारियों के लिए मुखबिरी करता है। उन्हें गांव के ट्रैक्टर चालकों की जानकारी देता है। इसी के चलते उनके ट्रैक्टरों को माइनिंग नियमों के उल्लंघन के चलते जब्त भी किया गया है।

इसी शक के चलते उन्होंने परमेश्वर पकड़कर जबरन चौक पर खंभे से बांध दिया। इसके बाद डंडों और बेल्ट से उसकी बुरी तरह पिटाई की। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

हमले के दौरान परमेश्वर ने किसी तरह अपने बड़े भाई अनिल साहू को फोन कर बुलाया। अनिल गांव के ही पंचमदास के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन हमलावर नहीं रुके। उनके सामने ही उसे पीटते रहे। कुछ देर बाद तीन और लोग दिलहरण वर्मा, दिग्विजय वैष्णव और आनंद दास भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी परमेश्वर की बेल्ट और डंडों से पिटाई की।

# छत्तीसगढ़ में कोरोना पेशेंट की मौत

## बुजुर्ग ने रायपुर में तोड़ा दम परिजनों के सैंपल लिए गए प्रोटोकॉल के तहत अंतिम संस्कार



राजनांदगांव, 16 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में कोरोना से मौत का पहला मामला सामने आया है। रायपुर के एक निजी अस्पताल में 86 साल के बुजुर्ग मरीज की कोविड से मौत हो गई। वहीं स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की मौजूदगी में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के परिवार के सभी सदस्यों के कोरोना टेस्ट के सैंपल लिए गए हैं। जानकारी के अनुसार, राजनांदगांव के 86 साल के बुजुर्ग को सांस लेने में तकलीफ होने के बाद रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल में भर्ती के कुछ घंटे बाद ही मरीज की मौत हो गई। जांच में पता चला कि मरीज कोरोना से संक्रमित था।

# कुख्यात अपराधी बने सफेदपोश

## जमीन कब्जा करने और अवैध संपत्ति बनाने वालों के खिलाफ अब पैनी नजर

रांची, 16 जून (एजेंसियां)। झारखंड की राजधानी रांची को क्राइम फ्री डिस्ट्रिक्ट बनाने की दिशा में पुलिस ने ठोस कार्रवाई शुरू कर दी है। वारंटी और वांटेड अपराधियों को तो सलाखों के पीछे भेजा ही जा रहा है। साथ ही वैसे पुराने कुख्यात क्रिमिनल्स जो जेल से निकलने के बाद सफेदपोश तो बन गए है, लेकिन अपराधिक प्रवृत्ति का ही काम कर रहे हैं। उनको इकोनॉमिकली डैमेज करने की रणनीति पर पुलिस काम कर रही है।

राजधानी को अपराध मुक्त बनाने के लिए जिले के डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने अलग रणनीति के तहत अभियान शुरू किया है। अब वैसे क्रिमिनल्स की खैर नहीं जो पुराने कुख्यात क्रिमिनल्स है और अब सफेदपोश बन कर जमीन कब्जा में लग गए है। उनके इनकम के स्रोत को जानने के लिए इनकम टैक्स फाइल को भी खंगाला जा रहा है।

वैसे कुख्यात अपराधी जो



सफेदपोश बन कर दूसरों के माध्यम से आपराधिक वारदात को अंजाम दे रहे हैं या जमीन का अवैध कारोबार कर रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए कानूनी प्रावधान का सहारा लिया जा रहा है। ताकि कानूनी प्रावधान के तहत अपराधियों की संपत्ति को जब्त किया जा सके और उनकी आर्थिक कमर तोड़ी जा सके।

अपराध की दुनिया से कमाए हुए काले धन का इस्तेमाल कर लग्जरी लाइफ गुजर रहे क्रिमिनल्स की अब खैर नहीं है। कुख्यात अपराधी संदीप थापा और बिट्टू मिश्रा की गिरफ्तारी और संपत्ति को जब्त करने की प्रक्रिया के साथ ही क्रिमिनल्स को इकोनॉमिकली डैमेज करने की पुलिस की रणनीति कारगर साबित भी होती दिख रही है।

इसके साथ-साथ रांची पुलिस पूर्व के कुख्यात अपराधियों पर भी नजर बनाए हुए हैं। परमानेंट वारंटी, वांटेड और फरार अपराधियों के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पिछले दिनों 100 से ज्यादा आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# डैमेज रपटों को खुद बना रहे लोग, सहयोग से पैसे जुटाए

## करोड़ों की मंजूरी, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ, लोगों ने उठाया जिम्मा

गरियाबंद, 16 जून (एजेंसियां)। गरियाबंद में प्रशासन की उदासीनता के चलते ग्रामीणों ने खुद पहल करते हुए क्षतिग्रस्त रपटों की मरम्मत शुरू कर दी है। राजापड़ाव-शोभा मार्ग पर स्थित 5 बरसाती नालों में से 2 क्षतिग्रस्त रपटों का काम श्रमदान से किया जा रहा है।

बाघ नाला रपटे पर रविवार को दूसरे दिन गरहाडीह पंचायत के 100 युवा जुटे। उन्होंने ढाई मीटर चौड़ी और 4 मीटर लंबी स्लैब की ढलाई की। स्लैब की मोटाई 10 इंच से ज्यादा रखी गई है। इससे पहले शनिवार को गौर गांव के युवाओं ने भी इतनी ही बड़ी स्लैब की ढलाई की थी। शोभा नाला की मरम्मत शोभा गांव के युवाओं ने सुबह में पूरी कर ली।

अंबेडकर वादी युवा संगठन ने इस पहल की अगुआई की है। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार दोनों रपटों की मरम्मत में श्रम को छोड़कर लगभग 5 लाख रुपए का सामान लग रहा है। आठ पंचायतों के लोगों ने बैठक कर यह निर्णय लिया। एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया गया है जिसमें सामग्री का हिसाब रखा जा रहा है।

स्थानीय सरपंच, जिला पंचायत सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, कामकाजी युवक, छोटे व्यवसायी और वाहन मालिकों ने मिलकर निर्माण की लागत जुटाई है। सोमवार को कोकड़ी और गोना पंचायत के युवा भी मरम्मत कार्य में शामिल होंगे। जिला पंचायत सदस्य के अनुसार भूख हड़ताल के बाद मिला मरम्मत की मंजूरी का आश्वासन झूठा साबित हुआ।

पूर्व जनपद सदस्य श्रीराम मरकाम, गौतम मंडावी, सरपंच शंकर नेताम ने बताया कि रपटा क्षतिग्रस्त होने के बाद 2021 में कोकड़ी पंचायत के आश्रित पारा डूमरबुडरा निवासी रामनाथ और पत्नी सुगनतीन बह गए।

2022 के बाद हर साल बारिश में स्कूली बच्चे बह जाने के 4, 5 घटना के अलावा 15 से ज्यादा बाइक सवार के दुर्घटनाग्रस्त हो गए। मरम्मत के बार-बार मांग के बावजूद सुधार नहीं हुआ तो जान जोखिम में आते देख ग्रामीणों ने जन सहयोग से मरम्मत करने का मन बनाया।

क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि सप्ताह भर पहले 10 सूत्रीय मांगों को लेकर भूख हड़ताल की गई थी। मांग में क्षतिग्रस्त रपटा का मरम्मत भी शामिल था।

# नौकरी छोड़कर महिला इंजीनियर बनी किसान

## महासमुंद की वल्लरी ने बांस से लो टनल बनाकर कम पानी में उगाई स्ट्रॉबेरी, 35 लोगों को दिया रोजगार

महासमुंद, 16 जून (एजेंसियां)। महासमुंद जिले में पहली बार स्ट्रॉबेरी की खेती कर महिला किसान वल्लरी चंद्राकर उन किसानों के लिए एक मिसाल बनी हैं, जो खेती को घाटे का सौदा मानते रहे हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी छोड़कर इंजीनियर वल्लरी ने दिखा दिया कि महासमुंद जिले में और कम पानी में भी स्ट्रॉबेरी की खेती सफलता पूर्वक हो सकती है।

वल्लरी इससे न सिर्फ अच्छा मुनाफा कमा रही हैं, बल्कि 35 महिलाओं को रोजगार भी दे रखा है। वो महासमुंद के बागबाहरा ब्लॉक के सिर्री गांव की रहने वाली हैं। उसने बताया कि, साल 2012 में इंजीनियरिंग कम्पलीट करने के बाद मैं रायपुर के दुर्गा कॉलेज में कम्प्यूटर साइंस और गणित की सहायक प्राध्यापक बनी। इसके बाद साल 2016 में



एमटेक की डिग्री ली। लेकिन पिता को देखकर मेरा मन खेती में लग गया। मैं अपने गांव सिर्री पहुंची और खेती शुरू की। प्रयोग के तौर पर शुरुआत में मैंने लगभग 30 डिसमिल में ढाई-तीन हजार पौधे लगाए। ऐसा लगातार 2 साल तक किया। इसके लिए खेत की मिट्टी की जांच करवाई। इसके जरिए पता लगाया कि खेत में कौनसे पोषक तत्व कितनी मात्रा में देने हैं। स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए तापमान 18 से 30 डिग्री सेल्सियस तक होना फायदेमंद होता है और 5.0 से 6.5 तक पीएच वाली मिट्टी अच्छी मानी जाती है।

खेत में बलुई दोमट मिट्टी हो तो स्ट्रॉबेरी की उपज दोगुनी हो सकती है। मैंने स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए बांस का उपयोग कर लो टनल बनवाई। इसमें नेट का भी उपयोग किया। रात के समय क्यारी को नेट से ढक देते, ताकि फसल को पाले और ठंड से बचाया जा सके।

# छत्तीसगढ़ में यलो-अलर्ट बिजली गिरने से बच्चे की मौत

## रायपुर-दुर्ग-बिलासपुर संभाग में हो सकती है भारी बारिश, 39 डिग्री के साथ राजनांदगांव रहा सबसे गर्म

रायपुर, 16 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने आज सभी जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के कुछ जिलों में भारी बारिश होगी है, जबकि अन्य क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मानसून एक्टिव होते ही लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बस्तर से मानसून एक्टिव हुआ तो 18-19 जून तक यह रायपुर समेत मध्य जिलों में पूरी तरह सक्रिय हो सकता है। वहीं प्रदेशभर में रविवार को 39 °सी के साथ राजनांदगांव सबसे गर्म रहा। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.6°सी दुर्ग में दर्ज किया गया।

रविवार शाम से प्रदेश के कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई है। रायपुर के अलावा दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, भिलाई, बिलासपुर, पेंड्रा-रोड और अंबिकापुर समेत कई जगहों पर भी तेज बारिश हुई। वहीं बिलासपुर में बिजली गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई।

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के सभी जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। गरियाबंद, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, कोरबा, रायगढ़, सक्ती, जांजगीर में भारी बारिश का अलर्ट है, जबकि अन्य जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ सकती हैं।

पिछले 24 घंटे में दंतेवाड़ा में 50 मिली मीटर, बिलासपुर, कोंडागांव में 30 मिली मीटर,अमलीपदर, धरसींवा में 20 मिली मीटर, कुंडा, बंगला देवरी, सरायपाली, बोड़ला में 10 मिली मीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, 4 दोस्तों की मौत

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, 16 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। शराब के नशे में कार ड्राइवर ने 2 बाइक पर सवार 4 दोस्तों को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि चारों दोस्त बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए। मामला पेंड्रा थाना क्षेत्र के मझगवां का है।

मिली जानकारी के मुताबिक घटना रविवार देर रात की है। मृतकों में गंगाराम गंधर्व (25) निवासी गिरारी, रामावतार गोंड (30) निवासी कुदरी, भूपेंद्र गोंड (28) निवासी बरघाट और बंधी निवासी शानू केवंट (22) का नाम शामिल है। वहीं कार ड्राइवर भी घायल है। दरअसल, नशे में धुत स्नेहिल गुप्ता अपनी कार से तेज रफ्तार में मरवाही की ओर जा रहा था। इस दौरान मरवाही से अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी से 4 दोस्त लौट रहे थे। तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवारों को सीधे टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार 3 युवक और एक युवती सड़क से दूर जा गिरे। वहीं कार पेड़ से जा टकराई। हादसे के बाद राहगीरों ने देखा कि कार पेड़ से टकराई हुई है। अंदर आरोपी युवक फंसा हुआ था। 3 युवक इधर-उधर पड़े हुए थे। युवती दर्द से तड़प रही थी। राहगीरों ने उसी हौसला रखने कहा, उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। युवती को जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक 2 युवकों की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि घायल युवती और एक युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# 10 रुपए खर्च कर महिलाओं ने कारोबारियों के लाखों उड़ाए

## ध्यान भटकाने में माहिर नागपुर-गैंग, ठगी के पैटर्न और बचने के तरीके

रायपुर, 16 जून (एजेंसियां)। रायपुर में महाराष्ट्र के नागपुर की महिला चोर गैंग ऑटो या ई-रिक्शा में बैठी महिलाओं और कारोबारियों के बगल में 10 रुपए खर्च कर खुद सवारी बनकर बैठ जाती। फिर चालाकी से कैश, पर्स या गहने पार कर देती थीं। पुलिस ने ऐसे ही दो मामले में गिरोह की 4 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। ये महिलाएं इतनी शातिर है कि, कुछ ही मिनट में किसी भी व्यक्ति का ध्यान भटका देती है। ज्यादातर शातिर महिलाएं भीड़-भाड़ वाली जगहों पर एक्टिव रहती थी। जिससे ये अपना शिकार आसानी से ढूंढ सके। पुलिस ने इस तरह की ठगी के पैटर्न और इनसे बचने के तरीके भी बताएं हैं। आरिफ खान ने गोलबाजार थाने में अपनी शिकायत में बताया कि, वो बलौदाबाजार का रहने वाला है। प्लास्टिक और स्टील बर्तन का बिजनेस चलाता है। वो अपने बैग में कैश लेकर सामान लेने के लिए 12 जून को रायपुर आया था। तेलीबांधा चौक से जयस्तंभ चौक तक ई रिक्शा में बैठा।

इस दौरान दो महिलाएं भी उसके साथ बैठ गई। वो गोल बाजार में एक दुकान पर उतर गया और अपना बैग चेक किया, तो उसमें रखे 60 हजार रुपए गायब थे। उसने गोलबाजार थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई है।

मुकेश कुमार भोजवानी ने 19 अप्रैल को मौदहापारा थाने में अपनी शिकायत में बताया कि वो तिल्दा नेवरा में रहता है। किराना व्यापारी है। वो शारदा चौक जाने के लिए रेलवे स्टेशन से ई-रिक्शा में बैठा था। उसके साथ बगल में दो महिलाएं भी बैठी थी। वह मंजू ममता होटल के पास उतर गया, फिर सामान लेने चला गया। जब उसने अपना बैग चेक किया तो उसमें 500-500 के बंडल करीब 2 लाख रुपए गायब थे।

पुलिस ने सीसीटीवी जांच में संदिग्ध महिलाओं की पहचान की। इसके बाद 4 महिला मालती शेण्डे, प्रिया इंचुरकर, शालीता उफाडे और संगीता पात्रे से पूछताछ की।

महिलाओं ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन सख्ती होते ही सच उगल दिया। पुलिस ने महिलाओं से चोरी किए 35 हजार कैश जब्त किया है।

# जहर खाने वाले पंचायत सेवक सुखलाल महतो की मौत के बाद बवाल

## डुमरी बीडीओ अन्वेषा ओना गई छुट्टी पर, दर्ज होगी एफआईआर

गिरिडीह, 16 जून (एजेंसियां)। झारखंड के गिरिडीह जिला अंतर्गत डुमरी प्रखंड के पंचायत सेवक सुखलाल महतो की मौत पर बवाल मच गया है। सुखलाल महतो ने डुमरी की बीडीओ और मुखिया (ग्राम प्रधान) के पति सहित चार लोगों पर भ्रष्टाचार और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कार्यालय परिसर में जहर खा ली थी। जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मृतक के शव के साथ रविवार रात से लेकर सोमवार दोपहर 12.30 बजे तक सैकड़ों लोग प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना देते रहे। माहौल तब और गर्म हो उठा, जब डुमरी के विधायक जयराम कुमार महतो भी मृतक सुखलाल महतो के परिजनों के लिए न्याय की मांग करते हुए



सोमवार सुबह धरने पर बैठ गए। बाद में उपायुक्त के प्रतिनिधि के तौर पर एसडीएम संतोष गुप्ता ने विधायक और मृतक सुखलाल महतो के परिजनों के साथ वार्ता की।

आंदोलन कर रहे लोगों की मांगों पर प्रशासन की ओर से सहमति जताए जाने के बाद परिजन शव उठाने और धरना समाप्त करने पर राजी हुए। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि सुखलाल महतो ने बीडीओ अन्वेषा ओना सहित जिन चार लोगों के खिलाफ लिखित तौर पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# रांची सहित 6 जिलों में आज भारी बारिश

## मानसून की दस्तक से पहले भारी बारिश का अलर्ट, जिलों में ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी

रांची, 16 जून (एजेंसियां)। झारखंड में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रवेश से पहले ही मौसम के करवट बदलने के पूरे आसार हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। रांची स्थित मौसम केंद्र ने 16 जून से 19 जून 2025 तक के लिए भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताते हुए ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है।

मानसून के प्रभाव से राज्य के अलग-अलग जिलों में तेज बारिश, जलजमाव और सामान्य जनजीवन पर असर पड़ने की चेतावनी दी गई है।

सोमवार यानी आज 16 जून को राज्य के लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, रांची, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र के अनुसार, यह बारिश मानसून के आगमन की शुरुआत मानी जा रही है।

इसी तरह मंगलवार 17 जून को राज्य के गुमला, सिमडेगा और खूंटी जिलों में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा, लातेहार, लोहरदगा, रांची और पश्चिमी सिंहभूम में भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

# डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार लग्जरी कार

## अगला हिस्सा उड़ा, एयरबैग के कारण बची दो की जान

धमतरी, 16 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले एक बड़ा हादसा हो गया। नेशनल हाइवे पर एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से जा टकराई। जिस कारण से दो लोग घायल हो गए। वहीं, कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। कार पूरी तरह से डैमेज हो गई और कार के परखच्चे उड़ गए। हालांकि कार के एयरबैग खुले से चालक की जान बच गई। हादसे में घायलों को मौके पर मौजूद ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

मामला जिले के अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम संबलपुर के पास नेशनल हाईवे का है। रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार कांकेर की ओर से आ रहे थे। संबलपुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार की स्पीड काफी तेज होने के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे डिवाइडर से टकरा गया। हादसे के समय कार पर दो लोग सवार थे। कार सवार घायल हो गए हैं।

कार डिवाइडर से इतनी जोर से टकराई की कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से चकनाचूर हो गया। कार का इंजन ऑयल सड़क पर फैल गया और वाहन हाईवे के बीचों-बीच रुक गया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। दूसरे वाहनों को दूसरी तरफ से डायवर्ट करना पड़ा।

हादसे के दौरान कार के दोनों एयरबैग खुल गए, जिससे सवारों की जान बची। हालांकि, एक व्यक्ति के पैर में फ्रैक्चर हो गया है, जबकि दूसरे को हल्की चोटें आई हैं। आसपास के ग्रामीणों ने घायलों को कार से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

# सूखे कुएं में उतरे बाप-बेटे की मौत

## 30 फिट गहरे कुएं में गिरा था लोटा उसे ही निकालने में दोनों की जान गई

पलामू, 16 जून (एजेंसियां)। पलामू जिले के हुसैनाबाद थानाक्षेत्र के सहीआरा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई। एक सूखे कुएं में गिरे लोटे को निकालने के प्रयास में बाप-बेटे की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मुन्ना रजवार (36) का लोटा 30 फीट गहरे कुएं में गिर गया था।

वह लोटा निकालने कुएं में उतरा, लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं आया। चिंतित होकर पिता जगत रजवार (60) टॉर्च लेकर कुएं में देखने गए। बेटे को कुएं में देख वह भी उसे बचाने उतर गए। कुएं में पानी नहीं था और निचले हिस्से में कीचड़ जमा था। यहीं दोनों फंस गए। आशंका जताई जा रही है कि दम घुटने से जान गई।

सोमवार सुबह ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली। डरे सहमे लोग कोई भी व्यक्ति कुएं में उतरने को तैयार नहीं हुआ। प्रशासन को सूचना दी गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कुएं में ऑक्सीजन सिलेंडर से ऑक्सीजन की सप्लाई की गई और हवा के लिए पंखा लगाया गया। इसके बाद ग्रामीण कुएं में उतरे और दोनों के शव बाहर निकाले गए। मौके पर हुसैनाबाद एसडीओ गोरांग महतो, सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी और स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा प्रभारी विनेश कुमार व डॉ विकास कुमार मौजूद रहे। दोनों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजे गए।

# हजारीबाग के जंगल में मिला युवती का शव

हजारीबाग, 16 जून (एजेंसियां)। हजारीबाग जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बरकनगांगो पंचायत अंतर्गत बनकेशरी जंगल में सुबह एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ है। बॉडी मिलने की बात से इलाके में सनसनी फैल गई।

ग्रामीण जब जंगल की ओर गए तो उन्हें तेज दुर्गंध का एहसास हुआ। पास जाकर देखने पर जमीन पर नमक बिखरा था और मिट्टी के नीचे किसी कपड़े की झलक दिख रही थी। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बरकट्ठा थाना प्रभारी गौतम उरांव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। खुदाई करवाई गई तो एक युवती का शव बरामद हुआ, जिसे कपड़े में लपेटकर नमक छिड़का गया था और ऊपर से मिट्टी डालकर छिपा दिया गया था। शव की स्थिति देख कर अंदाजा लगाया गया कि हत्या की वारदात को अंजाम देकर पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को जंगल में दफना दिया गया है।

मृतका के चेहरे को बुरी तरह कुचला गया था, जिससे उसकी पहचान कर पाना संभव नहीं हो सका है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। शुरुआती जांच में यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# ईरान ने खोला इजरायल के लिए 'नर्क का दरवाजा'

## गाजा जैसा ना हो जाए हाल, 30 सालों की तैयारी की ताकत, बचाने अमेरिका को आना ही होगा



तेल अवीव/तेहरान, 16 जून (एजेंसियां)। इजरायल ने जब राजधानी तेहरान, फोर्डो न्यूक्लियर फैसिलिटी और इस्फहान के सैन्य ठिकानों पर हमला बोला, तब दुनिया की नजरें ईरान के जवाबी हमले पर टिक गईं। ईरान सालों से कहता आ रहा था कि इजरायल अगर हमला करता है तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस बार इजरायली हमला शुरू होने के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने कहा कि 'इजरायल को बेबस बना दिया जाएगा।' और ईरान ने वही किया है, जिससे वह सालों से दुनिया को आगाह करता आ रहा था। उसने इजरायल के खिलाफ बैलिस्टिक मिसाइलों की झड़ी लगा दी है। ईरान रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स यानि आईआरजीसी ने एक साथ 200 से ज्यादा मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। इनमें से कई मिसाइलें मध्यम दूरी की थीं, जिनकी मारक क्षमता 1000 से लेकर 2000 किलोमीटर के बीच है। ईरान एक बार में कम से म 150 से ज्यादा मिसाइलें इजरायल पर दाग रहा है। इजरायली एयर डिफेंस पूरी ताकत लगाकर उनमें से 99 प्रतिशत से ज्यादा मिसाइलों को नष्ट कर देता है, फिर भी 5-7 बैलिस्टिक मिसाइलें गिरती ही हैं, जिससे इजरायली क्षेत्र में तबाही मच जाती है।

हालांकि एक्सपर्ट्स का कहना है कि इजरायल ने बहुत हद तक ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल बरसाने की क्षमता को नष्ट कर दिया है, फिर भी वो एक बार में कम से कम 150 से ज्यादा एडवांस बैलिस्टिक मिसाइलें दागने में सक्षम हो रहा है, जिससे समझा जा सकता है कि ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम कितना मजबूत है। खुलासा तो यहां तक हुआ है कि ईरान एक बार में 1000 बैलिस्टिक मिसाइल दागने की तैयारी में था और अगर वो ऐसा कर पाता तो इजरायल का हाल गाजा जैसा बनने से कोई नहीं रोक पाता, क्योंकि दुनिया का कोई भी एयर डिफेंस सिस्टम एक साथ 1000 बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट नहीं कर सकता है।

ईरान की सैन्य रणनीति का सबसे मजबूत स्तंभ उसकी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता है। पिछले 25 से 30 सालों में ईरान ने अपनी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को काफी एडवांस किया है। उसके पास अब एडवांस बैलिस्टिक मिसाइलें हैं, जिन्हें इंटरसेप्ट करने में इजरायल नाकाम हो रहा है। ईरान ने सालों की मेहनत के बाद सतह से सतह पर मार करने वाली सैकड़ों मिसाइलों का जखीरा इकट्ठा किया है, जिसमें शॉर्ट रेंज, मीडियम रेंज और इंटरमीडिएट रेंज मिसाइलें शामिल हैं। फतेह-110, जुल्फिकार, शहाब-3 और खुर्रमशहर जैसी मिसाइलें अब सिर्फ नाम नहीं, बल्कि रणनीतिक संदेश बन चुकी हैं।

इजरायल के खिलाफ जवाबी हमलों में, ईरान ने इन मिसाइलों का असाधारण रूप से कॉर्डिनेटेड इस्तेमाल करते हुए यह दिखा दिया है, कि उसके पास सिर्फ रॉकेट नहीं, बल्कि हाई-प्रिसिशन स्ट्राइक कैपेबिलिटी भी है।

अमेरिका और खुद इजरायल का मानना है कि ईरान के पास करीब 3000 बैलिस्टिक मिसाइलें हो सकती हैं। इसके अलावा इजरायली डिफेंस सिस्टम ने धरती के वायुमंडल से बाहर जाकर भी मिसाइलों को नष्ट किया है, जिसका मतलब है कि ईरान ने इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक (आईसीबीएम) मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया है।

# बिहार ले जाई जा रही शराब की खेप जब्त

## तिसरी पुलिस ने टोयोटा कार की जब्त, 466 बोतल शराब बरामद दरभंगा के दो तस्कर धराए

गिरिडीह, 16 जून (एजेंसियां)। गिरिडीह जिले की तिसरी पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चंदौरी में एक टोयोटा कार को रोका। कार से 466 शराब की बोतलें बरामद की गईं। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सफेद टोयोटा कार में शराब लोड कर बिहार ले जाई जा रही है। चंदौरी में कार को रोका गया। दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि कार से 15 कार्टून और चार प्लास्टिक के बोरों में शराब मिली। बरामद शराब में आइकॉनिक व्हाइट की 68 बोतलें, रॉयल स्टेज की 216 बोतलें, स्टर्लिंग रिजर्व बी7 की 119 बोतलें और इंपीरियल ब्लू की 63 बोतलें शामिल हैं। सभी बोतलों पर 'फोर सेल इन झारखंड ओनली' लिखा हुआ था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बिहार के दरभंगा निवासी कृष्णा कुमार पासवान और राजन कुमार पासवान के रूप में हुई है।

# अब तो युद्ध ही एकमात्र विकल्प

## बिलावल भुट्टो को भारत पर क्यों आया गुस्सा, बोले- अपना हिस्सा नहीं छोड़ेंगे




इस्लामाबाद, 16 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला है। बिलावल ने चेतावनी दी है कि अगर भारत पाकिस्तान का पानी रोकने की कोशिश करता है तो देश के लिए युद्ध ही एकमात्र विकल्प रह जाएगा। जर्मन समाचार आउटलेट डीडब्ल्यू उर्दू के साथ एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा, ऐसी कार्रवाइयां पाकिस्तान के लिए अस्तित्व का खतरा पैदा करती हैं, पानी हमारी जीवन रेखा है और हम अपना उचित हिस्सा नहीं छोड़ेंगे।

**भारत ने निलंबित किया था समझौता**

भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। भारत ने कहा था कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते हैं। भारत ने पहले भी कई बार पाकिस्तान को सिंधु जल संधि की समीक्षा करने का अनुरोध किया था, लेकिन इसे अनसुना कर दिया गया था। पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के स्पष्ट सबूत मिले थे। जिसके बाद भारत ने पाकिस्तान में 9 आतंकवादी ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इसके अलावा पाकिस्तानियों का वीजा रद्द कर दिया था और अटारी-वाघा सीमा क्रॉसिंग को भी बंद किया था।

बिलावल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी संसदीय प्रतिनिधिमंडल भारत के साथ संघर्ष के बाद अपने देश का पक्ष रखने के लिए वाशिंगटन, न्यूयॉर्क और लंदन पहुंचा था। यह प्रतिनिधिमंडल अमेरिका में भारी बेइज्जती के बाद भी यूरोपीय यूनियन के नेताओं को बरगलाने के लिए ब्रसेल्स पहुंचा है। अमेरिका में तो कई सांसदों ने इस प्रतिनिधिमंडल के मुंह पर आतंकवाद का साथ छोड़ने और आतंकवादियों को भारत प्रत्यर्पित करने को कहा था।

इंटरव्यू के दौरान, बिलावल ने पाकिस्तान को पानी का प्रवाह रोकने के भारत के फैसले संयुक्त राष्ट्र चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर भारत जल आक्रामकता का सहारा लेता है, तो पाकिस्तान के पास युद्ध के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

उन्होंने झूठा आरोप लगाया कि भारत पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने में शामिल है। उन्होंने कहा, इसके बावजूद, हमने आतंकवाद के जवाब में कभी भी युद्ध की वकालत नहीं की। पीपीपी प्रमुख ने कहा, हम युद्ध नहीं चाहते हैं, उन्होंने पाकिस्तान की कथित शांति की प्राथमिकता पर जोर दिया, लेकिन जोर देकर कहा कि देश का अस्तित्व और जल सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

# ब्लेज मेट्रेवेली: ब्रिटेन की जासूसी एजेंसी के 115 साल के इतिहास की पहली महिला हेड



लंदन, 16 जून (एजेंसियां)। ब्रिटेन की विदेशी खुफिया एजेंसी एमआई6 के 115 साल के इतिहास में पहली बार एक महिला प्रमुख मिली है। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने इस पद के लिए ब्लेज मेट्रेवेली के नाम का ऐलान किया है। यूके सरकार की ओर से सोमवार को जारी बयान में बताया गया है कि ब्लेज मेट्रेवेली सीएमजी के इतिहास में 18वीं हेड और यह पद संभालने वाली पहली महिला होंगी। ब्रिटेन की सीक्रेट खुफिया सर्विस में ढाई दशक का समय बिता चुकीं ब्लेज इस साल के अंत में ये पद संभालेंगी, वह रिचर्ड मूर की जगह लेंगी। रिचर्ड मूर 2020 से एजेंसी का नेतृत्व कर रहे हैं।

ब्लेज मेट्रेवेली ब्रिटेन की वरिष्ठ खुफिया अधिकारी हैं, जिनके पास इस क्षेत्र में काम करने का 26 साल का का अनुभव है। साल 1999 में खुफिया सेवा में शामिल होने वाली 47 वर्षीय मेट्रेवेली वर्तमान में इसके प्रौद्योगिकी और

### जेम्स बॉन्ड कनेक्शन

नवाचार विभाग (क्यू सेक्शन) की महानिदेशक हैं।

ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने मेट्रेवेली के चयन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उनकी एमआई6 की प्रमुख के तौर पर नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब साइबर हमले अंतरराष्ट्रीय चिंता का सबब बन रहे हैं।

मेट्रेवेली ने एमआई6 का नेतृत्व मिलने को अपने लिए बड़ा सम्मान कहा है। उनकी यह नियुक्ति ब्रिटिश खुफिया में 100 साल से लंबे समय से चली आ रही पुरुषों के दबदबे को तोड़ती है। कैम्ब्रिज के पेम्ब्रोक कॉलेज में मानव विज्ञान की पढ़ाई करने वाली मेट्रेवेली ने खुफिया अधिकारी के तौर पर उन्होंने अपना अधिकांश करियर पश्चिम एशिया और यूरोप में ऑपरेशन भूमिकाओं में बिताया है। मेट्रेवेली ने एमआई5, यूके की घरेलू खुफिया एजेंसी में भी विभिन्न वरिष्ठ पदों पर काम किया है।

ब्रिटेन की एमआई6 विदेशों में सीक्रेट ऑपरेशन करती है। यह एजेंसी एमआई5 और डिजिटल निगरानी निकाय जीसीएचक्यू के साथ काम करती है।

मेट्रेवेली ने अपने नाम के ऐलान के बाद कहा, 'एमआई6, एमआई5 और जीसीएचक्यू के साथ मिलकर ब्रिटिश लोगों को सुरक्षित रखने और विदेशों में यूके के हितों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाता है। मैं एमआई6 के बहादुर एजेंटों और हमारे अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ इस काम को जारी रखने के लिए उत्सुक हूं।'

# इंग्लैंड तक गूंजेगा योग और गीता का संदेश

कुरुक्षेत्र, 16 जून (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की गूंज भारत ही नहीं, इंग्लैंड तक सुनाई देगी। 21 जून को कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय योग महोत्सव का आयोजन ब्रह्मसरोवर पर होगा। यहां सीएम नायब सिंह सैनी और योग गुरु स्वामी रामदेव की अगुआई में एक लाख से ज्यादा लोग एक साथ योग करेंगे। इस आयोजन को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेशभर में करीब 10 लाख लोग इस योग दिवस से जुड़ेंगे।

इसी दिन इंग्लैंड के मैनचेस्टर में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। यहां गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जिओ गीता परिवार के साथ मिलकर योग के आध्यात्मिक और वैश्विक महत्व का संदेश देंगे। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के मुताबिक, गीताजी स्वयं योग शास्त्र है। गीताजी वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को साकार करती है। योग केवल शरीर को नहीं, पूरे समाज और विश्व को जोड़ने का माध्यम है।

# अमेरिका में नो किंग्स रैली, गोलीबारी में 1 की मौत

## मिलिट्री परेड के दौरान ट्रम्प का विरोध कर रहे थे, 2 हजार शहरों में हुआ प्रदर्शन

वॉशिंगटन, 16 जून (एजेंसियां)। अमेरिका के साल्ट लेक सिटी में नो किंग्स नाम के एक विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा हो गई। प्रदर्शन में शामिल एक शख्स ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने की कोशिश कर रहे व्यक्ति पर हमला कर दिया। इससे राइफल लेकर खड़ा व्यक्ति और एक राहगीर दोनों घायल हो गए। बाद में अस्पताल में राहगीर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हमला करने वाले 24 साल के युवक का नाम आर्टुरो गैंबोआ है। उसे शनिवार शाम हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। गोली लगने से घायल हुए राहगीर की पहचान 39 साल आर्थर फोलासा आह लू के रूप में हुई है, जिनकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई। साल्ट लेक सिटी के पुलिस प्रमुख ब्रायन रेड ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस घटना की जानकारी दी।

दरअसल, वॉशिंगटन में शनिवार को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर



राष्ट्रपति ट्रम्प, प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प मिलिट्री परेड में भाग लेते हुए।

मिलिट्री परेड का आयोजन किया गया था। इस बीच, ट्रम्प के विरोध में पूरे अमेरिका में लगभग 2 हजार जगहों पर नो किंग्स (यानी अमेरिका का कोई राजा नहीं है) विरोध प्रदर्शन हुए।

वाशिंगटन में 34 साल बाद इतने बड़े पैमाने पर मिलिट्री परेड का आयोजन हुआ। इससे पहले 1991 में ऐसा आयोजन हुआ था। इस परेड में टैंक, 6,700 सैनिक, 128 वाहन, 62 विमान शामिल हुए। इसके अलावा ड्रोन, रोबोटिक डॉग भी शामिल हुए।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस परेड को अमेरिकी ताकत और सैनिकों के बलिदान का प्रतीक बताया। परेड का समापन आतिशबाजी और ट्रम्प के भाषण के साथ हुआ। इस आयोजन में करीब 25 से 45 मिलियन डॉलर (21-38 करोड़) खर्च हुए हैं।

परेड कॉन्स्टिट्यूशन एवेन्यू पर हुई, जिसमें सैनिकों ने ऐतिहासिक वर्दी में मार्च किया और विश्व युद्धों से लेकर आधुनिक युद्ध तक के हथियारों का प्रदर्शन किया गया। ट्रम्प, प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प, और रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने विशेष मंच से परेड देखी। इस दिन ट्रम्प का 79 जन्मदिन भी था। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी ट्रम्प को जन्मदिन की बधाई दी और अपनी शादी की सालगिरह का जिक्र किया। पूरे अमेरिका में 14 जून को नो किंग्स नामक विरोध प्रदर्शन हुए। इस आंदोलन में लोगों ने ट्रम्प की नीतियों और तानाशाही रवैये का विरोध किया। इस आंदोलन का नाम 50 स्टेट्स, 50 प्रोटेस्टर्स, वन मूवमेंट से प्रेरित था, जिसका मतलब है कि अमेरिका के 50 राज्यों में एक साथ विरोध प्रदर्शन। इस समूह का कहना है- अमेरिका सिर्फ ट्रम्प का नहीं, बल्कि सभी अमेरिकियों का है।

# इजरायल में मुस्लिम शहरों पर गिर रहीं ईरानी मिसाइलें

## यहूदी बस्तियों में जश्न, मुसलमान क्षेत्र में नहीं बनाए गये शेल्टर होम, शर्मनाक हकीकत

तेल अवीव, 16 जून (एजेंसियां)। उत्तरी इजरायल में हाइफा के पास तमार शहर के निवासियों ने कभी नहीं सोचा होगा कि घनी आबादी वाला ये शहर इतना भयावह अनुभव का सामना करेगा। इस शहर के ज्यादातर लोग फिलीस्तीनी मूल के इजरायली नागरिक हैं। एक ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल शनिवार रात करीब 11:50 बजे स्थानीय नागरिक खातीब के परिवार पर गिरा, जिसमें मां मनार खातीब, उनकी बेटियां शथा (13) और हाला (20) के साथ साथ एक और रिश्तेदार मनार डायब की मौत हो गयी। इस हमले से खातीब का घर तो ध्वस्त हुआ ही, साथ ही साथ कई मीटर के दायरे में मौजूद कारें और दूसरी घरें तबाह हो गईं। इज़राइल के राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम ने परिवार के चार लोगों की मौत की पुष्टि की है। हमास के खिलाफ पिछले 20 महीनों से चल रहे युद्ध के दौरान उत्तरी इजरायल की सीमावर्ती क्षेत्र में कभी कभी रॉकेट दागे गये, लेकिन उन्हें डिफेंस सिस्टम ने इंटरसेप्ट कर लिया। लेकिन ईरानी मिसाइल शक्तिशाली हैं। एक के अगली सुबह स्थानीय लोगों में भारी गुस्से का माहौल था, क्योंकि शेल्टर होम्स यानि आश्रय स्थल की कमी थी। सबसे खतरनाक ये था कि मुस्लिम बहुल शहरों में आश्रय स्थल बनाए ही नहीं गये हैं।

# नाइजीरिया के बेन्यू में 100 लोगों की गोली मारकर हत्या

## सैकड़ों घायल, कई लापता, बंदूकधारियों ने कई परिवारों को घरों में बंद कर जिंदा जलाया



अबुजा, 16 जून (एजेंसियां)। नाइजीरिया के नॉर्थ-सेंट्रल बेन्यू स्टेट के गुमा स्थित येलेवाटा में कम से कम 100 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सैकड़ों लोग घायल हैं और दर्जनों लोग अभी भी लापता हैं।

ह्यूमन राइट्स ग्रुप एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि यह हमला शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक हुआ। घायलों को अब तक जरूरी मेडिकल सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

एमनेस्टी के मुताबिक, इस सामूहिक हमले में हमलावरों ने गांव के कई परिवारों को उनके घरों में बंद करके जिंदा जला दिया। लोग इतने बुरी तरह जल गए, उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया। बेन्यू पुलिस ने हमले की पुष्टि की है, लेकिन यह नहीं बताया कि हत्याएं किसने की और कितने लोग मारे गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि हमले में 100 से अधिक लोगों के मरने की आशंका है। बेन्यू नाइजीरिया के मध्य बेल्ट में है, जिसके उत्तर में बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी है और दक्षिण में ज्यादातर ईसाई रहते हैं। दोनों समुदायों के बीच अक्सर जमीन और पानी के लिए लड़ाई होती है। जातीय और धार्मिक बंटवारे के कारण ये झगड़े और भी बदतर हो जाते हैं। खासकर जमीन को लेकर मुस्लिम और ईसाई चरवाहों और किसानों के बीच कॉम्पिटिशन है। चरवाहों को अपने मवेशियों के चरने लिए और किसानों को खेती के लिए जमीन की जरूरत होती है। किसान चरवाहों पर आरोप लगाते हैं कि वे मवेशियों को उनके खेतों में चराते हैं और फसल नष्ट कर देते हैं।

# धर्मशाला में 7 दिन से लापता इजरायली टूरिस्ट मिला

## ग्रामीणों ने थाथरी की पहाड़ियों में देखा, हालत गंभीर, इजरायली दूतावास को रिपोर्ट भेजी



धर्मशाला, 16 जून (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय ट्रैकिंग रूट धर्मशाला के त्रियुंड से लापता हुआ इजरायली टूरिस्ट सैमुअल वेंगरिनोविच को सात दिन बाद रविवार को थाथरी क्षेत्र में ढूंढ लिया गया है। बीते एक हफ्ते से जंगलों, पहाड़ियों और ट्रैकिंग ट्रेल्स में उसकी तलाश जारी थी।

30 वर्षीय सैमुअल वेंगरिनोविच, जो एक स्वतंत्र यात्री के रूप में भारत आया था, 6 जून को त्रियुंड ट्रैक पर गया था, लेकिन इसके बाद उसका किसी से संपर्क नहीं हुआ। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके मित्र एडिलम द्वारा मैक्लोडगंज पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद मामला अंतरराष्ट्रीय टूरिस्ट सुरक्षा का बन गया और पुलिस ने खोजबीन तेज कर दी।

शनिवार को थाथरी क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों ने एक कमजोर और थका हुआ व्यक्ति झाड़ियों के बीच बैठे देखा, जिसकी हालत गंभीर नजर आ रही थी। जब नजदीक जाकर देखा गया तो पता चला कि वह वही टूरिस्ट है, जिसकी गुमशुदगी की सूचना बीते दिनों मीडिया और सोशल मीडिया पर वायरल थी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और सैमुअल को स्ट्रेचर के माध्यम से वहां से निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज, कांगड़ा भेजा गया।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार, सैमुअल की हालत काफी कमजोर है, उसे भूख, निर्जलीकरण और थकावट के कारण अत्यधिक शारीरिक कमजोरी का सामना करना पड़ रहा है।

# तीन रातों से सो नहीं पाए

## ईरान में बढ़ते हमलों के बीच भारतीय छात्रों ने घर वापसी की लगाई गुहार



तेहरान, 16 जून (एजेंसियां)। ईरान में फंसे भारतीय छात्रों ने केंद्र सरकार से सुरक्षित घर वापसी की गुहार लगाई है। देश भर में इस्राइली हमलों की वजह से ईरान में फंसे सैकड़ों भारतीय मेडिकल छात्रों में से एक इम्तिसाल मोहिदीन ने कहा कि शुक्रवार सुबह 2:30 बजे में तेज धमाकों की आवाज सुनकर उठा और बेसमेंट की ओर भागा। तब से हम सोए नहीं हैं। दरअसल, छात्र छात्रावासों और अपार्टमेंटों से कुछ किलोमीटर की दूरी पर ही विस्फोटों की सूचना मिलने के साथ ही लोगों में डर बढ़ता जा रहा है। भारतीय अपनी सरकार से अपील कर रहे हैं कि बहुत देर होने से पहले उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला जाए। तेहरान में शहीद बेहेश्टी विश्वविद्यालय में एमबीबीएस के तीसरे वर्ष के 22 वर्षीय छात्र इम्तिसाल ने कहा कि अकेले उनके विश्वविद्यालय में ही 350 से अधिक भारतीय छात्र हैं। हम अपने अपार्टमेंट के बेसमेंट में फंसे हुए हैं। हम हर रात धमाके सुनते हैं। एक विस्फोट सिर्फ 5 किलोमीटर दूर हुआ था। हम तीन दिनों से सोए नहीं हैं। मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा के रहने वाले मोहिदीन ने बताया कि बमबारी के कारण विश्वविद्यालय ने कक्षाएं स्थगित कर दी हैं। छात्र बाहर निकलने से बच रहे हैं। शाहिद बेहेश्टी विश्वविद्यालय अपने किफायती और प्रतिष्ठित एमबीबीएस कार्यक्रम के लिए भारतीय नागरिकों में काफी चर्चित है। जानकारी के मुताबिक, विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों के संपर्क में बना हुआ है। समाचार एजेंसी एएनआई ने जिन लोगों से बात की, उन्होंने कहा कि वे अब सुरक्षा निर्देशों और अगले कदमों के लिए भारतीय दूतावास की सलाह और समन्वय पर निर्भर हैं। मोहिदीन ने कहा, 'हम भारत सरकार से अनुरोध करते हैं कि स्थिति बिगड़ने से पहले हमें निकाल लिया जाए।

# ईरान के परमाणु किले को भेदने में बेबस दिख रहा इजरायल

## भूकंप लाकर भी फेल, अमेरिका गिराएगा 'ब्रह्मास्त्र' जीबीयू-57 या देगा धोखा?

तेल अवीव/तेहरान, 16 जून (एजेंसियां)। इजरायल पूरी ताकत से ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों को ध्वस्त करने पर तुला है। इजरायली एयरफोर्स लगातार तेहरान समेत ईरान के अलग अलग हिस्सों में बमबारी कर रही है। जिसके जवाब में तेहरान भी इजरायल को उसी की भाषा में जवाब दे रहा है। तेल अवीव और हाइफा जैसे शहर में तबाही मच गई है। कई इलाके ईरान की विनाशक एडवांस बैलिस्टिक मिसाइल से दहल उठे हैं। इन सबके बीच इजरायली हमलों में ईरान के कम से कम 14 परमाणु वैज्ञानिक मारे गये हैं। लेकिन इस पूरे अभियान में एक ठिकाना आज भी अडिग खड़ा है, वो है फोर्डो न्यूक्लियर फ्यूल इनरिचमेंट प्लांट, जो ना सिर्फ ईरान की न्यूक्लियर क्षमता का दिल है, बल्कि अब एक ऐसा पहेली बन चुका है जिसे इजरायल जैसे ताकतवर देश भी हल नहीं कर पा रहे। हालांकि इजरायल ने यहां भी बमबारी की है, लेकिन अब पूरी दुनिया की नजर इस बात पर है कि क्या इजरायल इस किले को भेद पाएगा?

फोर्डो कोई साधारण न्यूक्लियर संयंत्र नहीं है, बल्कि यह मध्य ईरान के कोम शहर से 20 मील और तेहरान से लगभग 100 मील दूर एक पहाड़ी के अंदर छिपा हुआ है। इसे ईरान के न्यूक्लियर कार्यक्रम का किला कहा जाता है, क्योंकि ये पहाड़ी में इतनी अंदर बनाया गया है कि इसे भेदना आसान नहीं है। इसकी बनावट ने इसे एक 'न्यूक्लियर किला' बना दिया है। इसे सिर्फ बमबारी से तोड़ना काफी मुश्किल है, बल्कि इसे तोड़ने के लिए वैज्ञानिक तरीके और गहरी रणनीति इस्तेमाल करना होगा। कई एक्सपर्ट्स मान रहे हैं इजरायल ऐसा ही करने की कोशिश कर रहा है। यह ठिकाना इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के बेस में स्थित है, और इसे तोड़ने के लिए भयानक बंकर बस्टर बमों की जरूरत होगी। जिसे अमेरिकी बी-2 बॉम्बर्स से गिराया जा सकता है और यही वजह है कि इजरायली प्रधानमंत्री बार बार अमेरिका से मदद मांग रहे हैं।

ईरान जानता है कि इजरायल फोर्डो को तबाह करने के लिए हर हद को पार कर सकता है। इसलिए उसने फोर्डो को एयर डिफेंस सिस्टम से इसे घेरते हुए बहुत चतुराई के साथ इसका निर्माण किया है। अगर इजरायल को वास्तव में ईरान की परमाणु क्षमताओं को खत्म करना है तो उसे फोर्डो को ध्वस्त करना ही होगा। इसकी सबसे बड़ी ताकत है इसका डिजाइन।

# सभी महिलाएं ध्यान दें, चुपचाप बढ़ता जा रहा है इस बीमारी का खतरा, अभी से हो जाइए सावधान


आज की तेज रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली में महिलाओं की सेहत से संबंधित कई समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) भी ऐसी ही एक समस्या है। भारत में हर 5 में से 1 महिला इस स्थिति से जूझ रही है, और ये आंकड़े लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

पीसीओएस केवल एक हार्मोनल असंतुलन नहीं, बल्कि एक लाइफस्टाइल की भी दिक्कत है जो महिलाओं की प्रजनन क्षमता, मानसिक स्वास्थ्य, और समग्र जीवनशैली को गहराई से प्रभावित कर सकता है।

प्रसव उम्र की महिलाओं में हार्मोनल बदलाव के कारण पीसीओएस और इससे संबंधित अन्य जटिलताओं का खतरा रहता है। इस समस्या में शरीर में एण्ड्रोजन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, अंडाशय पर कई छोटे सिस्ट हो सकते हैं। पीसीओएस के कारण मासिक धर्म के रुकने या अनियमित होने, बालों के अधिक विकास, मुंहासे, बांझपन और वजन बढ़ने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं।

दुनियाभर में बढ़ता जा रहा है इस रोग का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं अधिकतर लोगों में इस रोग का समय पर पता ही नहीं चल पाता।



दुनियाभर में 60-70% प्रभावित महिलाओं में इसका निदान नहीं हो पाता है, जबकि प्रजनन-आयु वर्ग की अनुमानित 8-13 प्रतिशत महिलाएं पीसीओएस का शिकार होती हैं। पीसीओएस में मासिक धर्म से संबंधित दिक्कतों के कारण प्रजनन क्षमता पर भी नकारात्मक असर हो सकता है इसलिए जरूरी है कि समय रहते इसके लक्षणों की पहचान और उपचार किया जाए।

आइए पीसीओएस में होने वाली समस्याओं के बारे में जानते हैं।

पीसीओएस के कारण होने वाली समस्याएं

पीसीओएस कई प्रकार की जटिलताएं बढ़ाने वाली दिक्कत है। पीसीओएस से पीड़ित महिलाओं को कई प्रकार के लक्षणों का अनुभव हो सकता है, जो हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं।

अनियमित मासिक धर्म की समस्या से लेकर चेहरे या शरीर पर अत्यधिक बाल आने, मुंहासे की दिक्कत और बालों का झड़ने (एलोपेसिया) की समस्या इसका आम लक्षण हैं। ये प्रजनन क्षमता में कमी, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं (तनाव, चिंता और अवसाद) और वजन बढ़ने का खतरा भी बढ़ा देती है।

मासिक धर्म की दिक्कत

मासिक धर्म में होने वाली समस्याओं के कई कारण हो सकते हैं, पर अगर बार-बार आपको ये दिक्कत बनी रहती है तो इसको लेकर गंभीरता से ध्यान देना और डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी हो जाता है। मासिक धर्म अगर बार-बार या सामान्य अवधि से अधिक समय तक बना रहता है तो इसे पीसीओएस की दिक्कत माना जा सकता है। पीसीओएस की समस्या पर ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण गर्भधारण की दिक्कतें भी हो सकती है।

पीसीओएस हो जाए तो क्या करें?

जिन महिलाओं को पीसीओएस की समस्या है, उन्हें डॉक्टरी सलाह के साथ अपने खान-पान और लाइफस्टाइल में भी सुधार करना चाहिए।

सबसे जरूरी है संतुलित आहार अपनाएं- फाइबर और प्रोटीन से भरपूर डाइट लें जिसमें खूब सारी फल-सब्जियां, साबुत अनाज हो।

प्रोसेस्ड फूड, मीठा और फास्ट फूड से बचें। इसका सेहत पर नकारात्मक असर होता है।

आहार में लो-ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थ चुनें। इससे शुगर भी बढ़ता है पीसीओएस की भी दिक्कतें बढ़ती हैं।

हफ्ते में कम से कम 150 मिनट व्यायाम करें। शारीरिक रूप से सक्रिय रहना पीसीओएस के लक्षणों को कम करने में मददगार है।

# क्या आपको भी बहुत ज्यादा नींद आती है? कहीं ये किसी गंभीर समस्या का संकेत तो नहीं

क्या कभी ऐसा होता है कि रात में पूरी नींद लेने के बावजूद, आपको दिनभर अजीब सी सुस्ती महसूस होती है या हर समय नींद आती है? यह सिर्फ सामान्य थकान नहीं, बल्कि एक गंभीर स्थिति हो सकती है जिसे हाइपरसोम्निया कहते हैं। इसमें व्यक्ति को सामान्य से कहीं ज्यादा नींद की आवश्यकता होती है, जो उनकी दिनचर्या और काम पर बुरा असर डालती है।

जिन लोगों को पूरी नींद लेने के बाद भी दिनभर थकान और सुस्ती महसूस होती है, उन्हें अक्सर लगता है कि वे आलसी हैं या उनकी नींद पूरी नहीं हुई। जबकि, हर बार ऐसा होना जरूरी नहीं। यह किसी बीमारी का भी लक्षण हो सकता है। हाइपरसोम्निया कई बार किसी अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकती है। ये स्थितियां शरीर के ऊर्जा स्तर को प्रभावित करती हैं और नींद की गुणवत्ता को बाधित करती हैं, जिससे दिनभर सुस्ती बनी रहती है। इसलिए, अगर आप लगातार इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो इसे हल्के में न लें। आइए इस लेख में जानते हैं कि किन बीमारियों का आशंका अधिक होती है।

### डायबिटीज

अनियंत्रित रक्त शर्करा हाइपरसोम्निया का कारण बन सकता है। डायबिटीज में शरीर ग्लूकोज को ऊर्जा में बदलने में असमर्थ होता है, जिससे थकान और नींद की समस्या होती है। बार-बार प्यास, पेशाब और वजन कम होना इसके अन्य लक्षण हैं।

### थायराइड डिसऑर्डर

हाइपोथायरायडिज्म एक बीमारी है, जिसमें थायराइड ग्रंथि कम सक्रिय होती है, मेटाबॉलिज्म को धीमा करता है। इससे सुस्ती, थकान और अत्यधिक नींद की समस्या बढ़ जाती है। वजन बढ़ना, ठंड लगना और बाल झड़ना इसके लक्षण हो सकते हैं।

### एनीमिया

एनीमिया में लाल रक्त कोशिकाओं या हीमोग्लोबिन की कमी से शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति कम होती है, जिससे थकान और नींद की समस्या बढ़ जाती है। यह आयरन, विटामिन B12 या फोलिक एसिड की कमी से हो सकता है।

### स्लीप एपनिया

स्लीप एपनिया एक ऐसी स्थिति है, जिसमें नींद के दौरान सांस बार-बार रुकती है, जिससे गहरी और सुकून भरी नींद नहीं मिलती। इस कारण दिन में अत्यधिक नींद, थकान, खर्राटे, सिरदर्द और एकाग्रता में कमी जैसे लक्षण दिख सकते हैं।

# पीसीओएस से जूझ रही हैं? ये चार डाइट टिप्स हार्मोनल संतुलन में करेंगे मदद



पीसीओएस से जूझ रही महिलाओं को अक्सर अनियमित पीरियड्स और शरीर पर अनचाहे बालों की वृद्धि जैसे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आइए इस लेख में चार प्रभावी डाइट टिप्स जानते हैं, जो पीसीओएस से जूझ रही महिलाओं के लिए फायदेमंद हो सकता है।

आजकल की भागदौड़ भरी जीवनशैली में, पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) प्रजनन आयु की महिलाओं में तेजी से बढ़ती एक आम हार्मोनल समस्या बन गई है। यह सिर्फ एक स्वास्थ्य स्थिति नहीं, बल्कि कई महिलाओं के लिए चिंता और तनाव का कारण भी बनती है। पीसीओएस से जूझ रही महिलाओं को अक्सर अनियमित पीरियड्स, अचानक वजन बढ़ना, चेहरे पर मुंहासे और शरीर पर अनचाहे बालों की वृद्धि जैसे परेशान करने वाले लक्षणों का सामना करना पड़ता है।

यह विकार मुख्य रूप से इंसुलिन प्रतिरोध और हार्मोनल असंतुलन से जुड़ा है, जो शरीर के कई कार्यों को प्रभावित करता है। हालांकि, पीसीओएस का नाम सुनकर घबराने की जरूरत नहीं है। इसका प्रबंधन और लक्षणों को नियंत्रित करना बिल्कुल संभव है। सही जीवनशैली में बदलाव, एक संतुलित डाइट प्लान और नियमित व्यायाम को अपनाकर इस स्थिति को प्रभावी ढंग से संभाला जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, संतुलित आहार न केवल लक्षणों को कम करता है, बल्कि हार्मोनल संतुलन को भी बेहतर बनाता है। आइए इस लेख में चार प्रभावी डाइट टिप्स के बारे में जानते हैं, जो पीसीओएस से जूझ रही महिलाओं के लिए फायदेमंद हो सकता है।

कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) वाले खाद्य पदार्थ चुनें

पीसीओएस में इंसुलिन प्रतिरोध ब्लड शुगर को बढ़ाता है, जो हार्मोनल असंतुलन पैदा करता है। कम जीआई वाले खाद्य पदार्थ, जैसे ब्राउन राइस, क्विनोआ, ओट्स और हरी सब्जियां, जो ब्लड शुगर में अचानक वृद्धि को रोकते हैं। ये वजन नियंत्रण और इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करते हैं।

### प्रोटीन और हेल्दी फैट को प्राथमिकता दें

प्रोटीन और हेल्दी फैट हार्मोन उत्पादन और भूख नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंडे, मछली, टोफू, दाल और बादाम तो डाइट में शामिल करें। इनमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन होता है, जो मांसपेशियों को पोषण प्रदान करते हैं। एवोकाडो, नट्स और जैतून का तेल जैसे स्वस्थ फैट सूजन को कम करते हैं।

### फाइबर युक्त आहार अपनाएं

फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे फल (सेब, बेरीज), सब्जियां (पालक, ब्रोकली) और साबुत अनाज, पाचन को बेहतर बनाते हैं और इंसुलिन प्रतिरोध को कम करते हैं। यह शरीर में हार्मोन्स का संतुलन बनाए रखने में भी मदद करते हैं।

### चीनी और प्रोसेस्ड फूड्स से परहेज करें

चीनी युक्त खाद्य पदार्थ और प्रोसेस्ड फूड्स, जैसे केक, सोडा और फास्ट फूड, इंसुलिन और सूजन को बढ़ाते हैं, जो पीसीओएस के लक्षणों को और बिगाड़ते हैं। इनसे हार्मोनल असंतुलन और वजन बढ़ने का खतरा रहता है।

# आंतों में सूजन के बढ़ रहे हैं मामले ये है इसका सबसे बड़ा कारण



पाचन तंत्र और आंतों से संबंधित समस्याओं के मामले सभी उम्र के लोगों में तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। युवा आबादी भी इसका शिकार हो रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि गड़बड़ होता खान-पान और खराब लाइफस्टाइल के कारण आंतों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। विशेषतौर पर फास्ट-जंक फूड्स का बढ़ता चलन इसका बड़ा कारण माना जा रहा है। अस्पतालों में आंतों की सूजन की समस्या वाले रोगियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आजकल की बदलती जीवनशैली और खानपान की आदतों के कारण आंतों में सूजन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, इसे इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज (आईबीडी) के नाम से भी जाना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसकी एक प्रमुख वजह है फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन है।

कम उम्र से ही जो बच्चे इस प्रकार के गड़बड़ खान-पान की आदत बना लेते हैं उनमें आंतों से संबंधित समस्याओं के मामले काफी बढ़ जाते हैं।

### फास्ट-जंक फूड्स बढ़ा रहे हैं पेट की दिक्कतें

फास्ट-जंक फूड्स भले ही आजकल लोगों की पसंद हो पर इसके साइड-इफेक्ट्स काफी गंभीर हो सकते हैं। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड में फाइबर की कमी होती है जिससे आंतों की सफाई और पाचन सही नहीं होता। इसके अलावा फास्ट फूड में इस्तेमाल होने वाले रसायन आंतों की म्यूकोसा (सुरक्षात्मक परत) को नुकसान पहुंचाने लगते हैं, जिससे सूजन की दिक्कत काफी बढ़ जाती है।

फास्ट-जंक फूड्स से सेहत को होने वाले नुकसान का एक बड़ा कारण इसमें मौजूद ट्रांस फैट और हाई शुगर भी है। ये दोनों सूजन को बढ़ावा देते हैं और 'गट माइक्रोबायोम' (आंतों के गु. बैक्टीरिया) को असंतुलित करते हैं, जिसका असर लंबे समय तक पाचन की समस्याओं को बढ़ाने वाला हो सकता है।

### कहीं आपके भी नहीं हो गई है आंतों में सूजन?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, आंतों में सूजन की समस्या किसी भी उम्र में हो सकती है। इसके लक्षणों को पहचानना जरूरी है ताकि आप गंभीर समस्या से बचाव कर सकें। लगातार पेट में दर्द और ऐंठन रहती है, डायरिया या कब्ज की समस्या बनी रहती है तो सावधान हो जाएं।

आंत में सूजन और अन्य समस्याओं के कारण वजन तेजी से घटने या बढ़ने, थकान और एनर्जी की कमी, इम्यून सिस्टम कमजोर होने जैसी दिक्कतें भी देखी जाती रही हैं। आईबीडी का अगर समय पर इलाज न कराया जाए तो इसके कारण कोलन कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम जो कुछ भी खाते हैं, उसका असर हमारी आंतों और पाचन तंत्र पर पड़ता है। फास्ट फूड सिर्फ पेट नहीं, इम्यून सिस्टम, दिमाग और दिल सबको नुकसान पहुंचाते हैं, इसलिए इनसे दूरी बनाना जरूरी है। आंतों को स्वस्थ रखने वाले उपाय भी निरंतर करते रहना चाहिए।

### आंतों को स्वस्थ रखने के लिए क्या करें?

प्रोसेस्ड-जंक फूड का सेवन कम करें। फाइबर युक्त आहार जैसे फल, सब्जियां, साबुत अनाज अधिक खाएं। गट बैक्टीरिया को बढ़ाने के लिए प्रोबायोटिक्स जैसे दही का सेवन करें। शरीर को हाइड्रेशन का विशेष ध्यान रखें, खूब पानी पिएं।

इन उपायों के साथ नियमित रूप से व्यायाम करें। ये पाचन स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है।

# सुबह खाली पेट कौन-सा फल खाना है सबसे फायदेमंद? इन फलों के अद्भुत गुण

सुबह का समय खाली पेट फल खाने के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। यह आदत हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। फल पाचन क्रिया को सुधारते हैं, और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। आइए इस लेख में जानते हैं कि किन फलों को खाना अधिक फायदेमंद होता है।

सुबह का नाश्ता दिन की शुरुआत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, और इस पहले भोजन में हम क्या शामिल करते हैं, यह हमारे पूरे दिन की ऊर्जा और पाचन पर गहरा असर डालता है। ऐसे में, खाली पेट फल खाना एक ऐसी आदत है जिसे आयुर्वेद और आधुनिक पोषण विशेषज्ञ दोनों ही स्वास्थ्य के लिए अत्यंत गुणकारी मानते हैं। खाली पेट कुछ फलों का सेवन करना सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है जिसके बारे में आपको भी जानना चाहिए।

सुबह खाली पेट फलों का सेवन करने से हमारा पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करना शुरू करता है, क्योंकि फलों में मौजूद फाइबर और एंजाइम शरीर को डिटॉक्स करने और भोजन को पचाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, फल प्राकृतिक शर्करा और पानी से भरपूर होते हैं, जो हमें तुरंत ऊर्जा प्रदान करते हैं और शरीर को हाइड्रेटेड रखते हैं। यह आदत न केवल शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में सहायता करती है, बल्कि हमारे मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ाती है। इसलिए, यदि आप अपने दिन की शुरुआत स्वस्थ और ऊर्जावान



तरीके से करना चाहते हैं, तो खाली पेट फल खाने की आदत को अपनाना एक बेहतरीन विकल्प है।

### पपीता



पपीता पाचन तंत्र के लिए वरदान है। इसमें मौजूद पपैन एंजाइम प्रोटीन को तोड़ने में मदद करता है, जिससे कब्ज, गैस और अपच की समस्या दूर होती है। पपीता विटामिन C, A और फाइबर से भरपूर होता है, जो इम्यूनिटी बढ़ाता है और त्वचा को चमका देता है। सुबह खाली पेट 1-2 कप पपीता खाने से आंतें साफ होती हैं और मेटाबॉलिज्म तेज होता है।

### सेब

₹एक सेब रोज खाओ, डॉक्टर को दूर भगाओ₹ वाली कहावत बिल्कुल सही है। सेब में फाइबर, विटामिन C और एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करते हैं। सुबह खाली पेट सेब खाने से पेट भरा रहता है, जो वजन घटाने में मदद करता है। इसका पेक्टिन फाइबर आंतों को स्वस्थ रखता है। कोशिश करें कि सेब को छिलके सहित खाएं और अच्छी तरह चबाएं।



### केला

केला पोटैशियम, विटामिन B6 और कार्बोहाइड्रेट्स का भंडार है, जो सुबह खाली पेट खाने पर तुरंत एनर्जी देता है। यह मांसपेशियों की ऐंठन को रोकता है और ब्लडप्रेशर को कंट्रोल करता है। केला पाचन को सुधारता है और अल्सर जैसी समस्याओं को ठीक करने में मदद करता है।

### क्यों सुबह खाली पेट फल खाना बेहतर?

सुबह खाली पेट फल खाने से शरीर आसानी से पोषक तत्वों को अवशोषित करता है। फल हल्के और जल्दी पचने वाले होते हैं, जो पाचन तंत्र पर दबाव नहीं डालते। ये डिटॉक्सिफिकेशन में मदद करते हैं और दिनभर ऊर्जा बनाए रखते हैं। हालांकि, डायबिटीज या गैस्ट्रिक समस्याओं के मरीज को चिकित्सक से सलाह लेकर ही इन फलों का सेवन करना चाहिए।

# कब्ज का आयुर्वेदिक उपचार बताएं

**प्रश्न : मेरी उम्र 38 वर्ष है। कब्ज से तंग आ गया हूं। हमेशा सुस्ती बनी रहती है। सिर में भारीपन रहता है । कृपाकर आयुर्वेदिक इलाज बताएं।**

**- प्रकाश माली, सिकंदराबाद**

उत्तर : पचने में भारी पदार्थ, तले पदार्थ, अनियमित खाने से और मानसिक दबाव के कारण जाठराग्नि पर असर पड़ता है। अग्नि मंद होने लगती है। मंदाग्नि से पीड़ित व्यक्ति को भूख नहीं लगती । आलस आने लगता है, अरूचि होने लगती है। आंतें समय पर कचरा बाहर न निकाले तब शरीर में, खासकर सिर में, भारीपन आ जाता है। प्रसिद्ध लोकोक्ति है - आंत भारी, तो माथ भारी ! ऐसी स्थिति में रात सोते समय निरोग लेवें। यह चूर्ण कब्जियत दूर करता है, पेट में गैस के प्रकोप को शांत करता है। यह पाचन क्रिया को सुधार कर पाचन संस्थान को सुदृढ़ करता है । यह सुरक्षित और आदत रहित चूर्ण है। औरा लैक्झोल पाउडर भी उतना ही असरकारक है। यदि कोष्ठ मृदु हो- ऐसी स्थिति में आप लैक्झोल पाउडर ५-७ ग्राम रात सोते समय गुनगुने पानी से ले सकते हैं । प्रशांत मैन्युफैक्चरर का अमिलैक्स ग्रेन्यूल्स भी कब्जियत को दूर करने में अति उपयोगी है। इसे एक चम्मच की मात्रा में रात सोते समय गुनगुने पानी के साथ लेने पर शौच साफ होता है और सर में भारीपन खत्म होता है।

भोजन के बाद ऊंझा पंचासव का प्रयोग पाचन क्रिया को सुधारता है। साथ ही खून की कमी का नाश कर बल और ताजगी लाता है। यदि साथ ही आध्मान की शिकायत हो तब पंचासव के साथ ही गैसहर वटी का प्रयोग निरापद और तुरंत असरकारक होता है। चिकित्सा के दौरान फास्टफूड ,जंकफुड,दावतों का भोजन, भोजन पर भोजन, गरिष्ठ भोजन का त्याग करें। भोजन के आधे घंटे बाद पानी पिए । और उषापान याने सुबह खाली पेट पानी पीने की आदत डालें।

**प्रश्न : मेरी उम्र 62 वर्ष है। मेरे घुटनों में भयंकर दर्द होता है । उठने-बैठने, चलने -फिरने में कठिनाई होती है। पेट साफ नहीं रहता। कब्ज की शिकायत है। कृपा कर आयुर्वेदिक उपचार बताएं।**

**- भूपाल रेड्डी, करीमनगर**

उत्तर : बढ़ती उम्र में संधिवात की समस्या आम हो गई है। इसे ही आस्टियों आर्थराइटिस कहते हैं। घुटनों की संधियों में स्थित श्रेष्ठ कफ 'सायनोवियल फ्लुइड' कम हो जाने से हड्डियों में घर्षण होने के कारण संधिशोथ और तीव्र पीड़ा होने लगती है। इसका आयुर्वेद में उपचार है। ऊंझा महायोगराज गुग्गुलु, वातगजांकुश रस व ऊंझा नवरत्न कल्पामृत रस की गोली भोजन के बाद पानी से लेवें। भोजन के बाद ही ऊंझा महारास्नादि क्वाथ १५-१५ मिलीलीटर को 3 गुने निवाए पानी में मिलाकर लेवें। दर्द व सूजन दोनों ही कम होने लगेंगे।औरा रुमाटाईज टिकिया या ऊंझा रुमूव कैप्सूल को सोंठ मिश्रित दूध से लेने पर दर्द में बहुत जल्दी राहत मिलने लगती है। प्रशांत का दर्दनाल कैप्सूल भोजन के बाद सुबह शाम लेने पर घुटनों के दर्द में आराम मिलता है। ऊंझा महानारायण तेल या रुमाटाईज तैल की मालिश करें। ऐसा करने से तुरंत फायदा होने लगता है।

गरिष्ठ भोजन, भोजन पर भोजन, तीखे मिर्च मसालेदार भोजन, बासी भोजन, वात वर्धक आहार-विहार का त्याग करें। ताजा ,संतुलित, सुपाच्य व पौष्टिक भोजन करें। तनाव, चिंता से दूर रहें। हल्का व्यायाम करना प्रारंभ कर दें। धीरे-धीरे दर्द में आराम होने लगेगा।

**प्रश्न : लो ब्लड प्रेशर में क्या खाएं और क्या न खाएं? कृपया कर बताएं!**

**- सदाशिव राव, महबूबनगर**

उत्तर : लो ब्लड प्रेशर यानि निम्न रक्तचाप में अधिक फल सब्जियों और पौष्टिक भोजन पदार्थों का सेवन करें ।

*भोजन के साथ मूली, गाजर, खीरा ककड़ी आदि का सलाद बनाकर सेवन करें ।

*प्रतिदिन हरी सब्जियों का सूप बनाकर पीवें।

* अंकुरित अनाज और दालों का सेवन करें।

* प्रतिदिन खजूर, आंवले, सेव, गाजर का मुरब्बा लें।

* भोजन से पहले रोजाना 300 ग्राम टमाटर काटकर उसमें सेंधा नमक मिलाकर लेवें।

* भोजन से पूर्व अदरक और नमक लिया जा सकता है।

* अनार, संतरा, अंगूर, सेव, गाजर, चुकंदर, अन्नानास फल अवश्य लें।

* दूध में दूध छुहारे देर तक उबालकर सेवन करें।

* रात को जल में बादाम भिगोकर फिर सुबह पीसकर दूध में मिलाकर पिएं।

* गाजर के 200 ग्राम रस में 30 ग्राम पालक का रस या आंवले के 25 ग्राम रस में 10 ग्राम शहद मिलाकर सेवन करें।

निम्न रक्तचाप में पचने में भारी, घी - तेल से बने पदार्थ, गर्म मिर्च मसालों और खट्टे, चटपटे खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करें। कठोर मेहनत से बचें। सीढ़ियों पर चढ़ने व धूप में अधिक चलने फिरने से बचें । कम - कम मात्रा में दिन में कई बार भोजन लें। एक साथ अधिक मात्रा में भोजन न करें। अच्छा और पौष्टिक भोजन रोगी का सर्वोत्तम उपचार है।

निम्न रक्तचाप में आमलकी रसायन का सेवन किया जा सकता है। भोजन के पहले प्रशांत का बिजौरा चूर्ण लेने पर जाठराग्नि प्रदीप्त होती है और निम्न रक्तचाप ठीक होने लगता है।

रसायन चूर्ण टेबलेट, ऊंझा ताप्यादि लोह टेबलेट, ऊंझा पंचासव, ऊंझा द्राक्षासव 20 मिलीलीटर मात्रा में आधा कप गुनगुने पानी में मिलाकर भोजन करने के बाद सेवन किया जा सकता है। निम्न रक्तचाप में यह प्रयोग काफी गुणकारी है।


**डॉ.च.पुरुषोत्तम बिदादा**

email : purushottambidada@gmail.com


**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य कचपकाएं।**

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी

**स्वतंत्र वार्ता**

396, लोअर टैंक बंड, हैदराबाद-80



## मई 2025 में संतुलित रफ्तार पर ऑटो सेक्टर

नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। भारतीय ऑटोमोबाइल सेक्टर ने मई 2025 में एक संतुलित प्रदर्शन दर्ज किया है। जहां कुछ श्रेणियों में हल्की गिरावट देखी गई, वहीं कई सेगमेंट्स ने अच्छा ग्रोथ दिखाया। खास बात ये रही कि निर्यात ने इस बार भी मजबूती बनाए रखी। इस प्रदर्शन की नींव पिछले वित्त वर्ष में पड़ी थी, और यही रफ्तार अब नए वित्तीय साल के शुरुआती आंकड़ों में भी दिख रही है। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) (सियाम) के डायरेक्टर जनरल राजेश मेनन ने मई के प्रदर्शन पर कहा, मई 2025 में सभी वाहन सेगमेंट्स ने स्थिर परफॉर्मेंस दी है। उन्होंने बताया कि पैसेंजर व्हीकल्स की बिक्री 3.45 लाख यूनिट्स रही, जो अब तक की दूसरी सबसे ज्यादा मई की बिक्री है। हालांकि इसमें पिछले साल की तुलना में 0.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट रही। वहीं टू-व्हीलर सेगमेंट ने 2.2 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की और 16.56 लाख यूनिट्स की बिक्री की।

# कनाडाई निवेशकों का भारत पर भरोसा बरकरार

### फरवरी से अब तक हुआ 28000 करोड़ रुपये का एफपीआई निवेश

नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। भारत में कनाडाई फरिन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स (एफपीआई) का निवेश तेजी से बढ़ा है। फरवरी 2025 से अब तक कनाडाई एफपीआई की भारतीय शेयर बाजार में करीब 28,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी देखी गई है। बाजार नियामक सेबी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, मई 2025 तक कनाडाई निवेशकों के पास कुल शेयरों की संपत्ति लगभग 1.76 लाख करोड़ (करीब 21 बिलियन डॉलर) तक पहुंच चुकी है।

**कनाडाई पेंशन फंड के पास 12.2 अरब डॉलर की संपत्ति**

कनाडाई पेंशन फंड बाजार में सबसे बड़े निवेशकों में से एक है। इसके पास मार्च 2025 तक 12.2 अरब डॉलर की संपत्ति थी। कनाडाई पेंशन प्लान के पास भारतीय मुद्रा में शुद्ध संपत्ति का 2% हिस्सा था। यह मार्च 2024 के अंत में 3% से कम हो गया है। नेशनल एसेट्स डिपॉजिटरी लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2024 में यह आंकड़ा 1.98 लाख करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। इसके बाद से एफपीआई ने रुझानों के अनुरूप निवेश पर मुनाफा कमाया है। निवेशकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों से पहले ट्रंप ट्रेड में भाग लिया था।

**एफपीआई एयूसी में 3.25 अरब डॉलर की बढ़त**

टैरिफ में उतार-चढ़ाव के कारण एफपीआई ने एक बार फिर भारतीय बाजारों में अपनी मौजूदगी मजबूत की है। फरवरी के अंत से कनाडाई एफपीआई एयूसी में 3.25 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है। वहीं, शुद्ध एफपीआई निवेश 1.89 अरब डॉलर रहा। इस अवधि के दौरान बेंचमार्क निफ्टी में 11% से अधिक की वृद्धि हुई, जिससे निवेश की संपत्तियों का मूल्य भी बढ़ गया। एफपीआई एयूसी का मतलब है कि विदेशी निवेशकों ने किसी विशेष बाजार में कितना पैसा लगाया है और उनमें से कितना निवेश वर्तमान में संरक्षकों के पास है। जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले निवेश की इस प्रवृत्ति को खास माना जा रहा है। यह इस ओर इशारा करता है कि कनाडा का भारतीय बाजारों पर भरोसा बना हुआ है।

# भारत के एनएसई और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच समझौता

### निवेश-व्यापार को मिलेगा बढ़ावा



निकोसिया, 16 जून (एजेंसियां)। भारत और साइप्रस के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक अहम कदम उठाया गया है। जिसके तहत भारत के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसके तहत दोनों देशों की कंपनियां एक दूसरे के स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हो सकेंगी। इससे दोनों देशों के बीच वित्तीय रिसर्च और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

**समझौते से क्या होगा फायदा**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने बताया कि इस समझौते से यूरोपीय कंपनियों के भारत के साथ जुड़ाव में इजाफा होगा और निवेश भी बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों के रिश्तों में नए अध्याय की शुरुआत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 जून को साइप्रस दौरे पर रहे। उस दौरान उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ बैठक की। इस बैठक में बैंकिंग, वित्तीय संस्थानों, विनिर्माण, रक्षा, रसद, समुद्री, शिपिंग, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बात हुई।

**कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा**

साइप्रस की की निवेश फंड मैनेजर कंपनी बीएओ लिमिटेड ने बताया कि उन्होंने अपने फ्लैगशिप फंड में से 10 करोड़ डॉलर भारत में निवेश के लिए रखे हैं। इस पैसे को पब्लिक इक्विटीज, उभरती हुई तकनीक और मेक इन इंडिया पहल में निवेश किया जाएगा। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज तेजी से आर्थिक विकास कर रहा है और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक उड्डयन, बंदरगाह, जहाज निर्माण, डिजिटल भुगतान और हरित विकास क्षेत्रों में विकास ने साइप्रस की कंपनियों के लिए भारत के साथ साझेदारी करने के असंख्य अवसर खोले हैं।

**यूपीआई सेवा शुरू करने पर बनी सहमति**

एनआईपीएल और यूरोबैंक साइप्रस के बीच दोनों देशों में भुगतान के लिए यूपीआई शुरू करने पर भी सहमति बनी है।

इससे पर्यटकों और व्यवसायों को आसानी होगी। भारत-ग्रीस-साइप्रस के बीच व्यापार और निवेश परिषद की शुरुआत का भी पीएम मोदी ने स्वागत किया। इसके जरिए शिपिंग, रसद, नवीकरणीय ऊर्जा, नागरिक उड्डयन और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में त्रिपक्षीय सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

## सेंसेक्स 677 अंक चढ़कर 81,796 पर बंद

**निफ्टी में भी 227 अंक की तेजी रही; बैंकिंग और आईटी शेयर्स में रही ज्यादा बढ़त**

मुंबई, 16 जून (एजेंसियां)। शेयर बाजार में आज यानी 16 जून को बढ़त रही। सेंसेक्स 677 अंक चढ़कर 81,796 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 227 अंक की तेजी रही, ये 24,946 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में तेजी और 3 में गिरावट देखने को मिली। आज एनर्जी, बैंकिंग, आईटी और एफएमसीजी शेयर्स में बढ़त है। टेक महिंद्रा, आईटीसी और इंफोसिस के शेयर में करीब 2% चढ़कर बंद हुए।

**एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार**

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 477 अंक (1.26%) की बढ़त के साथ 38,311 पर और कोरिया का कोस्पी 52 अंक (1.80%) चढ़कर 2,946 पर बंद हुआ।

हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 168 अंक (0.70%) बढ़कर 24,060 के स्तर पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 11 अंक (0.35%) चढ़कर 3,388 पर बंद हुआ।

13 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 1.79% गिरकर 42,197 पर बंद हुआ। वहीं नैस्डेक कंपोजिट 1.30% गिरकर 19,406 पर और एसएण्डपी 500 1.13% गिरकर 5,976 पर बंद हुआ।

## सोना ऑलटाइम हाई पर, 10 ग्राम 99,214 रुपये का हुआ

**जनवरी से अब तक 23,052 रुपये महंगा हुआ, साल के अंत तक 1.03 लाख रुपये पहुंच सकता है**

नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। सोना आज यानी 16 जून को अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के अनुसार सोना 156 रुपये बढ़कर 99,214 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना पर 99,058 रुपये था। वहीं 13 जून को सोने ने 99,170 रुपये का ऑलटाइम हाई बनाया था। वहीं चांदी की कीमत 323 रुपये बढ़कर 1,06,490 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,06,167 रुपये पर थी। वहीं 10 जून को चांदी ने 1,07,000 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

- दिल्ली : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,660 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,200 रुपये
- मुंबई : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रुपये
- कोलकाता : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रुपये
- चेन्नई : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रुपये
- भोपाल : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,560 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,100 रुपये

## अमिताभ कांत ने जी-20 शेरपा के पद से इस्तीफा दिया

### > 45 साल के सरकारी सेवाकाल को दिया विराम



नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। अमिताभ कांत ने जी20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया है। केरल कैडर के 1980 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अमिताभ कांत को भारत के जी20 शेरपा के रूप में जुलाई 2022 में नियुक्त किया गया था। नियुक्ति भारत की ओर से जी20 की अध्यक्षता संभालने से कुछ महीने पहले की गई थी। उन्होंने अपनी सरकारी सेवा में 45 वर्षों के दौरान विविध कार्यभार संभाले। अमिताभ कांत ने लिंक्डइन पर 'माय न्यू जर्नी' शीर्षक से एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, '45 साल की समर्पित सरकारी सेवा के बाद मैंने नए अवसरों को अपनाने और जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया है। मैं जी20 शेरपा के रूप में मेरा इस्तीफा स्वीकार करने और मुझे कई विकासात्मक पहलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री का आभारी हूं। मैं भारत की वृद्धि, विकास और प्रगति में योगदान करने का अवसर देने के लिए भी भारत के प्रधानमंत्री का आभारी व्यक्त करता हूं।' उन्होंने आगे लिखा, '2023 में भारत की G20 अध्यक्षता का नेतृत्व करना मेरे करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था। जटिल वैश्विक चुनौतियों के बावजूद हमने नेताओं के घोषणापत्र पर सर्वसम्मति हासिल की और प्रमुख विकासात्मक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। भारत की G20 अध्यक्षता जन-केंद्रित और समावेशी थी, जिसकी बैठकें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित की गईं। इसने सहकारी संघवाद को मजबूत किया, स्थानीय संस्कृति का जश्न मनाया और देशभर में बुनियादी ढांचे को उन्नत किया। हमने G20 में अफ्रीकी संघ को शामिल करने में भी सफलता सुनिश्चित की, जिससे वैश्विक समानता और वैश्विक दक्षिण की आवाज के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पूरी हुई।'

**'भारत को नवाचार और जलवायु कार्रवाई में अग्रणी के रूप में स्थापित किया'**

उन्होंने लिखा, 'नीति आयोग के सीईओ के रूप में मुझे आकांक्षी जिला कार्यक्रम जैसे पथ-प्रदर्शक कार्यक्रमों का नेतृत्व करने का सौभाग्य मिला, जिसने भारत के 115 सबसे अविकसित जिलों में आम नागरिकों के जीवन को बदल दिया।

हमने भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की नींव रखने में मदद की और विभिन्न क्षेत्रों में नीतिगत सुधारों को आगे बढ़ाया। विनिर्माण से लेकर पीएलआई योजनाओं तक, अटल इनोवेशन मिशन के माध्यम से नवाचार और ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल के माध्यम से स्थिरता तक के प्रयासों ने भारत को नवाचार और जलवायु कार्रवाई में अग्रणी के रूप में स्थापित किया।'

# ईरान-इस्राइल युद्ध से वैश्विक व्यापार पर असर

### > 50% बढ़ जाएगी माल ढुलाई लागत


नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। ईरान-इस्राइल युद्ध ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं को और बढ़ा दिया है। इससे न सिर्फ भारत के निर्यात समेत वैश्विक व्यापार पर असर पड़ रहा है, बल्कि हवाई और समुद्री माल ढुलाई दरों के साथ बीमा शुल्क में भी बढ़ोतरी का भी जोखिम है।

निर्यातकों का कहना है कि इस युद्ध के कारण यूरोप और रूस जैसे देशों को भारत का निर्यात प्रभावित हो सकता है। अगर युद्ध लंबे समय तक चलता रहा, तो ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य एवं लाल सागर जैसे मार्गों के जरिये व्यापारिक जहाजों की आवाजाही प्रभावित होगी। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा, वैश्विक व्यापार की स्थिति धीरे-धीरे सुधर रही थी, जो ईरान-इस्राइल तनाव बढ़ने से फिर से प्रभावित होगी। वहीं, मुंबई स्थित निर्यातक एवं टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के संस्थापक अध्यक्ष एसके सराफ ने कहा, मालवाहक जहाज धीरे-धीरे लाल सागर के मार्गों पर लौट आए हैं। इससे भारत और एशिया के अन्य हिस्सों से अमेरिका एवं यूरोप जाने में 15-20 दिन की बचत हो रही है। इस युद्ध के कारण मालवाहन जहाज अब फिर से लाल सागर मार्ग का इस्तेमाल करने से बचेंगे। सराफ ने आगे कहा, ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध अगर एक सप्ताह से अधिक समय तक चलता रहा, तो माल ढुलाई की लागत करीब 50 फीसदी तक बढ़ जाएगी, जिसका बोझ व्यापारियों को उठाना पड़ेगा। भारत के व्यापार पर असर पड़ेगा, क्योंकि दोनों देश हमारे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। इसके अलावा, वैश्विक व्यापार के लिए भी स्थिति काफी कठिन हो जाएगी।

**150 डॉलर तक पहुंच सकते हैं क्रूड के दाम**

फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि संघर्ष स्थानीय स्तर तक ही सीमित रहेगा या अन्य देश भी इसमें शामिल होंगे। इसका असर सबसे पहले कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ेगा। वहीं, विश्लेषकों का कहना है कि अगर ईरान-इस्राइल तनाव बढ़ता है, तो सबसे खराब स्थिति में कच्चे तेल (ब्रेंट क्रूड) की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं, जो वर्तमान स्तर से 103 फीसदी अधिक है। सहाय ने कहा, लाल सागर के अलावा इस बार होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाला मार्ग भी एक ऐसा कारक है, जो फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। वैश्विक पेट्रोलियम पदार्थों की खपत का 21 प्रतिशत इसी मार्ग से गुजरता है। भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया इस मार्ग से कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए शीर्ष गंतव्य थे। ओमान भी भारत को तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल करता है। यूरोप के साथ भारत का करीब 80 फीसदी वस्तु व्यापार लाल सागर के जरिये होता है। अमेरिका के साथ भी काफी व्यापार इसी मार्ग से होता है। लाल सागर और होर्मुज जलडमरूमध्य इन दोनों भौगोलिक क्षेत्रों के जरिये भारत कुल 34 फीसदी निर्यात करता है। लाल सागर मार्ग से दुनिया के 30 फीसदी कंटेनर गुजरते हैं, जबकि 12 फीसदी वैश्विक व्यापार इसी रास्ते से होता है। भारत ने इस्राइल को 2024-25 में कुल 2.1 अरब डॉलर का निर्यात किया था, जो 2023-24 के 4.5 अरब डॉलर से आधा है। ईरान को होने वाला निर्यात 2024-25 में 1.4 अरब डॉलर रहा। अगर युद्ध लंबे समय तक जारी रहता है, तो भारत से दोनों देशों को होने वाला निर्यात प्रभावित होगा। इसका असर कुल व्यापार पर पड़ेगा। हाल के घटनाक्रमों पर चर्चा करने के लिए सरकार की ओर से आने वाले दिनों में निर्यातकों के साथ बैठक करने की उम्मीद है।

# पेट्रोल-डीजल से लेकर खाने-पीने के समानों की कीमत में गिरावट



नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। आज 16 जून (सोमवार) को थोक महंगाई दर के आंकड़े जारी हो गए हैं। आंकड़ों के अनुसार, मई महीने के दौरान थोक महंगाई दर में भी कमी आई है और यह 0.39% रही। मई महीने में थोक महंगाई दर माह-दर-माह आधार पर 0.85% से घटकर 0.39% पर आ चुकी है। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, '...मुख्य तौर पर फूड प्रोडक्ट, इलेक्ट्रिसिटी, अन्य मैनुफैक्चरिंग, केमिकल्स व केमिकल प्रोडक्ट्स, अन्य ट्रांसपोर्ट इक्विपमेंट और नॉन-फूड प्रोडक्ट के मैनुफैक्चरिंग आदि की कीमतों में तेजी इसकी मुख्य वजह रही।' मई 2025 के महीने के लिए डब्ल्यूपीआई में महीने दर महीने परिवर्तन अप्रैल 2025 की तुलना में (-) 0.06 प्रतिशत रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी माह-दर-माह आंकड़ों से पता चला है कि प्राइमरी गुड्स इंडेक्स अप्रैल महीने के 184.4 से मई में 0.05 प्रतिशत घटकर 184.3 (प्रोविजनल) हो गया। मिनरल (-7.16%) और नॉन-फूड प्रोडक्ट (-0.63%) की कीमत में अप्रैल की तुलना में मई में कमी आई। फूड प्रोडक्ट की कीमत (0.56%) अप्रैल की तुलना में मई में बढ़ी। फ्यूल और इलेक्ट्रिसिटी का इंडेक्स अप्रैल-महीने के 148.1 से मई में 0.95% घटकर 146.7 हो गया। मैनुफैक्चरिंग प्रोडक्ट का इंडेक्स मई में 144.9 (प्रोविजनल) पर अपरिवर्तित रहा। इसके अलावा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की रिलीज के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई मई में -1.56 प्रतिशत रही, जबकि अप्रैल में यह -0.86 प्रतिशत थी। प्राइमरी वस्तुओं की महंगाई दर पिछले महीने के -1.44 प्रतिशत से घटकर -2.02 प्रतिशत हो गई। ईंधन और बिजली की महंगाई अप्रैल के -2.18 प्रतिशत की तुलना में मई में -2.27 प्रतिशत रही। और मैनुफैक्चरिंग प्रोडक्ट की महंगाई मई में 2.04 प्रतिशत रही। खाद्य प्रोडक्ट की कैटेगरी में, सब्जियों की महंगाई मई में घटकर -21.62 प्रतिशत रह गई, जो अप्रैल में -18.26 प्रतिशत थी। मई महीने में दालों की महंगाई दर -10.41 प्रतिशत रही, जबकि गेहूं की महंगाई दर समीक्षाधीन महीने में 5.75 प्रतिशत रही।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | मिथुन में | मिथुन... | 05-36 बजे |
| चंद्र- | कुंभ में | कर्क... | 07-49 बजे |
| मंगल | सिंह में | सिंह.... | 10-00 बजे |
| बुध- | मिथुन में | कन्या... | 12-07 बजे |
| गुरु- | मिथुन में | तुला..... | 14-14 बजे |
| शुक्र- | मेष में | वृश्चिक... | 16-22 बजे |
| शनि- | मीन में | धनु...... | 18-36 बजे |
| राहु- | कुंभ में | मकर... | 20-46 बजे |
| केतु- | सिंह में | कुंभ... | 22-33 बजे |
| | | मीन.... | 00-11 बजे |
| | | मेष..... | 01-47 बजे |
| | | वृष.... | 04-16 बजे |

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082

शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे, ऋतु- ग्रीष्म

महावीर निर्वाण संवत् -2551

कलियुग अवधि-432000

भोग्य कलि वर्ष-426874

कलियुग संवत् -5126 वर्ष,

कल्पारंभ संवत् -1972949126

सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

दिशाशूल - उत्तर - गुड खाकर घर से निकले

तिथि- षष्ठी 14-46 तक उपरान्त सप्तमी

मास - आषाढ़ कृष्ण, मंगलवार 17 June

नक्षत्र - शतभिषा 01-01 तक उपरान्त पूर्वाभाद्रपद

योग - विष्कुंभ 09-34 तक उप प्रीति

करण- वणिज 14-46 तक उप विष्टी (भद्रा)

विशेष- भद्राकाल - 14-46 से

व्रत -त्योहार - पंचक

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 15:34 से 17:12 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05:40 - 07:22 | अशुभ | काल | 18:48 - 20:12 | अशुभ |
| उत्पात | 07:22 - 09:00 | अशुभ | लाभ | 20:12 - 21:34 | शुभ |
| चंचल | 09:00 - 10:39 | शुभ | उत्पात | 21:34 - 22:56 | अशुभ |
| लाभ | 10:39 - 12:17 | शुभ | शुभ | 22:56 - 00:17 | शुभ |
| अमृत | 12:17 - 13:56 | शुभ | अमृत | 00:17 - 01:39 | शुभ |
| काल | 13:56 - 15:34 | अशुभ | चंचल.. | 01:39 - 03:00 | शुभ |
| शुभ | 15:34 - 17:12 | शुभ | रोग | 03:00 - 04:22 | अशुभ |
| रोग | 17:12 - 18:48 | अशुभ | काल | 04:22 - 05:40 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,
आप अपने रास्ते में एक महान अवसर की बाट देख रहे थे और इस तरह के अवसर के लिए ये सबसे अच्छा समय है। अगर आपने साक्षात्कार दिया है, तो उस मोर्चे पर आज अच्छी खबर मिल सकती है । अप्रत्याशित जगहों से नौकरी के अवसर आपको मिल सकते है या कुछ पुराने संपर्कों से भी आप आगे की और बढ़ सकते है ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आप एक आमंत्रक की भूमिका में रहेंगे ! इसलिए एक मेजबान की जगह एक आयोजक की भूमिका में रहे , आप दोनों ही मामलो में अच्छी राशि पाएंगे परन्तु एक आयोजक की भूमिका लाभप्रद होगी । यह आपकी जन्मजात क्षमताओं में से एक है सिर्फ आप उसकी पहचान नहीं कर पाये थे ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
घर्षण एवं विचारो की असमानता आप और आपके साथी के बीच विकसित होने की संभावना है, लेकिन आपको अपने विचारो से नहीं हटना है और उसी के साथ रहना है , लेकिन आप चिंता न करे क्यों कि ये स्थिति एक स्थायी मनमुटाव को जन्म नहीं देगी । हालाँकि आपके साथी के साथ आपका थोड़ा मनमुटाव हो सकता है।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज का दिन उनके लिए उपयुक्त है जो की रचनात्मक कार्य से जुड़े हुए है । आपके सुझाव आपको नये अनुबंध दिलाएंगे जिससे आपकी बैंक में जमा राशि में विस्तार होगा । कलाकार , संगीतज्ञ , फिल्म निर्माता , फोटोग्राफर एवं लेखक अपने अपने कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और जो लोग अन्य क्षेत्रो में हैं अगर वह अपने काम में कुछ नवीनता या कुछ रचनात्मकता लाएं तो वो भी आगे बढ़ सकते है ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
प्रमुख परिवर्तन आज आपके कार्यस्थल पर होने की उम्मीद हैं। वास्तव में आपके आय अर्जित करने के साधन में परिवर्तन आ सकता है , और आप ऐसे कार्य में लिप्त हो सकते है जिसको आप करना चाह रहे थे परन्तु आपने सपने में भी नहीं सोचा था , की ऐसा अवसर आपको मिल सकता है ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आपका भाग्य सट्टा उद्यम एवं उससे जुडी चीज़ो में आपका साथ देगा । अगर आप किसी दुविधा में हैं तो आज का दिन आपको तर्कशक्ति प्रदान करेगा जिससे आप उचित निर्णय ले पाओगे । ये निर्णय आपकी वित्तीय जरुरतो पर भी आगे जाकर अच्छा प्रभाव डालेगा । आज का दिन भूमि निवेश के लिए भी फायदेमंद रहेगा ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप सफलतापूर्वक अपने रचनात्मक कार्यो को खत्म करने में सक्षम होंगे । इस जश्न को मनाने के लिए आप एक पार्टी की मेजबानी की योजना भी बना सकते हैं और जिन्होंने भी इस यात्रा में आप का समर्थन किया एवं अपने विरोधियों को भी समारोह में आमंत्रित करें । अपनी कमाई और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए भी प्रयास करते रहे ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आपका धैर्य से अब लाभ मिलने लगा है । आप एक लंबे समय से इसके लिए इंतजार कर रहे थे , जिसके लिए आपने कभी अपनी मेहनत को पीछे नहीं रखा और अवसरों की तलाश करते रहे । धीरे-धीरे जो आप चाहते थे वो आपको मिल रहा है ।आप संयमित रहे । इन लाभों का आनंद लें , लेकिन साथ ही साथ आसपास के लोगों से विनम्र रहे ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
हालाँकि की आज आप अपने सभी कार्यों को जल्द पूरा करने में बहुत ज्यादा सक्षम हैं लेकिन आप अपने में बेचैनी , असावधानी और सुस्ती महसूस करेंगे और नतीजतन अधिक समय होने के बावजूद आपका बकाया कार्य और जिम्मेदारियां बढ़ती हुई चली जाएंगी । एक दिन की छुट्टी लेना इस का उपाय है।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
शिक्षण, लेखन, पत्रकारिता और साहित्य में लगे हुए लोग आज अपने कैरियर में बड़ी सफलता का आनंद ले सकते हैं और आपको अपनी उपलब्धियों के लिए सम्मानित भी किया जा सकता है। आज का दिन शैक्षिक संस्थानों और निर्माण के कारोबार में निवेश के लिए उपयुक्त है। सामान्य रूप से आपको पिछले कुछ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
यह समय अपने कार्य क्षेत्र को दिशा या बदलाव देने का उचित समय है । कुछ समय से आप अस्थिरता को महसूस कर रहे है । नए और जोश भर देने वाले अवसर आज आपके सामने आ सकते है और आपको आशावादी रहकर उन्हें पकड़ना है । यह आपके कार्य क्षेत्र को पुनर्जीवित करने में मदद करेगा और आगे जाकर आपकी कार्य क्षेत्र संबंधित समस्याओं का निराकरण करने में मदद करेगा।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
कुछ परिवर्तन आपके कार्यस्थल में होने की संभावना है। वे पहली बार में हतोत्साहित लग सकते है, लेकिन जल्द ही वे आप के लिए नए अवसर को खोलेंगे , लेकिन इस अवसर का लाभ उठाने के लिए आपको साहस और विश्वास की छलांग लगाने की आवश्यकता पड़ेगी । ये उद्यम आपको जोखिम भरा लग सकता है, लेकिन जो आप करोगे।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# लुफ्थांसा की फ्लाइट को हैदराबाद में नहीं मिली उतरने की इजाजत

## यू-टर्न लेकर जर्मनी लौटा विमान



हैदराबाद, 16 जून (एजेंसियां)। हैदराबाद जाने वाली लुफ्थांसा की एक फ्लाइट को रविवार शाम को यू-टर्न लेकर फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर वापस उतरना पड़ा। फ्लाइट LH752 जर्मनी से रवाना हुई थी। उसे सोमवार सुबह हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था।

लुफ्थांसा एयरलाइंस ने बताया कि हमें हैदराबाद में उतरने की अनुमति नहीं मिली। इसीलिए विमान ने यू-टर्न लिया और वापस लौट आया।

**विमान को अपने मूल स्थान जर्मनी वापस लौटना पड़ा**

हैदराबाद हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि विमान को अपने मूल स्थान जर्मनी वापस लौटना पड़ा। उन्होंने बताया कि विमान को बम की धमकी मिली थी। उस वक्त विमान भारतीय हवाई क्षेत्र के बाहर था। इस वजह से उसे वापस लौटने को कहा गया।

**क्या है पूरा मामला?**

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, 15 जून 2025 को शाम 18:01 बजे हैदराबाद हवाई अड्डे पर लुफ्थांसा फ्लाइट एलएच 752 को बम की धमकी वाला ईमेल मिला। बम की धमकी के बाद आकलन समिति का गठन किया गया और एसओपी के अनुसार सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। सुरक्षा के मद्देनजर एयरलाइन को मूल स्थान या निकटतम उपयुक्त हवाई अड्डे पर वापस जाने की सलाह दी गई।

**ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान की इमरजेंसी लैंडिंग**

इससे पहले एक ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान ने शनिवार रात को ईंधन खत्म होने के बाद तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की थी। मामले से जुड़े लोगों ने रविवार को बताया था कि विमान ने विमानवाहक पोत से उड़ान भरी थी और रात करीब 9.30 बजे सुरक्षित लैंडिंग कर ली गई। एक सूत्र ने बताया था कि हवाई अड्डे के अधिकारियों ने सुरक्षित और सहज लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए आपातकाल की घोषणा की। सूत्रों के मुताबिक, पायलट ने ईंधन कम होने की सूचना दी और लैंडिंग की अनुमति मांगी। सब कुछ जल्दी और पेशेवर तरीके से संभाला गया।

## भाजपा अध्यक्ष समेत कई नेता पुलिस हिरासत में

नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अन्य नेताओं को सोमवार को चाणक्यपुरी पुलिस थाने ले जाया गया। वे बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर कथित हमले के विरोध में बांग्लादेशी उच्चायोग की ओर मार्च कर रहे थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा, 'हम बांग्लादेश में रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर हुए हमले की निंदा करते हैं। यह बंगाली और हिंदू संस्कृति पर हमला है।

हम बांग्लादेशी उच्चायोग की ओर मार्च कर रहे हैं और एक ज्ञापन देंगे। उनकी सरकार को चरमपंथियों द्वारा की गई गतिविधियों का संज्ञान लेना चाहिए। हम हिंदू और बंगाली संस्कृति के प्रति इस अनादर को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम चरमपंथियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं।'

# आतंकियों के लिए फंड जुटाता था थाईलैंड से डिपोर्ट मोहसिन



भोपाल, 16 जून (एजेंसियां)। आतंकी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) से जुड़े नेटवर्क पर एनआईए ने एक बार फिर बड़ा एक्शन लिया है। थाईलैंड से डिपोर्ट कर भारत लाए गए मोहसिन खान की गिरफ्तारी के बाद भोपाल और झालावाड़ (राजस्थान) में शनिवार को एक साथ छापेमारी की गई। इस कार्रवाई में कई डिजिटल डिवाइस, संदिग्ध दस्तावेज और धार्मिक साहित्य जब्त किए गए हैं। मोहसिन को एनआईए ने 16 जून तक रिमांड पर लिया है। उसके मोबाइल, बैंक खातों और कॉन्टैक्ट्स की गहराई से जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, मोहसिन न केवल एचयूटी के लिए फंड जुटा रहा था, बल्कि देशभर के कार्यकर्ताओं से सक्रिय संपर्क में था।

**अशोका गार्डन इलाके में लंबे समय से रह रहा था**

एनआईए सूत्रों के मुताबिक मोहसिन भोपाल के अशोका गार्डन इलाके में लंबे समय से रह रहा था। वह एचयूटी के सक्रिय सदस्यों से संपर्क बनाए हुए था और संगठन के लिए फंडिंग की व्यवस्था करता था। इतना ही नहीं, वह भोपाल जेल में बंद एचयूटी के 17 आरोपियों में से कुछ के परिजन से लगातार संपर्क में भी था। उन परिवारों को आर्थिक मदद देता था। 2023 में जब एचयूटी के कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया था, तब मोहसिन का नाम जांच में आया था। शुरुआती पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया था। हालांकि, उसके बाद एनआईए ने उस पर निगरानी बढ़ा दी और अब पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तारी की गई है।

**मोबाइल और बैंक खातों में संदिग्ध गतिविधियां**

एनआईए ने मोहसिन के बैंक खातों की जांच में कई संदिग्ध ट्रांजैक्शन पकड़े हैं। वहीं, उसके मोबाइल फोन में कुछ ऐसी एप्लिकेशन मिली हैं जो आमतौर पर आतंकवादी संगठन आपसी संपर्क के लिए इस्तेमाल करते हैं। उसके पास से जब्त गैजेट्स को जांच के लिए एफएसएल भेजा गया है।

**ऐशबाग का अकरम खान भी एनआईए की रडार पर**

एनआईए को जांच में मोहसिन का एक और करीबी अकरम खान भी संदिग्ध नजर आया है। अकरम ऐशबाग के बाग फरहत अफजा स्थित बी सेक्टर, इंद्रा कॉलोनी में रहता है। वह पहले टाइल्स और मार्बल की दुकान चलाता था, लेकिन अब बेरोजगार है।

## परमाणु हथियारों में भारत पाकिस्तान से आगे

### सिपरी का दावा-नई दिल्ली के पास ज्यादा आधुनिक मिसाइलें




नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के पास पाकिस्तान के मुकाबले ज्यादा परमाणु हथियार हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि भारत के पास पाकिस्तान के मुकाबले परमाणु हथियार ले जाने वाली मिसाइलें ज्यादा आधुनिक और ज्यादा संख्या में मौजूद हैं। इससे साफ है कि परमाणु क्षमताओं के मामले में भारत, पाकिस्तान पर भारी है। हालांकि रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि पाकिस्तान परमाणु हथियार बनाने के संसाधन जुटा रहा है और जल्द ही उसके परमाणु हथियारों के जखीरे में भी इजाफा देखने को मिलेगा।

सिपरी की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास साल 2025 में करीब 180 परमाणु हथियार हैं। बीते साल भारत के पास 172 परमाणु हथियार थे। पाकिस्तान के पास परमाणु हथियारों की संख्या 170 और बीते साल भी पाकिस्तान के पास इतने ही हथियार थे।

# जगन्नाथ रथ यात्रा में सिर्फ सेवक ही रथ पर चढ़ेंगे

### अन्य के चढ़ने पर सरकार सख्त कार्रवाई करेगी; मोबाइल भी बैन रहेगा



पुरी, 16 जून (एजेंसियां)। इस साल पुरी जगन्नाथ रथ यात्रा में सेवक के अलावा अन्य के रथ पर चढ़ने पर प्रतिबंध रहेगा। अगर कोई व्यक्ति रथ पर चढ़ता है तो ओडिशा सरकार उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। रथ पर मोबाइल इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध रहेगा। सेवक रथ पर मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। राज्य के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को यह जानकारी दी। अनुशासन बनाए रखने के लिए सरकार ने पूरी रथ यात्रा के दौरान अनुष्ठान करने वाले नामित सेवकों की सूची भी मांगी है।

**एआई-इनेबल्ड सीसीटीवी कैमरे लगेंगे, कमांड-कंट्रोल सेंटर बनेगा**

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) योगेश बहादुर खुरानिया ने रविवार को रथ यात्रा के लिए सुरक्षा समीक्षा बैठक की। डीजीपी ने कहा कि भुवनेश्वर के पास उत्तरा स्क्वायर को पुरी से जोड़ने वाली सड़क और पुरी-कोणार्क रोड पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। डीजीपी ने बताया कि भीड़ और ट्रैफिक पर नजर रखने के लिए इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाया जाएगा। रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए पुरी के अहम जगहों पर एआई-इनेबल्ड सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। रैपिड एक्शन फोर्स, सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ) और विशेष एजेंसियों को भी पुरी में तैनात किया जाएगा। यात्रा के दौरान पुरी में ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम भी तैनात किए जाएंगे। उधर राज्य के मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने रविवार को पुरी का दौरा किया और रथों के निर्माण का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि रथ निर्माण तय समय के अनुसार चल रहा है।

**रथ बनाने वाले कारीगर एक टाइम भोजन करते हैं**

पुरी में भगवान जगन्नाथ की यात्रा के लिए रथ तैयार करने वाले सैकड़ों कारीगर दिन में केवल एक बार भोजन करते हैं। उनके भोजन में प्याज-लहसुन भी नहीं होता है। ऐसा रथ बनने निर्माण पूरा होने तक चलता है। इन कारीगरों को 'भोई' कहा जाता है। रथ निर्माण कार्यशाला जगन्नाथ मंदिर के मुख्य द्वार से सिर्फ 70-80 मीटर दूर है। भोइयों के मुखिया रवि भोई ने बताया- हम दिन में फल या हल्का-फुल्का कुछ खा लेते हैं। काम खत्म करने के बाद मंदिर की ओर से महाप्रसाद मिलता है। उन्होंने बताया कि हम उमस और 35-40 डिग्री की तपती धूप में हर दिन 12 से 14 घंटे काम कर रहे हैं। आलस न आए और हम बीमार न पड़ें इसलिए सख्त दिनचर्या का पालन करते हैं।

## हावड़ा लाठीचार्ज मामला : सुप्रीम कोर्ट से 6 पुलिस अधिकारियों को अंतरिम राहत

### *हाईकोर्ट के आदेश पर लगी रोक*

नई दिल्ली/कोलकाता, 16 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिला अदालत परिसर में हुए पुलिस लाठीचार्ज मामले में 6 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल अंतरिम राहत मिल गई है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। इन अधिकारियों की याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है और 6 हफ्तों के भीतर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई तक अधिकारियों की कलकत्ता हाईकोर्ट में पेशी पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने उन्हें अवमानना का नोटिस जारी कर 25 जून को अदालत में पेश होने का आदेश दिया था। इन छह अधिकारियों में से 4 आईपीएस अधिकारी हैं, जिनमें से एक हावड़ा पुलिस आयुक्त भी हैं।

ये विवाद साल 2019 का है, जब हावड़ा नगर निगम परिषद में बाइक पार्किंग को लेकर वकीलों और पुलिस के बीच नोंकझोंक हुई थी। परिसर में अपनी कार पार्क करने गए एक वकील के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार हुआ। मामला कहासुनी से आगे बढ़ते हुए हाथापाई तक जा पहुंचा। बीच-बचाव करने की कोशिश में कथित तौर पर एक वरिष्ठ वकील पर हमला हुआ। इस मामले में पुलिस की एंट्री हुई और फिर वकीलों के साथ झड़प शुरू हो गई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस ने अदालत परिसर के भीतर लाठीचार्ज करा दिया, जिसमें कई वकील गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस घटना पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की थी। ये मामला कलकत्ता हाईकोर्ट तक पहुंचा।

# मंजूरी के बावजूद किसी हाईकोर्ट ने नहीं की तदर्थ जजों की नियुक्ति की सिफारिश

### पांच माह पूर्व दी थी अनुमति



नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बावजूद देश के किसी भी हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश नहीं की है। शीर्ष अदालत ने करीब पांच माह पूर्व लंबित मामलों के निपटारे में तेजी लाने के लिए उच्च न्यायालयों को तदर्थ न्यायाधीशों को नियुक्त करने की अनुमति दी थी। देश में 25 हाईकोर्ट हैं। 11 जून तक किसी भी उच्च न्यायालय कॉलेजियम ने केंद्रीय कानून मंत्रालय को इस संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं भेजा। 18 लाख से अधिक लंबित आपराधिक मामलों को देखते हुए शीर्ष अदालत ने 30 जनवरी को सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की नियुक्ति को मंजूरी देते हुए कहा था कि इनकी संख्या अदालत की कुल स्वीकृत संख्या के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। संविधान का अनुच्छेद 224ए लंबित मामलों से निपटने में मदद के लिए उच्च न्यायालयों में तदर्थ न्यायाधीश के रूप में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की नियुक्ति की अनुमति देता है। हालांकि, एक मामले को छोड़कर, सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को हाईकोर्ट के तदर्थ न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की कोई मिसाल नहीं है। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट में इन नियुक्तियों के संबंध में 20 अप्रैल, 2021 के अपने एक फैसले में कुछ शर्तें लगाई थी। बाद में तत्कालीन सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई (वर्तमान सीजेआई) व जस्टिस सूर्यकांत की विशेष पीठ ने कुछ शर्तों में ढील दी। पीठ ने कहा कि हर हाईकोर्ट को तदर्थ जजों की नियुक्ति दो से पांच तक सीमित रखनी चाहिए। यह कुल स्वीकृत संख्या के 10 प्रतिशत से अधिक न हो।

**ये है सेवानिवृत्त जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया**

निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, संबंधित हाईकोर्ट कॉलेजियम इन नियुक्तियों के लिए उम्मीदवारों के नाम या सिफारिशें विधि मंत्रालय के न्याय विभाग को भेजता हैं। इसके बाद विभाग उम्मीदवारों का और विवरण उपलब्ध कराते हुए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम को इस प्रस्ताव को भेजता है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम इस पर फैसला लेते हुए सरकार को चयनित व्यक्तियों को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश करता है। राष्ट्रपति नवनियुक्त न्यायाधीश की नियुक्ति की अनुमति देते हैं।

# विधायक बोले-कांग्रेसी होकर भी आरएसएस से जुड़ा हूं

### *> बीजेपी का तंज-राहुल गांधी, नींद से जागिए*

### *> पार्टी में स्लीपर सेल और घोड़े मत ढूंढ़िए*




भोपाल, 16 जून (एजेंसियां)। आगर-मालवा की सुसनेर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक भैरो सिंह परिहार ने खुले मंच से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तारीफ की है। उनका एक वीडियो सामने आया है, इसमें वे कहते दिख रहे हैं कि वे कांग्रेसी होते हुए भी संघ से जुड़े हैं। इस वीडियो को बीजेपी ने 'X' पर शेयर किया और राहुल गांधी को टैग करते हुए लिखा, 'जिस संघ को राहुल गांधी दिन-रात कोसते हैं, उसी संघ से कांग्रेस के विधायक जुड़े हुए हैं और उसकी प्रशंसा कर रहे हैं।' बीजेपी ने राहुल गांधी को सलाह दी-अब नींद से जागिए और अपनी पार्टी में स्लीपर सेल और 'घोड़े' मत ढूंढिए। विधायक के इस बयान की कांग्रेस संगठन में शिकायत भी हुई है।

**राजपूत महासभा के मंच से दिया बयान**

वीडियो करीब 10 दिन पुराना बताया गया है। कांग्रेस विधायक परिहार आगर मालवा में राजपूत महासभा के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मान सिंह ठीकरिया को संबोधित करते हुए कहा, 'आप भी संघ से जुड़े हुए हैं। मैं आपका सम्मान करता हूं। मैं भी संघ से जुड़ा हुआ हूं।

**मंडल अध्यक्ष पूछेगा- कौन आया है ये?**

परिहार ने आगे कहा- मैंने कई पदाधिकारियों के साथ मिलकर काम किया है। दो साल पहले जब दारा सिंह मुख्यमंत्री से मिलने आए थे और गरोठ के विधायक को पुलिस उठाने आई थी, तब मैंने संघ के लिए कॉम्प्रोमाइज करवाया था।' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेसी तो गिनती के बचे हैं। अगर मैं संगठन में आ गया तो मंडल अध्यक्ष पूछेगा- कौन आया है ये? बीजेपी प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने इस वीडियो को X पर शेयर करते हुए लिखा- सुसनेर से कांग्रेस विधायक भैरो सिंह परिहार खुले मंच से कह रहे हैं कि वे संघ से जुड़े हैं। राहुल गांधी, हो सकता है कि आपकी पार्टी में कुछ अच्छे लोग भी हों। हालांकि, ये भी हो सकता है कि वे अच्छे लोग आपके दिल में न हों। भैरो सिंह आगर मालवा जिले की सुसनेर विधानसभा सीट से पहली बार विधायक चुने गए हैं। उन्होंने साल 2023 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के विक्रम सिंह राणा ' गुड्डू भैया' को हराया था।

## छह साल पुराने प्रेम संबंध का खौफनाक अंत

### प्रेमिका की हत्या कर शव को दफनाया; प्रेमी युवक गिरफ्तार

बंगलूरू, 16 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां छह साल से प्रेम संबंध में रहे एक युवक ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी और उसका शव खेत में दफन कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद वह सामान्य जीवन जीता रहा। लेकिन पुलिस की तकनीकी जांच में फंस गया और छह महीने बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में पुलिस ने बताया कि माधुश्री अंगड़ी और 28 वर्षीय सतीश हिरेमठ दोनों नारायणपुरा गांव (गडग तालुक) के निवासी थे। दोनों पिछले छह साल से प्रेम में थे। माधुश्री के परिवार को यह रिश्ता मंजूर नहीं था, इसलिए उन्होंने उसे गडग में रिश्तेदारों के घर भेज दिया।

**लापता होने के बाद हत्या का खुलासा**

बता दें कि पिछले साल 16 दिसंबर 2024 की रात माधुश्री अपने रिश्तेदार के घर से निकली और लापता हो गई। उसके परिवार ने 12 जनवरी 2025 को बेटगेरी थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को शुरू में लगा कि दोनों ने भागकर शादी कर ली होगी, लेकिन माधुश्री की कोई खबर नहीं आई। जांच के दौरान पुलिस को माधुश्री के फोन का लोकेशन ऐसा मिला, जो सतीश के बयान से मेल नहीं खा रहा था। इससे पुलिस को शक हुआ। इसके बाद जब सतीश से सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने हत्या कबूल कर ली। हत्या के मामले का खुलासा होने के बाद आरोपी सतीश ने बताया कि कैसे उसने इस हत्या के वारदात को अंजाम दिया है। सतीश ने बताया कि 16 दिसंबर को वह माधुश्री को नारायणपुरा के पास एक फार्महाउस ले गया, जहां शादी को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ।

# अहमदाबाद विमान हादसा : क्या अमेरिकी जांच टीम को जांच के लिए ब्लैक बॉक्स देगा भारत?

### यूएस और बोइंग की साख का सवाल

अहमदाबाद, 16 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद में उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद हादसे का शिकार हुए विमान के ब्लैक बॉक्स पर दुनिया भर की निगाह है। जांच पड़ताल के लिए भारत आए अमेरिकी इंजीनियर और तकनीकी विशेषज्ञ भारत से विमान के ब्लैक बॉक्स की मांग कर रहे हैं। ताकि वह विमान हादसे के कारणों की सही ढंग से पड़ताल कर सकें। बताते हैं कि अमेरिकी अथॉरिटी भी चाहती हैं कि भारत ब्लैक बॉक्स दे दे। बड़ा सवाल है कि क्या भारत ब्लैक बॉक्स अमेरिकी विशेषज्ञों को सौंपेगा? भारतीय विशेषज्ञों को आशंका है कि अमेरिकन विशेषज्ञ ब्लैक बाक्स के बहाने पूरी जांच रिपोर्ट को बोइंग के पक्ष में कर सकते हैं। दुर्घटना का कारण मानवीय चूक बता सकते हैं।

ताकि अंतरराष्ट्रीय एविएशन इंडस्ट्री में अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी को झटका न लगे। उसके शेयरों में भूचाल न आए। सूत्र का कहना है कि हाल में डीजीसीए ने बोइंग 787-8 ड्रीम लाइनर को पूरी जांच के बाद ही उडान भरने का निर्देश दिया है। इससे अमेरिका को झटका लगा है। यह पूरा मामला आपरेशन सिंदूर में लड़ाकू विमान के गिरने को लेकर शेयर बाजार में चल रहे तूफान की तरह है।

**किसके पास है विमान का ब्लैक बॉक्स?**

अहमदाबाद में टेकऑफ के ठीक बाद हादसे का शिकार हुए विमान, बोइंग 787-8ड्रीम लाइनर का ब्लैक्स बॉक्स फिलहाल एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) के पास है। इसका दफ्तर अरविंदो मार्ग, नई दिल्ली में है। अमेरिकी जांच दल कॉकपिट रिकार्डर समेत ब्लैक बॉक्स को चहता है, ताकि वह दुर्घटना के कारणों की सटीक और तकनीकी जांच कर सके। भारत इसकी जांच प्रक्रिया बंगलूरू में पूरी करना चाहता है। भारतीय वैमानिक इंजीनियर और भारतीय वायुसेना के तमाम अवकाश प्राप्त विशेषज्ञ भी इस घटनाक्रम पर निगाह बनाए हैं। एक भारतीय विशेषज्ञ ने अमर उजाला से अपनी चिंता भी जाहिर की। सूत्र का कहना है कि भारत को किसी भी सूरत में ब्लैक बॉक्स को अमेरिकी विशेषज्ञों के हवाले नहीं करना चाहिए। भारतीय वायुसेना के तमाम दुर्घटनाग्रस्त विमानों की जांच में शामिल रहे सूत्र का कहना है कि भारतीय विशेषज्ञ इसकी जांच करने और सही कारण का पता लगाने में सक्षम हैं। आवश्यकता पड़ने पर इसकी जांच में स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय एजेंसी की सहायता ली जा सकती है, लेकिन इसे अमेरिका के एक्सपर्ट को देना सही नहीं होगा।



**क्या होता है ब्लैक बॉक्स?**

आम तौर पर चमकीले नारंगी रंग का रिकॉर्डर। नारंगी रंग इसलिए भी कि आसानी से ढूंढा जा सके। यह हर जहाज में होता है। इसके दो हिस्से होते हैं। 1. कॉकपिट वाइस रिकार्डर ( सीवीआर)। यह पायलट, सह-पायलट की बातचीत, कॉकपिट अलार्म, आवाज आदि को रिकॉर्ड करता है। 2. फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर)। इसमें विमान और उसके इंजन से जुड़ी जानकारियां होती हैं। मसलन विमान की ऊंचाई, उड़ान की स्थिति, मूव, नियंत्रण कक्ष से आखिरी संपर्क, गति, दिशा, इंजन और अन्य तकनीकी डेटा। इस ब्लैक बॉक्स को काफी ढंग और मजबूती के साथ तैयार किया जाता है। इसमें ऐसी सिग्नलिंग डिवाइस भी लगी होती है, जो हादसे के बाद इस ब्लैक बॉक्स को ढूंढने में मदद करती है। ताकि विमान की दुर्घटना के बाद इसे सुरक्षित प्राप्त किया जा सके और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। इसके लिए विशेषज्ञों की टीम गहन जांच-पड़ताल करके निष्कर्ष पर पहुंचती है।

अधिकांश विमान दुर्घटना में दो बड़े कारण आते हैं। 1. मानवीय भूल। मानवीय भूल में विमान को उड़ा रहे पायलट से हुई कोई गलती। आम तौर पर टेकऑफ या लैंडिंग के समय जरा सी असावधानी या निर्णय में चूक दुर्घटना का कारण बन जाती है। यहां पायलट की सूझ-बूझ, दक्षता आदि काफी महत्वपूर्ण होती है। 2. तकनीकी कारण। इसका संबंध विमान के इंजन, प्रणाली, टरबाइन सिस्टम, थ्रस्ट जनरेशन, फ्यूएल सप्लाई, इलेक्ट्रिक सिस्टम आदि से जुड़ी होती है। इसके अलावा विमान पक्षी से टकराने, रन-वे पर किसी जानवर या आब्जेक्ट आदि से टकराने पर भी दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैं।

# अमरोहा में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 5 महिलाओं की मौत

**शव ऐसे जले कि पहचानना मुश्किल, टीन पर रखकर गत्ते से ढका; 12 गंभीर**



अमरोहा, 16 जून (एजेंसियां)। अमरोहा में एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना तेज था कि फैक्ट्री की इमारत और टीनशेड पूरी तरह से मलबे में तब्दील हो गए। हादसे में 5 महिलाओं की मौत हो गई है। 12 से अधिक गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

पटाखा फैक्ट्री अतरासी गांव से 2 किमी दूर जंगल में संचालित की जा रही थी। फैक्ट्री में सुबह करीब 25 महिला और पुरुष काम कर रहे थे। इसी दौरान किसी मजदूर के बच्चे ने फुलझड़ी जला दी। इसके बाद पास में रखे पटाखे और बारूद में आग लग गई। करीब 15 मिनट तक ब्लास्ट होता रहा।

धमाके के बाद फैक्ट्री का मलबा 300 मीटर दूर तक फैल गया। कई मजदूर मलबे में दब गए। धमाके की आवाज और धुआं उठता देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिला प्रशासन और पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचीं। मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकालने का अभियान शुरू किया। डीएम- निधि गुप्ता और एसपी अमित कुमार आनंद मौके पर मौजूद हैं। फायर ब्रिगेड की टीम राहत और बचाव कार्य जुटी है।

स्थानीय निवासी समीर ने बताया कि मैं दोपहर में घर पर बैठा था। टायर फटने की आवाज सुनाई दी। हम लोग घर से बाहर निकल कर आए तो देखा हर तरफ काला काला धुआं फैला हुआ था। हम लोग धुएं की तरफ दौड़ते हुए गए। वहां पहुंचा तो पूरी फैक्ट्री टूट गई थी। वहां काम करने वाले मजदूर मलबे में दबे हुए थे। हम लोग घायलों को बचाने में जुट गए। फैक्ट्री 2 साल से चल रही थी। यहां 20-25 मजदूर काम करते थे।

पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही डीएम-एसपी घटनास्थल पर पहुंचे। जांच में सामने आया है कि यह पटाखा फैक्ट्री बिना लाइसेंस और सुरक्षा इंतजाम के चलाई जा रही थी। अधिकारियों ने पूरे इलाके को सील कर दिया हैद। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार फैक्ट्री हापुड़ निवासी व्यक्ति की बताई जा रही है।

धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। आसपास के गांवों में भय और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि फैक्ट्री में पिछले कई दिनों से अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही और मिलीभगत के आरोप भी लगाए हैं।

# 'ना पूछो मुझसे मेरी पहचान, मैं तो भस्मधारी हूं'

**तेजप्रताप ने गेरुआ चादर ओढ़कर पूजा करते शेयर किया वीडियो; यूजर बोले- एक दिन मोदी बनोगे**



पटना, 16 जून (एजेंसियां)। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव फिर शिवभक्ति में लीन नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया X पर महादेव की पूजा करते वीडियो शेयर किया। लिखा- 'अकाल मृत्यु वो मरे जो काम करे चांडाल का, काल भी उसका क्या बिगाड़े, जो भक्त हो महाकाल का! ना पूछो मुझसे मेरी पहचान, मैं तो भस्मधारी हूं। हर हर महादेव।'

1मिनट 6 सेकेंड के वीडियो में तेज प्रताप यादव गेरुआ रंग के कपड़े पहने संन्यासी की तरह दिख रहे हैं। वो एक मंदिर में शिवलिंग के पास बैठे हैं और बैकग्राउंड में स्पीकर से 'ओउम नमः शिवाय' मंत्र बज रहा है। वहीं एक पुजारी दूध से महादेव का अभिषेक कर रहे हैं।

तेज प्रताप यादव ने करीब 25 दिन पहले अपने इंस्टाग्राम पर कुछ इसी अंदाज में एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वो मालदीव में समुद्र किनारे ध्यान की मुद्रा में बैठे थे। 1.21 मिनट के इस वीडियो में वे काले रंग की हाफ पैंट और शर्ट पहने और कैप लगाए ध्यान की मुद्रा में नजर आए थे। तेजप्रताप समुद्र किनारे एक रिसॉर्ट के कॉटेज में बैठे थे। इस दौरान बैकग्राउंड में 'ऊं नमः शिवाय' मंत्र बज रहा था।

वीडियो शेयर करते हुए तेजप्रताप ने इंग्लिश में पोस्ट लिखा। जिसका हिंदी में मतलब है- 'शांति जीवन में बहुत जरूरी है। इसके बिना जीवन में अफरातफरी मच जाती है।'

'बहते पानी की आवाज में अद्भुत ताकत है। ये हमें प्रकृति की स्थिरता की याद दिलाता है। अपनी ऊर्जा को सही दिखा में लगाने की मदद कर सकता है। ये हमें खुद से और अपने आसपास की चीजों से तालमेल बनाने के लिए प्रेरित करता है

पार्टी और परिवार से बेदखल होने के 6 दिन बाद तेजप्रताप ने अपनी चुप्पी तोड़ी थी। 1 जून को उन्होंने दो इमोशनल पोस्ट किए। पहले में लिखा- मां-पापा आप और आपका आदेश भगवान से बढ़कर है।

मेरे प्यारे मम्मी पापा.... मेरी सारी दुनिया बस आप दोनों में ही समाई है। भगवान से बढ़कर है आप और आपका दिया कोई भी आदेश ।आप हैं तो सबकुछ है मेरे पास। मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए ना कि कुछ और। पापा आप नहीं होते तो ना ये पार्टी होती और ना मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछ जयचंद जैसे लालची लोग। बस मम्मी-पापा आप दोनों स्वस्थ और खुश रहें हमेशा। दूसरी पोस्ट में तेजस्वी से उनपर भरोसा रखने की बात कही। इस पोस्ट में भी जयचंद का जिक्र किया।

# यूपी में जोरदार आंधी-बारिश, बरेली में हाईवे डूबा



**आगरा में सड़क नहर बन गई; 18 जून को मानसून की एंट्री; 48 घंटे में 34 की मौत**

लखनऊ, 16 जून (एजेंसियां)। यूपी में भीषण गर्मी के बीच बारिश का दौर शुरू हो गया है। सोमवार सुबह से गोंडा, मथुरा, बलरामपुर, संभल, आगरा, हाथरस, अयोध्या, बरेली, फिरोजाबाद, गोंडा, संत कबीरनगर में गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हो रही है। हल्की हवा भी चल रही है। लखनऊ में बादल छाए हैं, सुबह बूंदाबांदी हुई।

बरेली में रात 12 बजे से झमाझम बारिश शुरू हुई। सुबह 6 बजे तक बरसात जारी रही। करीब 6 घंटे की बारिश में शहर से हाईवे तक पानी भर गया। यहां लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर घुटने तक पानी भर गया है। पुलिसकर्मी पानी में खड़े होकर ट्रैफिक कंट्रोल कर रहे हैं। कई कॉलोनियों में कमर तक पानी भरा है। सुभाषनगर पुलिया के पास रोड नदी जैसा दिख रहा है। मढ़ीनाथ पर भी पानी भर गया। सुभाष नगर पावर हाउस पर दो फीट पानी भर गया है।

दूसरा सबसे गर्म जालौन रहा, यहां तापमान 42.6 डिग्री रहा। तीसरा सबसे गर्म पंजाब का भटिंडा वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान हरदोई में 23.5°C रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि 18 जून को गोरखपुर के रास्ते यूपी में मानसून की एंट्री होगी।

पिछले 48 घंटे में बिजली गिरने से 26 लोगों की मौत हुई है। प्रयागराज में पति-पत्नी और उनकी दो बेटियां जिंदा जल गईं। वहीं, शाहजहांपुर में आंधी-बारिश से 45 साल की एक महिला की मौत हो गई। हीटस्ट्रोक से 7 लोगों की मौत हुई। वाराणसी में 4, सोनभद्र, गाजीपुर और मिर्जापुर में 1-1 लोगों की जान गई। प्रदेश में कुल 34 लोगों की मौत हुई।

यूपी में मानसून की एंट्री से पहले प्री मानसून एक्टिविटी शुरू हो गई हैं। बलिया के सिकंदरपुर में सोमवार दोपहर अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बारिश से पारे में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है।

गोरखपुर में सुबह 4 बजे से तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बाद रिमझिम बारिश होती रही। 11 बजे के बाद अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग का कहना है कि यूपी में 18 जून को मानसून की एंट्री होगी। मानसून गोरखपुर के रास्ते ही आएगा। ऐसे में अभी से प्री-मानसून एक्टिविटी शुरू हो गई है।

आगरा के कालिंदी विहार में 100 फुटा रोड के सामने सीवर लाइन खोदने का काम चल रहा था। सोमवार सुबह हुई बारिश के चलते करीब 8 फीट सड़क धंस गई। इसमें वहां से गुजर रहा एक युवक मलबे में दब गया। करीब एक घंटे के बाद उसको बाहर निकाला जा सका।

# प्रेमिका की लाश में सिंदूर भरा

**शव को लाल जोड़ा पहनाकर सात फेरे लिए, नवंबर में होनी थी शादी**





महराजगंज, 16 जून (एजेंसियां)। महराजगंज में युवक ने मर चुकी प्रेमिका से शादी रचाई। उसके हाथों में हल्दी लगाई। लाल साड़ी पहनाई। मांग में सिंदूर भरकर मंगलसूत्र पहनाया। फिर अर्थी के चारो ओर चक्कर लगाकर सात फेरे भी लिए। इस दौरान दोनों के परिवार वाले और मोहल्ले के लोग मौजूद रहे।

प्रेमी-प्रेमिका का बीते तीन सालों से अफेयर चल रहा था। 29 नवंबर को दोनों की शादी होनी थी। मगर इससे पहले ही दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। प्रेमिका ने अपने घर में फंदे से लटककर जान दे दी। घटना शनिवार रात निचलौल थाना क्षेत्र की है।

कृष्णानगर की रहने वाली 24 साल की प्रियंका मद्धेशिया का सन्नी मद्धेशिया (29) से 3 साल से अफेयर चल रहा था। 29 नवंबर को परिवार की रजामंदी से दोनों की शादी होने वाली थी।

घर पर शादी की तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच दोनों का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में आकर प्रियंका शनिवार देर रात घर की दूसरी मंजिल पर गई। फिर फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। रविवार को परिजनों को उसका कमरे में फांसी से लटकता शव मिला।

सुसाइड की खबर जैसे ही प्रेमी सन्नी को लगी वो मौके पर पहुंचा। घर में शादी की तैयारियों के बीच प्रियंका के अंतिम संस्कार की तैयारियां होने लगी। इसी बीच सन्नी ने प्रियंका से शादी करने की इच्छा जताई। घरवाले इस बात पर राजी हो गए। परिवार के लोग साड़ी और सुहाग का सामान लेकर आए। पंडित जी को बुलाया गया। सबके सामने सन्नी ने प्रियंका से शादी की।

प्रियंका एमए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। वहीं, सन्नी ग्रेजुएशन कर रहा है। सन्नी हरेड़ी वार्ड का रहने वाला है। प्रियंका के घर से उसके घर की दूरी मात्र 500 मीटर है। सन्नी 2 साल पहले प्रियंका के घर में ही किराए पर मोबाइल की दुकान चलाता था। वहीं से दोनों का अफेयर शुरू हुआ था। 1 साल पहले सन्नी ने दूसरी जगह दुकान ले ली थी। लेकिन वह प्रियंका के घर आता-जाता रहता था। प्रियंका के 2 भाई और 2 बहने हैं। प्रियंका की मां की मौत हो चुकी है। पिता बीमार रहते हैं। दोनों भाई कपड़े की दुकान चलाते हैं। उसी से घर का खर्चा चलता है। वहीं सन्नी के घर में पिता-माता और 1 भाई है। मोबाइल की दुकान से ही पूरे घर का खर्चा चलता है।

थाना प्रभारी अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया, युवती की मृत्यु के बाद परिवार वालों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। इससे पहले प्रेमी ने प्रेमिका से शादी की है। पुलिस भी अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। घटना को लेकर कोई भी शिकायत नहीं मिली है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भोजपुर में अपराधियों ने ज्योतिषी को मारी गोली

**15 डिसमिल जमीन को लेकर 2 महीने से चल रहा था विवाद; बच्चों से मिलने गांव जा रहे थे**

भोजपुर, 16 जून (एजेंसियां)। भोजपुर में 15 डिसमिल जमीन विवाद में अपराधियों ने ज्योतिषी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। विरोध करने पर गोली मार दी। बुलेट पेट में लगी है। हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है।

घायल की पहचान चासी गांव निवासी विनोद कुमार पांडेय(55) के तौर पर हुई है। पिछले 10 साल से नवादा इलाके के बाजार समिति में रह रहे हैं। वहीं से ज्योतिषी का काम करते हैं। घटना नारायणपुर थाना क्षेत्र की है।

सर्जन डॉ. विकास सिंह ने बताया कि गोली लगने से लिवर और छोटी आंत बुरी तरह से डैमेज हुआ है। ऑपरेशन करके बुलेट निकाल दिया गया है। अभी मरीज को ऑब्जर्वेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है।

अस्पताल में भर्ती घायल विनोद कुमार पांडेय ने बताया, '15 डिसमिल जमीन को लेकर गांव के ही पिंटू कुमार पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय और शैलेंद्र कुमार पांडेय से दो महीने से विवाद चल रहा है। दबंगई के बल पर जमीन हड़पना चाहते हैं। गर्मी की छुट्टी में बच्चे गांव गए हैं। उसी से मिलने के लिए रविवार को बाजार समिति से गांव जा रहा था।'

घर के पास पहुंचते ही घात लगाकर बैठे तीन लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसके बाद पेट में गोली मार दी। खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। गोली की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।

विनोद कुमार पांडेय ने पिंटू कुमार पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय और शैलेंद्र पांडेय पर जमीन विवाद में गोली मारने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# लखनऊ में लैंडिंग के दौरान फ्लाइट से चिंगारी निकली

## 250 हज यात्रियों को लेकर आई थी, फायर टीम ने कंट्रोल किया



लखनऊ, 16 जून (एजेंसियां)। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सऊदी अरबिया एयरलाइंस की फ्लाइट एसवी-3112 की लैंडिंग के दौरान पहिए से चिंगारी और धुआं निकलने लगा। पायलट ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए विमान को रोक दिया। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचना दी। इस दौरान विमान में 242 हजयात्री बैठे हुए थे।

एयरपोर्ट की फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर फोम और पानी का छिड़काव किया। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद स्थिति पर पूरी तरह काबू पाया। घटना रविवार सुबह 6:30 बजे की है, वीडियो आज सामने आया है।

विमान शनिवार रात 11:30 बजे जेद्दा एयरपोर्ट से हजयात्रियों को लेकर रवाना हुआ था। रविवार सुबह लखनऊ पहुंचा। रनवे पर लैंडिंग के बाद जब विमान टैक्सी-वे पर आ रहा था, तभी यह घटना हुई।

घटना के दौरान सभी यात्री विमान में ही थे। बाद में विमान को पुश बैक कर टैक्सी वे पर लाया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इंजीनियरों की टीम विमान की तकनीकी खराबी की जांच में जुटी, लेकिन सोमवार दोपहर 1:50 बजे तक भी खराबी ठीक नहीं की जा सकी।

दरअसल, बाएं साइड के पहिये पूरी तरह से खराब हो गए हैं। उन्हें बाहर से मंगाया गया। पहिए लखनऊ एयरपोर्ट दोपहर तक पहुंचा दिए गए। बताया जा रहा है कि सोमवार दोपहर 3 बजे तक में पहिए बदल लिए जाएंगे। उसके बाद विमान जेद्दा लौटेगा। बता दें कि विमान जेद्दा खाली जाता है।

सूत्रों ने बताया कि विमान की लैंडिंग के समय पायलट ने उसके पहिये खोलकर विमान को रनवे पर उतारा, तभी उसके बाएं तरफ के पहिए में खराबी आ गई। यह खराबी हाइड्रोलिक सिस्टम में अचानक लीकेज होने की वजह से बताई जा रही है। इसी से तेज धुएं के साथ चिनगारी उठने से वहां हड़कंप जैसी स्थिति बन गई। अगर यह खराबी विमान के टेकऑफ के समय हो जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूत्रों ने बताया कि हज यात्रियों की वापसी के दौरान सऊदी अरबिया एयरलाइंस का विमान जेद्दा से हज यात्रियों को लेकर यहां आता है, लेकिन यहां से बिना यात्रियों के ही वापस खाली ही जाता है।

# हापुड़ के पिता-पुत्र का एक साथ यूपी पुलिस में चयन

**पूर्व सैनिक ने छोड़ी आर्मी ऑर्डनेंस की नौकरी, बेटे संग लाइब्रेरी में की थी तैयारी**



हापुड, 16 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के हापुड़ में पिता-पुत्र की जोड़ी का एक साथ यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती में चयन हुआ है। दोनों ने लखनऊ में एक साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्य नाथ के हाथों नियुक्त पत्र प्राप्त किए। दोनों ने एक साथ एक ही लाइब्रेरी में साथ बैठकर तैयारी की थी। एक ही दिन दोनों ने परीक्षा दी। अब दोनों की अलग-अलग जिलों में ट्रेनिंग होगी। पिता यशपाल नागर शाहजहांपुर में तो बेटा शेखर बरेली में ट्रेनिंग करेगा। हापुड़ के धौलाना तहसील के गांव उदयरामपुर नंगला निवासी यशपाल नागर (40) और उनका बड़ा बेटा शेखर नागर (21) पिछले ढ़ाई साल से यूपी पुलिस में भर्ती होने के लिए तैयारी कर रहे थे। दोनों ने CDS और दरोगा भर्ती की परीक्षाएं भी दी थीं।

यशपाल पहले सेना में कार्यरत थे। 2003 में उनका चयन भारतीय थल सेना में हुआ था। उन्होंने 16 साल तक सेना में नौकरी की। 2019 में सेना से वीआरएस ले लिया। इसके बाद वे बाद वे दिल्ली में आर्मी ऑर्डनेंस कोर में नौकरी कर रहे थे।

यशपाल का बड़ा बेटा शेखर पहले से पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। बेटे को तैयारी करता देख यशपाल को भी पुलिस में जाने की इच्छा हुई। उन्होंने अपने बेटे को दिल्ली बुलाया। दोनों ने एक ही कोचिंग में एडमिशन लिया। दो साल तक तैयारी की।

यशपाल ने बताया- पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए एप्टीट्यूड, रीजनिंग और जनरल स्टडीज की तैयारी करनी थी। मैं और मेरा बेटा दोनों एक ही लाइब्रेरी में पढ़ाई करने जाते थे। आसपास बैठकर पढ़ते थे, पर किसी को पता नहीं था कि हम पिता-पुत्र हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से 2024 में सिपाही पद के लिए भर्ती निकाली गई। यशपाल और उनके बेटे शेखर ने एक ही दिन में अलग-अलग सेंटरों पर परीक्षा दी। अक्टूबर माह में इसका परिणाम जारी हुआ। पिता-पुत्र का एक साथ चयन हुआ। रविवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 69000 सिपाहियों को नियुक्ति पत्र बांटे गए। दोनों हापुड़ से लखनऊ आए। लखनऊ रवाना होने से पहले जब पिता-पुत्र नवीन मंडी में एसपी ज्ञानंजय सिंह की ब्रीफिंग में पहुंचे तो वहीं पता चला कि दोनों साथ में भर्ती हुए हैं।

# सड़क दुर्घटना में सेना के जवान की पत्नी की मौत



**पिता ने लगाया हत्या का आरोप, बोले- 'दहेज के लिए ससुराल वालों ने बाइक से कुचला'**

मधेपुरा, 16 जून (एजेंसियां)। मधेपुरा सदर थाना क्षेत्र के गोढ़ियारी में रविवार की देर शाम सड़क हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका की पहचान गोढ़ियारी निवासी सच्चिदानंद यादव की बेटी रजिया कुमारी (28) के रूप में हुई। घटना के बाद मृतका के पिता ने इसे सड़क हादसा नहीं, बल्कि साजिश के तहत हत्या करार दिया है। उसने सिमराहा निवासी कुछ लोगों पर अपनी बेटी को जानबूझकर बाइक से टक्कर मारने का आरोप लगाया है।

सच्चिदानंद यादव ने बताया कि रविवार शाम करीब 6 बजे रजिया कुमारी अपने घर के पास सड़क किनारे जा रही थी। इसी दौरान सिमराहा निवासी हलदर यादव, मिथिलेश यादव, उपेंद्र यादव और एक अज्ञात व्यक्ति 2 बाइकों पर सवार होकर आए। आरोप है कि उन्होंने रजिया को टक्कर मारकर गिरा दिया और एक बाइक उसके सिर पर चढ़ा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

रजिया को तुरंत मधेपुरा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। वहां से भी उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया। विराटनगर, नेपाल ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई।

मृतका के पिता ने बताया कि उसकी बेटी की शादी 2017 में सिमराहा निवासी दुखन कुमार से हुई थी, जो सेना में कार्यरत है। शादी के बाद रजिया को एक बेटा हुआ। लेकिन ससुराल वालों ने दहेज में जमीन की मांग को लेकर रजिया को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। सच्चिदानंद के अनुसार दुखन ने मयूरवा में दूसरी शादी कर ली और रजिया सहित उसके बेटे को मारपीट कर घर से निकाल दिया।

# तौकीर रजा पर कस सकता है कानून का शिकंजा

***विवादित बयान के बाद एफआईआर की तैयारी, हिंदू संगठनों ने जताया विरोध***



बरेली, 16 जून (एजेंसियां)। आईएमसी पार्टी के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान द्वारा दिए गए विवादित बयान के बाद उनके खिलाफ शिकंजा कस सकता है। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इस संबंध में एसएसपी से मिलकर शिकायत दर्ज कराई और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

मौलाना तौकीर ने कल रविवार को बयान दिया था, जिसमें वह बजरंग दल को 'आतंकी संगठन' और 'कुत्ता' जैसे आपत्तिजनक शब्दों से संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भी अपशब्दों का प्रयोग किया। इन बयानों को लेकर हिन्दू संगठनों में नाराज़गी है और शहर में तनाव का माहौल बन गया है।

रविवार को मौलाना तौकीर रजा ने मुस्लिम समाज पर हो रहे कथित अत्याचारों और मदरसों पर बुलडोज़र चलाए जाने के विरोध में गिरफ्तारी देने का ऐलान किया था।

इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने तौकीर रजा को उनके घर से बाहर नहीं निकलने दिया और उन्हें सीढ़ियों पर ही रोक दिया गया। इस पर उनकी पुलिस अधिकारियों से तीखी बहस हुई।

# मुंगेर में डबल मर्डर के आरोपी के बेटे की हत्या

**6 अपराधियों ने घेरकर सीने में मारी गोली; घर के पास वारदात**

मुंगेर, 16 जून (एजेंसियां)। मुंगेर में बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान आशीष कुमार (26) के रूप में हुई है। रविवार शाम उसके सीने में दो गोली मारी गई। वो रविवार की शाम हाईवे से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान घर के पास ही घात लगाए 6-7 बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। इसमें दो गोली उसके सीने में लगी। गोलियों की आवाज सुनकर ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। घायल आशीष को आनन-फानन में निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बरियारपुर थाना क्षेत्र के महदेवा स्कूल मैदान के गली की है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि दो बाइक से बदमाश आए थे। आशीष पर फायरिंग करने के बाद हटिया की ओर फरार हो गए। मृतक की पत्नी प्रेग्नेंट है। घटना की सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष वीरभद्र कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि आपसी रंजिश में फायरिंग की गई है। पुलिस इस मामले को बरियारपुर बस स्टैंड विवाद में हुए डबल मर्डर से जोड़कर देख रही है।



# चर्चित आईपीएस ने एडीजी रैंक अधिकारी पर दर्ज करवाया मामला, सीएस सुंधाश पंत पर भी लगे गंभीर आरोप



जयपुर, 16 जून (एजेंसियां)। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी पंकज चौधरी फिर सुर्खियों में हैं। उन्होंने अतिरिक्त महानिदेशक संजीव नार्जरी पर वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीआर) में ग्रेडिंग कम करने का आरोप लगाते हुए केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) में अपील दायर की है। उन्होंने मुख्य सचिव को भी इस मामले में शामिल कयिा है।

उन्होंने अपील में कहा है कि चौधरी को एपीआर में अक्टूबर 2022 में पुनः पदभार संभालने के बाद 2022-23 व 2024-25 में 9 से अधिक अंक दिए गए, जबकि 2023-24 में कई अवॉर्ड मिलने और 30 जिलों का दौरा करने के बावजूद अतिरिक्त महानिदेशक संजीव कुमार नार्जरी ने सात ही अंक दिए।

**आईपीएस संजीव रखते हैं व्यक्तिगत दुर्भावना- चौधरी**

अपील में यह भी कहा कि नार्जरी ने एपीआर में कई कॉलम खाली छोड़ दिए, जबकि सभी कॉलम भरना आवश्यक है। चौधरी ने आरोप लगाया कि एडीजी नार्जरी ने दुर्भावना से उनकी ग्रेडिंग कम की। उनका आरोप है क आईपीएस संजीव उनसे व्यक्तगित दुर्भावना रखते हैं, इसी वजह से उन्होंने ग्रेडगिं कम कयिा है। पंकज चौधरी ने कहा कि यह कोई राजनैतकि क्षेत्र नहीं है। अफसर के कामकाज के प्रमाण मौजूद हैं तो फिर ग्रेडगिं कम कैसे की जा सकती है।

**कौन है आईपीएस पंकज चौधरी**

वर्ष 2009 कैडर के आईपीएस पंकज चौधरी लगातार सुर्खियों में बने रहते हैं। उन्होंने कोटा, बांसवाड़ा, जैसलमेर, बूंदी, अजमेर और जयपुर में काम किया है। पंकज चौधरी ने दो शादियां की। जिसके चलते वर्ष 2019 में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। वर्ष 2020 के दिसंबर में सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्राइब्यूनल ने उनकी बर्खास्तगी को गलत बताते हुए उन्हें फिर से बहाल करने का फैसला सुनाया।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पंकज चौधरी चुनाव में भी ताल ठोक चुके हैं। उन्होंने बाड़मेर जैसलमेर लोकसभा सीट से नामांकन भी दाखिल किया। उनका नामांकन बर्खास्तगी का सर्टिफिकेट नहीं होने के कारण निरस्त कर दिया गया था। चौधरी की पत्नी मुकुल चौधरी ने जोधपुर लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में भाग्य आजमाया था।

पंकज चौधरी ने वर्ष 2024 में नवाचारों के लिए राजस्थान पुलिस को डूइंग गुड फ़ॉर भारत अवॉर्ड 2024 से सम्मानित करवाया। साल 2024 में पंकज चौधरी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर गंभीर आरोप लगाए।

### राजेन्द्र राठौड़ बोले- कल तक जो नाकारा-निकम्मा-नालायक और गद्दार थे

# गहलोत आज उनसे गलबाइयां कर रहे हैं खोए हुए जनाधार के लिए ऐसा हो रहा है



जयपुर, 16 जून (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट की मुलाकात पर तंज कसते हुए बीजेपी नेता राजेन्द्र राठौड़ ने कहा है कि लोकतांत्रिक इतिहास में कभी ऐसा मौका नहीं आया था कि सरकार रहते हुए सरकार के मंत्री और विधायकों को पेहरों में फाइव स्टार होटल ले जाया जाए।

उन्होंने कहा- कल तक जो नाकारा, निकम्मा, नालायक और गद्दार थे। आज गहलोत साहब उनसे गलबाइयां कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि वो देख रहे है कि डबल इंजन की सरकार की गति इतनी तेज है कि कांग्रेस के परखच्चे उड़ रहे हैं।

कांग्रेस को आज मुद्दे नहीं मिल रहे हैं। डेढ़ साल में कांग्रेस कोई भी कारगर आंदोलन खड़ा नहीं कर पाई हैं। कांग्रेस ने कई बार आंदोलन खड़ा करने की कोशिश की। चाहे वो जिला खत्म करने का आंदोलन हो या किसी ओर अन्य मुद्दे पर। लेकिन उन्हें जनसमर्थन नहीं मिला। इसलिए खोए हुए जनाधार को ठीक करने के लिए ऐसा किया जा रहा है।

राठौड़ ने कहा कि हमने जिन मुद्दों को लेकर लड़ाई लड़ी थी। वो पेपर माफियाओं, नौकरी लूटने वालों और कोचिंग सेंटर के नाम पर चांदी कूटने वालों के खिलाफ थी। आपने देखा होगा कि आज पेपर लीक के मामले में 100 से ज्यादा लोग सलाखों के पीछे हैं।

पारदर्शिता के साथ परीक्षाओं का आयोजन हो रहा है। पहली बार 1 लाख 36 हजार अलग-अलग कैडर के लोगों का कैलेंडर जारी करने का काम हुआ है। कुछ बातों को लेकर आंदोलन हो सकता है। लेकिन राजस्थान की सरकार में पहले जहां खर्ची और पर्ची मतलब रिश्वत और सिफारिश के आधार पर नौकरियां लूटती थी, वो कालखंड अब समाप्त हो चुका है।

राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा और विदेश नीति भी मजबूत एवं सुदृढ़ हुई है। फिर चाहे वो पाकिस्तान में आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर हो या फिर 1960 का सिंधु जल समझौता रद्द करने का ऐतिहासिक फैसला हो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का काम किया है। इंदिरा गांधी नहर परियोजना के तहत 649 किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली से 16.17 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। अब सिंधु जल समझौता रद्द करने से राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और जम्मू-कश्मीर को सीधा फायदा होगा।

सिंधु और चिनाब का पानी रावी-व्यास के माध्यम से हरिके बैराज में पहुंचेगा और हरिके बैराज से पानी इंदिरा गांधी नगर परियोजना के माध्यम से राजस्थान को मिलेगा। इससे राजस्थान की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।

# एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में नए नाम उजागर

## उदयपुर के सीडीईओ ने 10 लाख में खरीदी थी बेटे के लिए वर्दी





जयपुर, 16 जून (एजेंसियां)। एसआई भर्ती परीक्षा 2021 के बहुचर्चित पेपर लीक मामले में एसओजी की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस बार एसओजी ने राजस्थान शिक्षा व्यवस्था की साख को झकझोर देने वाली गिरफ्तारी की है। जिसमें उदयपुर के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (सीडीईओ) बुद्धिसागर उपाध्याय और उनके बेटे ट्रेनी एसआई आदित्य उपाध्याय को हिरासत में लिया गया है।

**पद और पहुंच का नाजायज इस्तेमाल**

बुद्धिसागर उपाध्याय जो कि हाल ही में भिनाय अजमेर से स्थानांतरित होकर 23 मई 2025 को उदयपुर में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी बने थे, ने अपने प्रभाव और संपर्कों का इस्तेमाल कर बेटे को पुलिस भर्ती परीक्षा में अवैध रूप से सफल बनवाया। एसओजी की जांच में सामने आया कि उपाध्याय ने पूर्व में गिरफ्तार शिक्षक कुंदन पंड्या से एसआई भर्ती परीक्षा का पेपर हासिल किया और वह पेपर अपने बेटे आदित्य को पढ़ाया। नतीजा ये रहा कि आदित्य ने टीएसपी क्षेत्र में 19वीं रैंक हासिल की।

**रिश्वत में दिए 10 लाख**

सूत्रों के अनुसार पेपर लीक का सौदा 10 लाख रुपए में तय हुआ था। बुद्धिसागर ने कुंदन पंड्या को यह राशि दी थी ताकि परीक्षा से पहले पेपर बेटे को मिल सके। जांच में पता चला कि यह संपर्क उस समय हुआ, जब उपाध्याय जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग (TAD), उदयपुर में डेपुटेशन पर थे। कुंदन पंड्या वहां हॉस्टल वार्डन था और उसी दौरान पूर्व आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा भी वहीं तैनात थे। इस दौरान कुंदन ने उपाध्याय से बेटे के लिए पेपर उपलब्ध कराने का वादा किया।

**कटारा से कुंदन तक लीकेज का नेटवर्क**

पेपर लीक का मूल स्रोत बाबूलाल कटारा था, जो आरपीएससी का पूर्व सदस्य रहा है। कटारा ने सहायक लेखाधिकारी पुरुषोत्तम, संदीप और शिक्षक कुंदन पंड्या को परीक्षा से तीन दिन पहले पेपर मुहैया कराया था। बदले में उसने उनसे पेंशन प्रक्रिया में मदद की अपेक्षा की थी। इन तीनों ने फिर यह पेपर 10-10 लाख रुपए लेकर उदयपुर के पांच अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया। इनमें रेनू, सुरेंद्र बगड़िया, विजेंद्र, सुरजीत और मनीष दाधीच शामिल हैं, हालांकि मनीष पास नहीं हो सका।

**एसओजी की गहन पूछताछ**

कुंदन पंड्या की रिमांड के दौरान जब उससे पूछताछ हुई, तो उसने बुद्धिसागर उपाध्याय और उसके बेटे का नाम उजागर किया। इसके बाद एसओजी ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्र बताते हैं कि आदित्य को परीक्षा पास करवाने के लिए न सिर्फ पेपर दिया गया, बल्कि उसका गहराई से अध्ययन भी करवाया गया ताकि परीक्षा में उच्च स्कोर हासिल हो।

देखा जाए तो यह मामला केवल एक भर्ती परीक्षा में धोखाधड़ी तक सीमित नहीं है। यह सरकारी पदों का दुरुपयोग, जनहित की परीक्षा की पवित्रता को ध्वस्त करना और एक संगठित रैकेट का खुलासा करता है, जिसमें सेवानिवृत्त अफसर, मौजूदा शिक्षक और शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हैं।

एसओजी के मुताबिक बुद्धिसागर उपाध्याय इससे पहले भी जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग में वित्तीय गड़बड़ी के एक मामले में विभागीय कार्रवाई का सामना कर चुके हैं। इससे उनके रिकॉर्ड पर पहले से ही दाग लगे हुए थे और अब यह गिरफ्तारी उनके करियर और प्रतिष्ठा पर अंतिम चोट साबित हो सकती है।

### जवाहर सिंह बेढम बोले- गुर्जर आंदोलन पर संवेदनशील हैं सीएम

# पुलिस भाषा से उर्दू-फारसी हटाने की मांग



जोधपुर, 16 जून (एजेंसियां)। राजस्थान के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि गुर्जर आंदोलन के मामले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पूरी तरह संवेदनशील हैं। जब गुर्जर समाज ने अपनी मांगें उठाईं, तो मैं स्वयं उनके बीच गया और समाज के पदाधिकारियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री जी भी इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए समाज के प्रतिनिधियों से संवाद कर समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं।

मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने पुलिस कार्यप्रणाली में उर्दू और फारसी भाषा में पत्रावली लिखे जाने को लेकर डीजीपी से बात की और उन्हें पत्र लिखकर सुझाव दिया है कि पुलिस विभाग उर्दू और फारसी के शब्दों को हटाकर उनके स्थान पर सरल और सहज हिंदी शब्दों का प्रयोग करे।

उन्होंने कहा कि हमारी पुलिस कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था, कोर्ट और राजस्व प्रक्रियाओं में आज भी उर्दू और फारसी के शब्दों का उपयोग होता है। अंग्रेजों के समय और उससे पूर्व ये भाषाएं प्रशासनिक भाषा का हिस्सा थीं और स्कूलों में पढ़ाई जाती थीं लेकिन वर्तमान में न तो ये भाषाएं पढ़ाई जाती हैं, न ही आम उपयोग में हैं। जब कोई नया पुलिस अधिकारी नियुक्त होता है तो उसे इन शब्दों को समझने में कठिनाई होती है और कभी-कभी तो कंसल्टेंट तक रखने पड़ते हैं।

मंत्री ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है और अधिकांश लोग इसे आसानी से समझते हैं। इसलिए प्रशासनिक भाषा को सरल बनाना आवश्यक है ताकि आमजन और अधिकारियों को स्पष्ट रूप से समझ में आए।

उन्होंने बताया कि इस दिशा में पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर सुझाव दिया गया है कि उर्दू और फारसी शब्दों की सूची तैयार की जाए, उनके हिंदी समकक्ष निर्धारित किए जाएं और एक प्रस्ताव बनाकर मुख्यमंत्री को भेजा जाए। डीजीपी ने भी इस विषय में निचले स्तर के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। मंत्री बेढम ने यह भी कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रशासनिक कार्यों का अधिकतम सरलीकरण हो, जिससे अर्थ का अनर्थ न हो और सभी वर्गों को न्याय और समझ दोनों प्राप्त हो

# डोटासरा बोले- मुख्यमंत्री,मंत्रियों के फोन दिल्ली वाले सुनते हैं

## पायलट के समय संगठन मजबूत था, कमजोर होता तो हम राज में कैसे आते

जयपुर, 16 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केंद्र पर मुख्यमंत्री और मंत्रियों के फोन सुनने के आरोप लगाए हैं। डोटासरा ने कहा- अगर हमारे मुख्यमंत्री और मंत्री यह कहने लग जाए कि मेरे से डायरेक्ट फोन पर बात मत किया करो। मेरा फोन दिल्ली वाले सुनते हैं। आप समझ सकते हैं, ऐसे में प्रदेश का क्या हाल होगा? लोग आकर बताते हैं कि मुख्यमंत्री और मंत्री ऐसा कहते हैं कि आप डायरेक्ट फोन पर बात मत किया करो। जो हमने सुना है, वह मैं बता रहा हूं। सही क्या है वह तो वह जाने। डोटासरा सोमवार को जयपुर में कांग्रेस वॉर रूम में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। ॅकाम लेकर जाने वाले लोग बताते हैं, मुख्यमंत्री और मंत्री ऐसा कहते रहते हैं कि आप समझा करो। डायरेक्ट फोन मत किया करो, ऊपर तक बात जाती है। क्या राजस्थान में अदृश्य शक्ति काम कर रही है? इस सूचना के सोर्स के बारे में पूछे जाने पर डोटासरा ने कहा- अब आप संवाद रखते हैं तो सब चीजें छनकर आती है। डोटासरा ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा- बीजेपी में सब नेता एक-दूसरे की गोभी खोदने में लगे हुए हैं। एक-दूसरे को निपटाने में लगे हैं। इनको डर इस बात का है कि कब दिल्ली से किसकी पर्ची बदल जाए। उस पर्ची के चक्कर में अगर हमारा मुख्यमंत्री या मंत्री यह कहने लग जाए कि मेरे से डायरेक्ट फोन पर बात मत किया करो। मेरा फोन दिल्ली वाले सुनते हैं। डोटासरा ने कहा- अब तक 80% मंडल और ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन पूरा हो चुका है, और इनकी जानकारी फोटो और मोबाइल नंबर के साथ पीसीसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। 28 जून से पहले सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों के बूथ लेवल एजेंट्स की सूची चुनाव आयोग को भेज दी जाएगी। जहां ब्लॉक या मंडल अध्यक्ष प्रभावी ढंग से काम नहीं कर रहे, उनकी रिपोर्ट लेकर संगठन को और मजबूत किया जा रहा है। शेष 30% मंडल कार्यकारिणी का गठन भी जल्द पूरा होगा। सरकार ने पंचायती राज और नगर निकाय चुनावों के लिए कोई सर्वे नहीं करवाया, जो राज्य निर्वाचन आयोग का काम है। डोटासरा ने यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि वह कौन होते हैं चुनाव की घोषणा करने वाले। पंचायती राज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी कहते हैं कि 1 साल में चुनाव नहीं होंगे।

### जल संरक्षण अभियान को लेकर के.के. विश्नोई ने की बैठक

## एसआई भर्ती परीक्षा पर भी खुलकर बात की

जोधपुर, 16 जून (एजेंसियां)। राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने जोधपुर में वंदे भारत जल संरक्षण जन अभियान के तहत विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक पखवाड़े के लिए प्रदेशभर में शुरू किया गया है, जिसका लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमें पौराणिक जल स्त्रोतों जैसे कुएं, बावड़ियां और तालाबों को पुनः सक्रिय कर वर्षा जल को संरक्षित करने की दिशा में जनभागीदारी से कार्य करना होगा।

मंत्री विश्नोई ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पूर्व में भी भाजपा सरकार के कार्यकाल में हरियालो राजस्थान और एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियानों के माध्यम से वृक्षारोपण और जल संरक्षण के प्रयास हुए थे। इस बार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वर्षा जल संरक्षण की दिशा में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, ताकि व्यर्थ बहते पानी को संचित किया जा सके।

एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर विश्नोई ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार बनते ही सबसे पहले एसआईटी का गठन किया गया। वर्षों से जो मेहनतकश युवाओं का हक मारा जा रहा था, उसे लौटाने का कार्य सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि बार-बार पेपर लीक और परीक्षाओं के रद्द होने से युवाओं में अस्थिरता और निराशा घर कर गई थी। कुछ युवाओं ने तो पढ़ाई तक छोड़ दी थी, लेकिन अब सरकार के सख्त निर्णयों और पारदर्शिता से उनमें आत्मविश्वास लौटा है।

### नीट टॉपर महेश को मिलेगा 51 लाख का पुरस्कार

सीकर, 16 जून (एजेंसियां)। नीट परिणाम 2025 में पहली रैंक हासिल कर शिक्षानगरी का मान बढ़ाने वाले गुरुकृपा कोचिंग के होनहार महेश कुमार का हौसला बढ़ाने वालों का कोचिंग में दिनभर मेला लगा रहा। सीकर जिला कलक्टर मुकुल शर्मा व पुलिस अधीक्षक भूवण भूषण यादव सहित कई प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधिों ने भी होनहार का हौसला बढ़ाया। हर किसी ने होनहार के संघर्ष और शिक्षकों के समपर्ण की जमकर सराहना की। वहीं शहरवासियों में नीट परिणाम के बाद काफी उत्साह देखने को मिला। जश्न में शामिल होने वाले शहरवासियों ने बताया कि नीट परिणाम में शिक्षानगरी के लाल की पहली रैंक आने का फायदा पूरी शिक्षानगरी को मिलेगा। होनहार का हौसला बढ़ाने पहुंचे शहरवासियों का गुरुकृपा कोचिंग संस्थान के निदेशक राजेश कुल्हरी व प्रदीप बुड़ानिया आदि ने आभार जताया। उन्होंने बताया कि नीट में टॉपर देने की परम्परा को संस्थान ने इस साल भी दोहराया है।

# एससी, एसटी, ओबीसी और टीएसपी को राज्यपाल से आरक्षण बढ़ाने की मांग

जयपुर, 16 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ का राष्ट्रीय समेलन एवं सम्मान समारोह झालाना क्षेत्र में आयोजित हुआ। प्रदेशाध्यक्ष राजपाल मीना ने बताया कि केन्द्रीय कार्यकारिणी, जोन चेयरमैन व विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने भारतीय न्यायिक आयोग के गठन के साथ ही विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विचार रखे।

आबादी के अनुपात में एसटी, एससी, ओबीसी एवं टीएसपी के आरक्षण को बढ़ाने की मांग की। साथ ही राज्य सरकार से प्रत्येक विभाग में नियमानुसार रोस्टर संधारण के अनुसार पदोन्नति की वरीयता सूची जारी करने व पदोन्नतियों में भेदभाव दूर करने को कहा।

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने कहा कि अपने हक-अधिकारों को हासिल करने के लिए सामाजिक एकता आवश्यक है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एस गीता ने महिलाओं के अधिकारों एवं ग्रामीण महिलाओ को रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। निजी क्षेत्र में भी जल्द आरक्षण लागू करने तथा विभिन्न राज्यों में डॉ. अंबेडकर, ज्योतिबा फुले एवं बिरसा मुंडा के नाम पर नए शिक्षण संस्थान खोलने की भी मांग की।


नॉर्थ जोन सचिव डॉ. राजेन्द्र बंसल, सुख लाल टाटू, राष्ट्रीय महासचिव भागचन्द मीना व कोषाध्यक्ष हरनाम सिंह यादव सहित अन्य वक्ताओं ने भी समेलन को संबोधित किया।

## होटल में ठहरी युवती की जलने से मौत

श्रीगंगानगर, 16 जून (एजेंसियां)। शहर के रविन्द्र पथ पर साहिल होटल की तीसरी मंजिल पर एक कमरे में ठहरी युवती की जलने से संदिग्ध मौत हो गई। कमरे में धुंआ उठते देख होटल मैनेजर ने कलक्ट्रेट के कंट्रोल रूम में सूचना दी। फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां पहुंची और कमरे में लगी आग को बुझाया। जब तक दमकल कार्मिक आग बुझाते युवती की जलकर से मौत हो चुकी थी। होटल में आग की सूचना पर बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। होटल मैनेजर नारायण ने बताया कि मृतका 31 वर्षीय सुमन हरियाणा के कैथल की रहने वाली थी। उसने शनिवार दोपहर करीब 1.44 बजे होटल में कमरा बुक कराया था। तीसरी मंजिल पर कमरा नम्बर 308 अलॉट किया था। इसके बाद उसने डिस्टर्ब नहीं करने और रूम में किसी को एंट्री नहीं करने की हिदायत दी थी। इस बीच, कोतवाली सीआई पृथ्वीपाल सिंह की अगुवाई में पुलिस दल पहुंचा। सीआई ने मैनेजर और होटल संचालक से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। सीआई ने इस घटना स्थल पर साक्ष्य लेने के लिए एफएसएल टीम को बुलाया। वहीं सीओ सिटी बी आदित्य ने पहुंचकर इस पूरे घटनाक्रम से कोतवाली पुलिस और होटल मैनेजर से फीडबैक लिया। युवती के कमरे में शराब की दस बारह बोतलें पड़ी मिली। आशंका है कि सिगरेट की शौकीन युवती ने शराब का सेवन भी किया होगा। आग से पूरा कमरा जल गया। आग की लपटें दीवारों तक पहुंच गई।

### जयपुर-एयरपोर्ट पर टेक ऑफ से पहले प्लेन में आई खराबी

## एयरबस का विमान रनवे से एप्रन में लौटा, तीन घंटे बाद शारजाह के लिए भरी उड़ान




जयपुर, 16 जून (एजेंसियां)। जयपुर एयरपोर्ट पर सोमवार को टेकऑफ से पहले एयर अरेबिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई। टेकऑफ से महज कुछ देर पहले पायलट को टेक्निकल एरर की जानकारी मिली। इसके बाद पायलट ने प्लेन को रनवे से वापस एप्रन पर पहुंचाया। यहां लगभग तीन घंटे तक फ्लाइट की खराबी को ठीक किया गया। प्लेन में 180 पैसेंजर सवार थे।

दरअसल, जयपुर एयरपोर्ट से एयर अरेबिया की फ्लाइट G9 - 436 सोमवार सुबह 4 बजकर 45 मिनट पर शारजाह के लिए उड़ान भरने वाली थी। पैसेंजर को बोर्डिंग के बाद फ्लाइट में भी बैठा दिया था। फ्लाइट टेकऑफ के लिए रनवे पर भी चली गई थी।

उड़ान से महज कुछ मिनट पहले ही पायलट को फ्लाइट में तकनीकी खराबी की जानकारी मिली। इसके बाद फ्लाइट को फिर से एप्रन में लाया गया। जहां टेक्निकल एरर को ठीक किया गया।

3 घंटे बाद प्लेन ने भरी उड़ान

3 घंटे तक फ्लाइट का टेक्निकल एरर सही किया गया। इसके बाद सुबह 7 बजकर 25 मिनट पर फिर से पैसेंजर्स को फ्लाइट में बैठाया गया। 7 बजकर 46 मिनट पर फ्लाइट ने शारजाह के लिए उड़ान भरी। इसके बाद फ्लाइट ने सुबह 9 बजकर 25 मिनट पर शारजाह मैं सुरक्षित लैंडिंग की।

## नशे में धुत दामाद ने सास की हत्या की

अलवर, 16 जून (एजेंसियां)। जिले के खैरथल थाना क्षेत्र के मीरका गांव में मंगलवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एक शराब के नशे में धुत दामाद ने अपनी सास की बेरहमी से हत्या कर दी और पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मीरका गांव निवासी देवी दयाल जाटव की बेटी आचुकी की शादी आठ साल पहले झाड़का निवासी मुकेश जाटव से हुई थी। बताया जा रहा है कि मुकेश शराब का आदी है और अक्सर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। इससे परेशान होकर आचुकी दो छोटे बच्चों के साथ मायके मीरका आ गई थी।

### सिरोही, पाली और जालोर में हुई 45 से अधिक चोरी व नकबजनी की वारदातों का खुलासा, तीन गिरफ्तार

सिरोही, 16 जून (एजेंसियां)। सिरोही के शिवगंज पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सिरोही, पाली और जालोर जिलों में केबल चोरी और नकबजनी की करीब 45 वारदातों का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने केबल चोरी गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिवगंज थानाधिकारी बाबूलाल ने बताया कि 13 जून 2025 को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, उपखंड शिवगंज के सहायक अभियंता नितिन कुमार द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि ग्राम गोडाणा और ध्रुबाणा में स्थित विभागीय नलकूपों पर लगी केबल को अज्ञात चोरों ने काटकर चुरा लिया है। इसी तरह ध्रुबाणा निवासी वालाराम पुत्र धनाजी देवासी ने भी 12 जून की रात अपने कृषि कुएं से केबल चोरी होने की रिपोर्ट दी थी। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए चामुंडेरी, थाना नाना (जिला पाली) निवासी हितेश कुमार पुत्र शंकरलाल भील, पंचदेवल, थाना स्वरूपगंज (जिला सिरोही) निवासी अर्जुन कुमार पुत्र गुजराराम गमेती और चामुंडेरी, थाना नाना (पाली) निवासी गोपाल कुमार पुत्र नवाराम कालबेलिया को ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया है कि उन्होंने सिरोही, पाली और जालोर जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्रों में केबल चोरी और नकबजनी की करीब 45 घटनाओं को अंजाम दिया है।

# हैदराबाद की ब्रांड छवि के लिए 100 बार जेल जाने को तैयार: केटीआर



हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। विपक्षी नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने के लिए कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने कहा कि हैदराबाद की ब्रांड छवि सुधारने के अपने प्रयासों के लिए वह एक बार नहीं, बल्कि 100 बार जेल जाने को तैयार हैं। उन्होंने फॉर्मूला-ई रेस मामले को स्थानीय निकाय चुनावों से पहले मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी द्वारा अपनाई गई ध्यान भटकाने की रणनीति बताया , क्योंकि वे चुनावी वादे पूरे करने में असमर्थ रहे।

उन्होंने कहा, 'यह तीसरी बार है जब मुझे बुलाया गया है और मैं 30वीं बार भी आने के लिए तैयार हूं। हमें न्यायपालिका और देश के कानून पर पूरा भरोसा है।'

सोमवार को एसीबी कार्यालय जाने से पहले तेलंगाना भवन में पत्रकारों से बात करते हुए रामा राव ने कहा कि कांग्रेस सरकार जांच की आड़ में बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, पूर्व मंत्री टी हरीश राव और खुद को निशाना बनाकर परपीड़क सुख प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। हालांकि, उन्होंने पीछे न हटने की कसम खाई, भले ही इसका मतलब फिर से जेल जाना हो। उन्होंने कहा, 'तेलंगाना राज्य आंदोलन के दौरान मुझे जेल जाना पड़ा था और फॉर्मूला-ई के माध्यम से हैदराबाद को वैश्विक ब्रांड बनाने के लिए मैं दोबारा जेल जाने में संकोच नहीं करूंगा।' बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी अधूरे वादों वाली सरकार चला रहे हैं, जिसमें छह गारंटियां पूरी नहीं करना और स्थानीय निकाय चुनावों से पहले पिछड़ा वर्ग आरक्षण को अंतिम रूप देने में देरी शामिल है।

उन्होंने कहा, 'कांग्रेस बीसी आरक्षण को अंतिम रूप दिए बिना स्थानीय निकाय चुनाव कराने की योजना बना रही है। अगर ऐसा होता है, तो यह बीसी के साथ घोर अन्याय होगा जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस केवल चुनाव नजदीक आने पर ही रायतु भरोसा सहायता वितरित कर रही है। रामा राव ने सरकार पर बीआरएस नेताओं को निशाना बनाकर ध्यान भटकाने वाली राजनीति करने का आरोप लगाया, लेकिन चेतावनी दी कि उन्हें सरकार की विफलताओं को उठाने से नहीं रोका जा सकता। उन्होंने कहा, 'रेवंत एक या दो नेताओं को गिरफ्तार कर सकते हैं, लेकिन वह लाखों बीआरएस कार्यकर्ताओं को चुप नहीं करा सकते जो लड़ने के लिए तैयार हैं।'

मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए रामा राव ने उन्हें कैश-फॉर-वोट घोटाले में पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की चुनौती दी और कहा कि वह स्वयं फॉर्मूला-ई मामले में इसके लिए तैयार हैं।

## केटीआर के पेश होने पर पुलिस ने तेलंगाना भवन के बंद कर दिए गेट



हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार को तेलंगाना भवन के आसपास तनाव की स्थिति बनी रही, क्योंकि बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव केटीआर फॉर्मूला-ई रेस मामले में पूछताछ के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के समक्ष पेश हुए। विरोध प्रदर्शन की आशंका के चलते पुलिस ने धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी, जिससे क्षेत्र एक तरह से किले में तब्दील हो गया। मशहूर कैफ़े निलोफ़र समेत सभी दुकानें बंद कर दी गईं और नागरिकों को परिसर में जाने से रोक दिया गया। पता चला है कि कैफ़े को तब भी शटर गिराने के लिए मजबूर होना पड़ा जब अंदर कई ग्राहक मौजूद थे। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) के बगल में स्थित तेलंगाना भवन के गेट को बीआरएस नेताओं की आपत्तियों के बावजूद कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया।

रामा राव की पिछली एसीबी पेशी के दौरान बीआरएस कार्यकर्ताओं द्वारा की गई विशाल रैली के बाद एहतियाती उपायों का हवाला देते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इस बार भी, चिंतित बीआरएस कार्यकर्ता एकत्र हुए, जिससे उनकी संभावित गिरफ्तारी के बारे में अटकलें लगाई जाने लगीं, एक अफवाह जिसने आसन्न स्थानीय निकाय चुनावों से पहले जोर पकड़ा। हालांकि, किसी भी गिरफ्तारी की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई।

पुलिस ने एसीबी कार्यालय की ओर जाने वाली सड़कों पर बैरिकेडिंग कर दी, शुरुआत में प्रवेश द्वार से 300 मीटर की दूरी तक मीडिया सहित आम लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई। बाद में पत्रकारों को समाचार कवरेज के लिए 100 मीटर की दूरी से रिपोर्टिंग करने की अनुमति दी गई।

केवल बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और उनके वकील को ले जा रहे वाहन को ही एसीबी कार्यालय के अंदर जाने की अनुमति दी गई। पूरे दिन माहौल तनावपूर्ण रहा, अफवाहों के बीच बीआरएस कार्यकर्ता पुलिस और मीडिया से अपडेट मांगते रहे। रामा राव के साथ पहुंचे पूर्व मंत्री टी हरीश राव समेत वरिष्ठ नेता तेलंगाना भवन के अंदर और बाहर पार्टी नेताओं के साथ समन्वय करते देखे गए।

# जन समस्याओं के समाधान में देरी नहीं होनी चाहिए : आयुक्त आर.वी. कर्णन



हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे जन सुनवाई के दौरान जनता से प्राप्त शिकायतों के समाधान में देरी न करें। सोमवार को जीएचएमसी मुख्यालय में शहर भर से लोग आयुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं बताने आए थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लोगों से प्राप्त शिकायतों की गहन जांच करें और उनका तुरंत समाधान करें।

इस अवसर पर बोलते हुए आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में लोगों द्वारा उठाए गए मुद्दों का जिम्मेदारी से समाधान किया जाए तथा लोगों को उनकी समस्याओं से अवगत कराया जाए। उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्षों को लोगों की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जीएचएमसी मुख्यालय में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान 74 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 35 टाउन प्लानिंग विभाग से संबंधित, 7 टैक्स सेक्शन से, 5-5 इंजीनियरिंग और स्वच्छता विभाग से, 4 इलेक्ट्रिकल विभाग से, 3 यूबीडी विभाग से, 2-2 स्वास्थ्य, प्रशासन और परिवहन विभाग से, एसी राजस्व, झील, यूसीडी, परियोजनाए, एचएमडब्ल्यूएसएसबी और एसी लीगल चारमीनार जोन से संबंधित तथा 2 शिकायतें फोन इन के माध्यम से प्राप्त हुईं।

जीएचएमसी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले छह क्षेत्रों में कुल 91 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कुकटपल्ली क्षेत्र में 47, सेरिलिंगमपल्ली क्षेत्र में 18, सिकंदराबाद क्षेत्र में 14, एलबी नगर क्षेत्र में 7, चारमीनार क्षेत्र में 4 और खैरताबाद क्षेत्र में एक आवेदन प्राप्त हुआ। अतिरिक्त आयुक्त रघु प्रसाद, वेणुगोपाल, यदागिरी राव, सत्यनारायण, वेणुगोपाल रेड्डी, नलिनी पद्मावती, गीता राधिका, मंगतयारु, सीई रत्नाकर, सतर्कता अतिरिक्त एसपी श्रीनिवास, टाउन प्लानिंग सीसीपी श्रीनिवास, अतिरिक्त सीसीपी वेंकन्ना, गंगाधर, प्रदीप, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पद्मजा, यूबीडी निदेशक वेंकटेश्वरलू, डिप्टी सीईओ पनासा रेड्डी, हाउसिंग ई.ईएस पी.वी. इस कार्यक्रम में रविंदर, राजेश्वर राव, विज्ञापन अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुथ्यम राजू और अन्य ने भाग लिया।

## बीआरएस नेताओं को नोटिस भेजना ध्यान भटकाने की रणनीति : कविता

जगतियाल, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एमएलसी के कविता ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए जानबूझकर बीआरएस नेताओं को नोटिस भेज रही है। उन्होंने बताया कि बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव, वरिष्ठ नेता टी हरीश राव और अब कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हम हर सवाल का जवाब देंगे, लेकिन सरकार को ध्यान भटकाने वाली राजनीति से बचना चाहिए। कविता ने हाल ही में तेलंगाना भवन को बंद करने की घटना की भी निंदा की। उन्होंने ये टिप्पणियां जगतियाल में नवदुर्गा मंदिर के वार्षिक दिवस समारोह में भाग लेते हुए कीं।

## पोन्नम ने बलकमपेट येल्लम्मा कल्याणम की तैयारियों की समीक्षा की



हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने संबंधित अधिकारियों को बलकमपेट येल्लम्मा कल्याणम के उत्सव के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है, जो 1 जुलाई से आयोजित होने वाला है। मंत्री ने सोमवार को बलकम्पेट के येल्लम्मा मंदिर में समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान, पोन्नम प्रभाकर ने येल्लम्मा कल्याणम और रथोत्सवम के संबंध में सतर्कता की आवश्यकता पर जोर दिया, और आग्रह किया कि भक्तों को कोई कठिनाई न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हैदराबाद में आगामी बोनालु उत्सव के मद्देनजर पहले से ही विभिन्न उपायों को लागू किया है। मंत्री ने अधिकारियों को सतर्क रहने और 1 जुलाई से शुरू होने वाले बालकम्पेट कल्याणम, रथोत्सवम और संबंधित समारोहों के दौरान भक्तों के लिए किसी भी तरह की समस्या को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से पिछले साल बैरिकेड्स और कतारों में उत्पन्न हुई समस्याओं की पुनरावृत्ति से बचने के लिए निवारक उपाय करने का आग्रह किया। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए उचित व्यवस्था करें कि महिलाओं और बच्चों को कोई परेशानी न हो और सुरक्षा बढ़ाने के लिए मंदिर के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। पोन्नम प्रभाकर ने प्रस्ताव दिया कि निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल ट्रांसफार्मर और जनरेटर स्टैंडबाय पर रखे जाएं, मोबाइल शौचालय स्थापित किए जाएं और मंदिर को बिजली की रोशनी से सजाया जाए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीएचएमसी कार्यालय में घुसने का प्रयास किया

हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। शहर में जीएचएमसी कार्यालय में उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई जब भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में घुसने का प्रयास किया। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस ने उन्हें रोक दिया। भाजपा पार्षदों ने कहा कि वे शहर की जन समस्याओं पर जीएचएमसी आयुक्त को ज्ञापन देंगे। पुलिस ने कहा कि वे केवल 15 लोगों को ही अंदर जाने देंगे। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने पुलिस से सभी कार्यकर्ताओं को अंदर जाने की अनुमति देने की मांग करते हुए धरना दिया। पुलिस ने कार्यालय के सामने बैरिकेड्स लगाकर कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया। हालांकि, भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स और गेट चढ़कर कार्यालय में घुसने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हुए। इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा के फ़्लोर नेता शंकर यादव ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार लोगों को बुनियादी सुविधाएं न देकर उन्हें परेशान कर रही है, लेकिन शहर में सौंदर्य प्रतियोगिता आयोजित करने पर कई करोड़ रुपये खर्च कर रही है। उन्होंने कहा, अगर हम सौंदर्य प्रतियोगिताओं पर किए गए खर्च को जोड़ दें, तो हमें स्ट्रीट लाइट और पानी मिल जाएगा। हम मांग करते हैं कि लोगों की बुनियादी ज़रूरतें, जैसे पानी, सड़क और जल निकासी के काम तुरंत पूरे किए जाएं।

## 8,000 रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया पंचायत सचिव

संगारेड्डी, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने सोमवार को मुनिपल्ली मंडल के बुधेरा गांव में एक पंचायत सचिव को कथित तौर पर 8,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। कथित तौर पर आरोपी पटलोला नागलक्ष्मी ने नया घर नंबर जारी करने और वाहन सर्विसिंग शेड स्थापित करने की अनुमति देने के बदले में रिश्वत की मांग की थी। मांग पूरी न कर पाने पर शिकायतकर्ता ने एसीबी अधिकारियों से संपर्क किया, जिन्होंने जाल बिछाया और उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। उन्हें हैदराबाद में एसीबी अदालत में पेश किया गया और 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# डिजिटल पहल से रेलवे परिचालन अधिक स्मार्ट और कुशल बनेंगे : जीएम

## रेल निलयम में एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन



हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने रेल निलयम में एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन किया और क्षेत्रीय इंटरचेंज मॉनिटरिंग सिस्टम (जेडआईएमएस) और स्टेशन सूचना मॉनिटरिंग सिस्टम (एसआईएमएस) का भी शुभारंभ किया। महाप्रबंधक ने एसएंडटी वर्कशॉप, मेट्टुगुडा में 198 किलोवाट क्षमता के सौर संयंत्र का भी उद्घाटन किया। अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे ने आज यानी 16 जून, 2025 को एससीआर पर विभिन्न डिजिटल और पर्यावरण अनुकूल पहलों का उद्घाटन किया, जिसमें रेल निलयम में एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र (यूसीसीसी) शामिल है। जोनल इंटरचेंज मॉनिटरिंग सिस्टम (जेडआईएमएस) और स्टेशन सूचना मॉनिटरिंग सिस्टम (एसआईएमएस) का शुभारंभ और सिग्नल और टेलीकॉम वर्कशॉप, मेट्टुगुडा, सिकंदराबाद में 198 केडब्ल्यूपी (किलोवाट पीक) सोलर प्लांट का उद्घाटन। इस अवसर पर एससीआर के अतिरिक्त महाप्रबंधक नीरज अग्रवाल, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष (डीएमसीआर) में स्थापित यूसीसीसी, प्राकृतिक आपदाओं, आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों और परिचालन संबंधी आपात स्थितियों आदि के दौरान निगरानी और समन्वय में सुधार करने के लिए रेल मंत्रालय के निर्देश के अनुरूप स्थापित किया गया है। इस सुविधा में उच्च अंत डिजिटल डिस्प्ले हैं, जिसमें दो 86-इंच स्क्रीन और दो 65-इंच इंटरैक्टिव डिस्प्ले शामिल हैं। जोनल इंटरचेंज मॉनिटरिंग सिस्टम (जेडआईएमएस) छह डिवीजनों में ट्रेनों के प्रदर्शन के इंटरचेंज की निगरानी करने का एक उपकरण है। यह लाइव डैशबोर्ड के माध्यम से रेक और लोको विवरण के बारे में वास्तविक समय की जानकारी देता है, जिससे ट्रेन संचालन को सुचारू बनाने में मदद मिलती है। एक अन्य प्रणाली, स्टेशन सूचना निगरानी प्रणाली (एसआईएमएस), एक केंद्रीय डेटाबेस है जिसे पूरे ज़ोन में परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह प्लेटफ़ॉर्म प्रत्येक स्टेशन से संबंधित महत्वपूर्ण डेटा तक त्वरित और निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करता है, जो प्रभावी निर्णय लेने और निर्बाध संचालन का समर्थन करता है। एस एंड टी वर्कशॉप में चालू किया गया 198 केडब्ल्यूपी क्षमता वाला सौर संयंत्र टिकाऊ और ऊर्जा-कुशल संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सालाना लगभग 320,760 यूनिट सौर ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए डिज़ाइन किया गया, इस प्लांट से हर साल लगभग 259.8 टन सीओ2 उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है।

4.5 यूनिट प्रतिदिन पर 198 केडब्ल्यूपी की क्षमता वाला सौर संयंत्र वर्कशॉप की वार्षिक ऊर्जा खपत की जरूरतों को पूरी तरह से पूरा करेगा, जिससे यह प्रभावी रूप से "ऊर्जा तटस्थ वर्कशॉप" में बदल जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए, अरुण कुमार जैन ने कहा कि डिजिटल पहल से रेलवे परिचालन अधिक स्मार्ट, तेज और अधिक कुशल बनेंगे। इन नवाचारों से सुरक्षा में सुधार होगा और सामान्य और आपातकालीन दोनों स्थितियों के दौरान सुचारू संचालन सुनिश्चित होगा। पर्यावरण के अनुकूल पहलों पर बोलते हुए, महाप्रबंधक ने कहा कि सौर संयंत्र का चालू होना हरित ऊर्जा समाधानों को अपनाने की दिशा में एससीआर के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

## पोंगुलेटी से टीपीसीसी प्रमुख नाराज



हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के कार्यक्रम के संबंध में राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी की घोषणा पर नाराजगी व्यक्त की। मंत्री ने रविवार को कहा था कि स्थानीय निकाय चुनावों के लिए अधिसूचना इस महीने के अंत तक जारी कर दी जाएगी। हालांकि, यह टिप्पणी टीपीसीसी अध्यक्ष को रास नहीं आई। गौड़ ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा, स्थानीय निकाय चुनाव पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण के कार्यान्वयन से जुड़े हैं। मंत्रियों को वर्तमान में अदालतों में विचाराधीन मामलों पर टिप्पणी करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव कराने के मुद्दे पर किसी भी आधिकारिक घोषणा से पहले कैबिनेट में विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। उन्होंने पूछा, कैसे कोई मंत्री कैबिनेट चर्चा के बिना मीडिया को ऐसा बयान दे सकता है?

गौड़ ने चेतावनी देते हुए कहा, किसी मंत्री को दूसरे मंत्रियों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, न ही उन्हें दूसरे के पोर्टफोलियो से संबंधित घोषणाएं करनी चाहिए। इस तरह की हरकतें पार्टी के भीतर अनावश्यक मतभेद पैदा कर सकती हैं। उन्होंने मंत्रियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों को पार्टी की सहमति के बिना सार्वजनिक बयान देने से बचने की सलाह भी दी।

# भाजपा ने राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए जीओ को तत्काल रद्द करने की मांग की



कुमरमभीम आसिफाबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आज जिला मुख्यालय स्थित एकीकृत जिला कार्यालय भवन में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धोनी श्रीशैलम के नेतृत्व में भाजपा की एक टीम ने जिला प्रशासक वेंकटेश धोत्रे से मुलाकात की। इस टीम में सिरपुर विधायक डॉ. पलवई हरीश बाबू, वरिष्ठ नेता अरिगेला नागेश्वर राव, अरिगेला मल्लिकार्जुन और विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष और नेता शामिल हुए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की टीम ने कहा कि जीओ क्रमांक 49 से जिले का विकास पूरी तरह से बाधित हो जाएगा और लोगों को आजीविका की कमी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह अस्वीकार्य है कि राज्य सरकार ने स्थानीय लोगों, आदिवासियों और ग्रामीणों से परामर्श किए बिना एकतरफा जेवीओ जारी किया। इस जे.वी.ओ. को तत्काल निरस्त करने के लिए कलेक्टर को एक याचिका प्रस्तुत की गई। बाद में, जे.वी.ओ. संख्या 49 की प्रतियां कलेक्टरेट के बाहर जलाई गईं।

## प्रजावाणी में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण किया जाए : कलेक्टर

कुमरमभीम आसिफाबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि प्रजावाणी कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर शीघ्र निराकरण करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। सोमवार को जिला केंद्र में एकीकृत जिला कलेक्ट्रेट भवन के मीटिंग हॉल में आसिफाबाद राजस्व मंडल अधिकारी लोकेश्वर राव के साथ आवेदकों से आवेदन प्राप्त किए गए।

रेबेना मंडल के एडावेली गांव के राठौड़ दुबली ने दिव्यांग पेंशन की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया। पेंचिकलपेट मंडल के चेडपई गांव के नंदीपेट राजय्या ने दिव्यांग होने का हवाला देते हुए तीन पहिया वाहन की मांग की। कागजनगर शहर के नजरूल नगर द्वितीय कैंप की सुमा मल्लिका ने इंदिराम्मा आवास की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया है। वांकीडी मंडल के जैतपुर की गोले वेंकट राव ने इंदिराम्मा आवास दिए जाने की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया है। उनका कहना है कि उन्हें इंदिराम्मा आवास स्वीकृति दस्तावेज दिया गया था, लेकिन उनका नाम सूची में नहीं है।

दहेगाम मंडल के इट्याला गांव के अनुसूचित जनजाति परदान जाति के किसानों ने उनके लिए न्याय की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया है, क्योंकि अन्य लोगों ने उनकी खेती की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। बेजजुरू मंडल के लालूगुपल्ली गांव की निटलुरी पार्वती ने थाटीपल्ली के बाहरी इलाके में दलित बस्ती में उन्हें दी गई जमीन की माप और सीमाओं का निर्धारण करने की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया है। रेबेना मंडल के जक्कुलापल्ली गांव के मजदूरों ने इंदिराम्मा आवास दिए जाने की मांग की है। आसिफाबाद शहर के जनकपुर गांव की अमीना बेगम ने पति की मृत्यु के बाद विधवा पेंशन दिए जाने की मांग की।

## पत्नी की हत्या के लिए व्यक्ति को 6 साल की सजा

निर्मल, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। यहां की एक जिला अदालत ने चार साल पहले अपनी पत्नी की हत्या के जुर्म में एक व्यक्ति को सोमवार को 6 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया। जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश श्रीवाणी ने फैसला सुनाते हुए बसर के पालकर साईनाथ को 2021 में अपनी पत्नी पर केरोसिन डालकर आग लगाने का दोषी पाया। अदालत ने फैसला सुनाने से पहले प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों और भौतिक साक्ष्यों की जांच की। पीड़िता ने इलाज के दौरान मृत्युपूर्व बयान दिया था, जिसके आधार पर बसर पुलिस ने मामला दर्ज किया। इसके बाद आरोप पत्र दाखिल किया गया, जिसके आधार पर साईनाथ को दोषी ठहराया गया।

# आदिवासियों ने वन अधिकारियों को अपनी झोपड़ियां तोड़ने से रोका

## वन विभाग के अधिकारियों और आदिवासियों के बीच करीब दो घंटे तक झड़प

हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मुलुगु जिले के एतुरू नगरम मंडल में रॉययूर के पास जंगल में आदिवासियों द्वारा बनाई गई झोपड़ियां तोड़ने आए वन अधिकारियों के खिलाफ आदिवासियों ने चाकुओं और लाठियों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारी अपने साथ लाए गए जेसीबी और ट्रैक्टरों को आदिवासियों ने वापस भेज दिया। इस अवसर पर आदिवासियों ने वन अधिकारियों के व्यवहार पर अपना गुस्सा जाहिर किया। रोयूर गांव के कुछ आदिवासियों ने पिछले साल पास की धान की जमीन पर झोपड़ियां बना ली थीं। वन अधिकारियों द्वारा लगातार परेशान किए जाने के बावजूद वे कहते रहे कि उन्होंने अपने रहने के लिए झोपड़ियां बनाई हैं। इस बीच, सोमवार की सुबह करीब 60 से 80 वन अधिकारी, कर्मचारी और 20 पुलिसकर्मी इलाके में आए और झोपड़ियों को हटाने की कोशिश की। इससे नाराज आदिवासियों ने वन अधिकारियों के व्यवहार का विरोध किया और झोपड़ियों को तोड़ने से रोका और जेसीबी को रोका। उन्होंने लाठी और चाकू लेकर विरोध किया। उनमें से एक ने यह कहकर कर्मचारियों पर पेट्रोल डालने की कोशिश की कि अगर झोपड़ियां तोड़ी गईं तो वे आत्महत्या कर लेंगे। इस दौरान एक बोतल से पेट्रोल कर्मचारियों पर गिर गया।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# पटौदी की विरासत को बचाने के लिए तेंदुलकर आए आगे

## ईसीबी-बीसीसीआई के अधिकारियों से की बात; भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में विजेता को मिलेगा पटौदी पदक



मुंबई, 17 जून (एजेंसियां)। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले टेस्ट मुकाबले पिछले कुछ वर्षों से पटौदी ट्रॉफी के तहत होते रहे हैं. यह ट्रॉफी भारत के दो पूर्व कप्तानों इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी की स्मृति में स्थापित की गई थी. 2007 से चली आ रही भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी नाम देने की योजना था, लेकिन इस पर उठे विवाद को अब खुद सचिन तेंदुलकर ने शांत करने की दिशा में पहल की है.

हाल ही में खबर आई कि इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड इस ट्रॉफी का नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन सीरीज करना चाहता है. इस प्रस्ताव ने क्रिकेट प्रेमियों और पूर्व खिलाड़ियों खासकर सुनील गावस्कर के बीच गहरी नाराजगी पैदा कर दी. इस निर्णय से तेंदुलकर को भी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, जबकि वह इस फैसले से सीधे तौर पर जुड़े नहीं थे. अब सचिन की पहल से न केवल एक परंपरा बरकरार रही है, बल्कि फैंस की भावनाओं का भी सम्मान हुआ है. सचिन ने यह सुझाव दिया कि पटौदी परिवार की विरासत को किसी न किसी रूप में इस टेस्ट सीरीज में बनाए रखा जाए.

**सचिन ने खुद की पहल**

इस विवाद को खत्म करने के लिए सचिन तेंदुलकर ने खुद पहल करते हुए बीसीसीआई और ईसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की. क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने इस विषय पर आईसीसी अध्यक्ष जय शाह से भी लगभग तीन घंटे तक चर्चा की. सचिन की कोशिशों का असर यह हुआ कि दोनों बोर्ड इस बात पर सहमत हुए हैं कि सीरीज का नाम पटौदी ट्रॉफी ही रहेगा. साथ ही, सीरीज के विजेता कप्तान को अब मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर एक विशेष पदक भी प्रदान किया जाएगा. ईसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि करते हुए कहा, "हां, भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज अब भी पटौदी ट्रॉफी के नाम से ही खेली जाएगी."

**सीरीज से होगी शुभमन एरा की शुरुआत**

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की बहुप्रतीक्षित सीरीज का आगाज 20 जून से होने जा रहा है. इस प्रतिष्ठित मुकाबले की मेजबानी इंग्लैंड कर रहा है. भारतीय टीम इंग्लैंड पहुंच चुकी है और मुकाबले से पहले जमकर अभ्यास में जुटी है. इस सीरीज में एक नया अध्याय तब जुड़ गया जब रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई. शुभमन इस सीरीज के जरिए पहली बार टेस्ट कप्तान के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे.

**विमान हादसे की वजह से टाला गया कार्यक्रम**

इस सीरीज से जुड़े एक और महत्वपूर्ण आयोजन को फिलहाल स्थगित करना पड़ा है. दरअसल, 14 जून को लॉर्ड्स में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान 'तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी' का औपचारिक अनावरण होना था. लेकिन, अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना के कारण इस कार्यक्रम को आगे के लिए टाल दिया गया है. नाम बदलकर रखी गई ट्रॉफी का लॉन्च शनिवार को होना था और ऐसा माना जा रहा है कि ट्रॉफी के मुख्य आकर्षणों सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन को आमंत्रण भेजा गया था. लेकिन आखिरी समय में इसे फिलहाल टालने का फैसला लिया गया.

## खेल और सचिन के सहारे दंतेवाड़ा से दूर होगा नक्सलवाद

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बनेंगे 50 खेल मैदान

नई दिल्ली, 17 जून (एजेंसियां)। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर ऐसी अनोखी पहले शुरू की है, जिससे छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा पर लगा नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र का ठप्पा जल्द बीते दिनों की बात होगी। स्थानीय प्रशासन ने सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के साथ मिलकर मैदान कप की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत के मुताबिक इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक 50 मैदान के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। बीते वर्ष राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने बताया कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था। उन्होंने कहा, 'इसी तर्ज पर हमने सचिन फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के सहयोग से युवाओं को खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए मैदान कप शुरू करने का फैसला किया। दुदावत ने बताया कि पहले चरण में 50 गांवों में मैदान विकसित किए जाएंगे।' दुदावत के मुताबिक 13 विभिन्न खेलों की सुविधाओं के साथ 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं जिनमें रनिंग ट्रैक, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक, लंबी कूद, वॉल क्लाइंबिंग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्वयं भी खेल के मैदानों का निर्माण कर सकता था, लेकिन विचार यह था कि युवाओं और बच्चों को आकर्षित करने के लिए समुदाय और तेंदुलकर जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों को इसमें शामिल किया जाए। दुदावत ने कहा, लंबे समय में हम चाहते हैं कि अगले सचिन तेंदुलकर, नीरज चोपड़ा और पीटी उषा बस्तर से आएं।

# बुमराह के वर्कलोड को कैसे किया जाएगा मैनेज

## कप्तान गिल ने कर दिया प्लान का खुलासा





लंदन, 17 जून (एजेंसियां)। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज होगा। शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम इस सीरीज में खेलने के लिए 6 जून को ही इंग्लैंड पहुंच गई थी, जिसके बाद से टीम वहां पर जमकर अभ्यास भी कर रही है। वहीं इस सीरीज में सभी की नजरें जहां टीम इंडिया के नए टेस्ट कप्तान गिल के प्रदर्शन पर रहने वाली हैं तो वहीं इस पर भी कि आखिर किस तरह से गिल स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के वर्कलोड को मैनेज करेंगे जिसमें वह पांच टेस्ट मैचों में से कितने मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

**आप मैच दर मैच किस तरह आगे बढ़ते हैं सबकुछ इस पर निर्भर करेगा**

टीम इंडिया के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने स्काई स्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में दिनेश कार्तिक के साथ बातचीत करते हुए जसप्रीत बुमराह के वर्कलोड को किस तरह से मैनेज किया जाएगा इसके जवाब में कहा सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि हम मैच दर मैच किस तरह आगे बढ़ते हैं। किसी एक मैच में बारिश भी हो सकती है। इसलिए मेरा यह मानना है कि एक मैच के बाद दूसरे मैच में क्या होगा और उस मैच में उन्होंने कितने ओवर फेंके। हर एक मैच में उनका वर्कलोड कितना रहा यह सारी चीजें हमें देखनी होंगी। हम सीरीज शुरू होने से पहले ये तय नहीं कर सकते कि वह कौन सा मैच खेलेंगे और कौन सा नहीं। हम सीरीज में किस स्थिति में है इस पर भी काफी कुछ निर्भर रहने वाला है कि वह अगला मैच खेलने जा रहे हैं या नहीं।

**टीम मैनेजमेंट तय करेगा बल्लेबाजी क्रम**

दिनेश कार्तिक के साथ इंटरव्यू के दौरान कप्तान शुभमन गिल से आगामी टेस्ट सीरीज में बल्लेबाजी क्रम को लेकर भी सवाल किया गया जिसके जवाब में उन्होंने कहा अभी टीम अभ्यास मैच खेल रही है और उसके बाद टीम मैनेजमेंट तय करेगा कि कौन किस नंबर पर बल्लेबाजी क्रम में खेलने उतरेगा। बता दें कि ऐसी उम्मीद लगाई जा रही है कि विराट कोहली के टेस्ट से रिटायरमेंट लेने के बाद शुभमन गिल को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने की जिम्मेदारी मिल सकती है।

# विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 का शेड्यूल जारी

## भारत-पाकिस्तान मैच 5 अक्टूबर को कोलंबो में; टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू



दुबई स्पोर्ट्स सिटी, 17 जून (एजेंसियां)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 के शेड्यूल का ऐलान कर दिया है. इस टूर्नामेंट का आयोजन भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होगा. 30 सितंबर को वर्ल्ड कप की शुरुआत बेंगलुरु में भारत और श्रीलंका के बीच मैच के साथ होगा. इस टूर्नामेंट में 5 अक्टबूर को भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा. ये मैच कोलंबो में खेला जाएगा. भारत में 2013 के बाद पहली बार महिला वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन होने जा रहा है. इसमें 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं. इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 2 नवंबर को खेला जाएगा. इसके अलावा पाकिस्तान के सभी मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे.

**भारत में नहीं खेलेगा पाकिस्तान**

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए पाकिस्तान के सभी मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे. 5 अक्टबूर को टीम इंडिया कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में पाकिस्तान का सामना करेगी. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के बीच हाइब्रिड मॉडल पर समझौते के अनुसार, वर्ल्ड कप के दौरान पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा. इस साल की शुरुआत में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच पाकिस्तान में न खेलकर दुबई में खेला था. इसके जवाब में PCB ने कहा था कि पाकिस्तान आने वाले फ्यूचर में कोई भी मैच भारत में नहीं खेलेगा.

**2 नवंबर को होगा खिताबी मुकाबला**

मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने अभियान की शुरुआत 1 अक्टूबर करेगी. वो अपना पहला मैच इंदौर के होल्कर स्टेडियम में न्यूजीलैंड से खेलगी. इसके बाद टीम 8 अक्टूबर को कोलंबो में पाकिस्तान का सामना करेगी. ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच अहम मुकालब 22 अक्टूबर को इंदौर में होगा. यह टूर्नामेंट में 28 लीग मैच खेले जाएंगे. इसके बाद तीन नॉकआउट मैचों खेले जाएंगे.

वर्ल्ड कप के मैच भारत के बेंगलुरु, इंदौर, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और श्रीलंका के कोलंबो में खेले जाएंगे. पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा. जबकि दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में खेला जाएगा. फाइनल 2 नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में खेला जाएगा. अगर पाकिस्तान की महिला टीम सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंचती है तो इन मैचों को आयोजन कोलंबो में किया जाएगा.

**ये है महिला वनडे वर्ल्ड कप का शेड्यूल**

**30 सितंबर: भारत vs श्रीलंका- बेंगलुरु में दोपहर 3 बजे से**

1 अक्टूबरः ऑस्ट्रेलिया vs न्यूजीलैंड- इंदौर में दोपहर 3 बजे से
2 अक्टूबरः बांग्लादेश vs पाकिस्तान- कोलंबो में दोपहर 3 बजे से
3 अक्टूबरः इंग्लैंड vs साउथ अफ्रीका- बेंगलुरु में दोपहर 3 बजे से
4 अक्टूबरः ऑस्ट्रेलिया vs श्रीलंका- कोलंबो से दोपहर 3 बजे से
5 अक्टूबरः भारत vs पाकिस्तान- कोलंबो में दोपहर 3 बजे से
6 अक्टूबरः न्यूजीलैंड vs दक्षिण अफ्रीका- इंदौर में दोपहर 3 बजे से
7 अक्टूबरः इंग्लैंड vs बांग्लादेश- गुवाहाटी में दोपहर 3 बजे से
8 अक्टूबरः ऑस्ट्रेलिया vs पाकिस्तान- कोलंबो में दोपहर 3 बजे से
9 अक्टूबरः भारत vs साउथ अफ्रीका- विशाखापट्टनम में दोपहर 3 बजे से
10 अक्टूबरः न्यूजीलैंड vs बांग्लादेश- विशाखापट्टनम में दोपहर 3 बजे से
11 अक्टूबरः इंग्लैंड vs श्रीलंका- गुवाहाटी में दोपहर 3 बजे से
12 अक्टूबरः भारत vs ऑस्ट्रेलिया- विशाखापट्टनम में दोपहर 3 बजे से
13 अक्टूबरः साउथ अफ्रीका vs बांग्लादेश- विशाखापट्टनम में दोपहर 3 बजे से
14 अक्टूबरः न्यूजीलैंड vs श्रीलंका- कोलंबो में दोपहर 3 बजे से
15 अक्टूबरः इंग्लैंड vs पाकिस्तान- कोलंबो में दोपहर 3 बजे से
16 अक्टूबरः ऑस्ट्रेलिया vs बांग्लादेश- विशाखापट्टनम में दोपहर 3 बजे से
17 अक्टूबरः साउथ अफ्रीका vs श्रीलंका- कोलंबो में दोपहर 3 बजे से
18 अक्टूबरः न्यूजीलैंड vs पाकिस्तान- कोलंबो में दोपहर 3 बजे से
19 अक्टूबरः भारत vs इंग्लैंड- इंदौर में दोपहर 3 बजे से
20 अक्टूबरः श्रीलंका vs बांग्लादेश- कोलंबो में दोपहर 3 बजे से
21 अक्टूबरः साउथ अफ्रीका vs पाकिस्तान- कोलंबो में दोपहर 3 बजे से
22 अक्टूबरः ऑस्ट्रेलिया vs इंग्लैंड- इंदौर में दोपहर 3 बजे से
23 अक्टूबरः भारत vs न्यूजीलैंड- गुवाहाटी में दोपहर 3 बजे से
24 अक्टूबरः पाकिस्तान vs श्रीलंका- कोलंबो में दोपहर 3 बजे से
25 अक्टूबरः ऑस्ट्रेलिया vs श्रीलंका- इंदौर में दोपहर 3 बजे से
26 अक्टूबरः इंग्लैंड vs न्यूजीलैंड- गुवाहाटी में दोपहर 3 बजे से
26 अक्टूबरः भारत vs बांग्लादेश- बेंगलुरु में दोपहर 3 बजे से
29 अक्टूबरः सेमीफाइनल 1- गुवाहाटी/कोलंबो में दोपहर 3 बजे से
30 अक्टूबरः सेमीफाइनल 2- बेंगलुरु में दोपहर 3 बजे से
2 नवंबरः फाइनल- कोलंबो/बेंगलुरु में दोपहर 3 बजे से

# टीम इंडिया इंट्रा-स्क्वॉड मैचः शार्दूल ठाकुर ने प्रैक्टिस मैच में शतक जड़ा, इंग्लैंड टेस्ट के लिए दावेदारी मजबूत



बैकेनहम, 17 जून (एजेंसियां)। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में अपनी जगह बनाने का मजबूत दावा पेश किया है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, शार्दुल ठाकुर ने भारत ए के लिए खेलते हुए भारत के खिलाफ इंट्रा-स्क्वाड मैच में शतक ठोक डाला। नाबाद 122 रन बनाए। यह पारी उन्होंने जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह जैसे तेज गेंदबाजों के खिलाफ खेली। इससे पहले, शार्दुल ने भारत ए के लिए गेंदबाजी करते हुए अपनी गेंद से सभी को प्रभावित किया था, जहां उन्होंने केएल राहुल, शुभमन गिल और करुण नायर जैसे बल्लेबाजों को परेशान किया। इ

ससे पहले, सरफराज खान ने दूसरे दिन 76 गेंदों में 101 रनों की पारी खेली थी, जिसमें उन्होंने 15 चौके और दो छक्के लगाए थे। दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर शार्दुल क्रीज पर नाबाद थे। उन्होंने तीसरे दिन बल्लेबाजी जारी रखी और अपना शतक पूरा किया। अब टीम मैनेजमेंट के सामने यह बड़ी समस्या है कि नितीश कुमार रेड्डी और शार्दुल में से किसे चुना जाए। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए शार्दुल को टीम में शामिल नहीं किया गया था, जबकि नितीश कुमार रेड्डी ने सभी पाँच टेस्ट मैच खेले थे। नितीश ने मेलबर्न टेस्ट में शतक भी बनाया था।

हालाँकि, गेंदबाजी में उनका प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा था, जितना उम्मीद की जा रही थी।

33 साल के शार्दुल ठाकुर का इंग्लैंड में टेस्ट में शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्होंने इंग्लैंड में अब तक 4 टेस्ट खेले हैं, जिसकी 8 पारियों में ठाकुर ने 10 विकेट लिए हैं। इसके अलावा बल्लेबाजी में भी उन्होंने कमाल किया है। शार्दुल के नाम इंग्लैंड में 173 टेस्ट रन हैं। उन्होंने 3 फिफ्टी भी इंग्लैंड में जड़ी है। शार्दुल ने अब तक भारत के लिए 11 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने 31 विकेट लिए हैं और 331 रन बनाए हैं।

# बीजिंग पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी 16 सदस्यीय भारतीय टीम




बीजिंग, 17 जून (एजेंसियां)। खिलाड़ियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की पूर्व अध्यक्ष दीपा मलिक, वर्तमान पीसीआई महासचिव जयवंत हमनवर और भारत पैरा पावरलिफ्टिंग के अध्यक्ष जेपी सिंह मौजूद थे।

भारत की 16 सदस्यीय टीम 17 से 25 जून तक बीजिंग में होने वाले 2025 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी। इस टीम में जैनब खातून, सीमा रानी, झंडू कुमार, जॉबी मैथ्यू, मनीष कुमार और कस्तूरी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इन सभी ने हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रभावित किया था। खिलाड़ियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की पूर्व अध्यक्ष दीपा मलिक, वर्तमान पीसीआई महासचिव जयवंत हमनवर और भारत पैरा पावरलिफ्टिंग के अध्यक्ष जेपी सिंह मौजूद थे।

सिंह ने कहा, भारत हर टूर्नामेंट के साथ वैश्विक पैरा पावरलिफ्टिंग बिरादरी में खुद को एक ताकत के रूप में स्थापित कर रहा है। हमारे खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं और हम चीन में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं।

# दो बच्चों की मां मारिया क्वींस क्लब टेनिस चैंपियन; डुप्लांटिस ने अपना विश्व रिकॉर्ड फिर तोड़ा



लंदन, 17 जून (एजेंसियां)। दो बच्चों की मां और बतौर क्वालिफायर टूर्नामेंट में खेलने वाली जर्मनी की 37 वर्षीय तात्याना मारिया ने प्रेरणा दायक प्रदर्शन करते हुए क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल में अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को 6-3, 6-4 से पराजित किया। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता अमेरिका की मेडिसन कीज को 6-3, 7-6 से हराया था। मारिया बीते पांच वर्ष में किसी टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। इससे पहले 2020 में सेरेना विलियम्स ने 38 वर्ष की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक का खिताब जीता था।

विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकीं विश्व नंबर 86 मारिया का इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में पूर्व विंबलडन विजेता चौथी वरीय एलीना रिबाकीना, तीसरे दौर में छठी वरीय कैरोलिन मुचोवा को पराजित किया। मारिया ने कहा कि वह इस खेल से प्यार करती हैं। वह इन क्षणों के लिए ही जी रही हैं। एनिसिमोवा ने कहा कि उनका परिवार बहुत प्यारा है। वह उनके बच्चों को हर जगह आते देखती हैं।

**डुप्लांटिस ने 12वीं बार तोड़ा अपना रिकॉर्ड**

स्टॉकहोम। दो बार के ओलंपिक विजेता स्वीडन के मोंडो डुप्लांटिस ने 12वीं बार पोलवॉल्ट में अपना विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने अपने घरेलू दर्शकों के बीच स्टॉकहोम डायमंड लीग में 6.28 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए नया विश्व कीर्तिमान बनाया। 25 वर्षीय डुप्लांटिस ने इस वर्ष फरवरी में ऑल स्टार पर्शे मीट में बनाए गए अपने ही विश्व रिकॉर्ड 6.27 मीटर को पीछे छोड़ा। उन्होंने 1912 के ओलंपिक स्टेडियम में पहली बार अपने देश में विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा।

## मार-मारकर 15 गेंदों को किया बाहर गेंदबाजों पर बेदर्दी से टूटा एविन लुईस

खेल डेस्क, 17 जून (एजेंसियां)। वो कहते ना, मार-मारकर धागा खोल देना. 33 साल के बल्लेबाज ने टी20 इंटरनेशनल मैच में वही किया है. हम बात कर रहे हैं एविन लुईस की. वेस्टइंडीज के इस धुआंधार ओपनर का कहर सीरीज के तीसरे और आखिरी टी20 मैच में आयरलैंड के गेंदबाजों पर बड़ी बेदर्दी से टूटा. उन्होंने 206 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बल्ला घुमाते हुए इतना मारा कि 15 गेंदों को बाउंड्री के पार कर दिया. इन सब का असर दोनों टीमों की सेहत पर हुआ. नतीजा ये हुआ कि वेस्टइंडीज ने तीसरा टी20 जीतते हुए सीरीज भी अपने नाम कर ली. वेस्टइंडीज ने आखिरी टी20 को 62 रन के बड़े अंतर से अपने नाम किया. इसी के साथ उसने आयरलैंड के खिलाफ सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली. दोनों टीमों के बीच सीरीज का पहला और दूसरा टी20 मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था. उन दोनों की मुकाबलों में एक भी गेंद का खेल नहीं हो सका था.

# तेलंगाना कौशल पहल पर केंद्र के साथ सहयोग करने के लिए तैयार : श्रीधर बाबू

हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री दुद्दिल्ला श्रीधर बाबू ने केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी के साथ सोमवार को यहां बशीरबाग स्थित पीजी लॉ कॉलेज में "मेगा जॉब, स्किल लोन मेला" का आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया। इस पहल की सह-मेजबानी भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और तेलंगाना सरकार के रोजगार और प्रशिक्षण विभाग द्वारा की गई। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री श्रीधर बाबू ने जोर देकर कहा कि तेलंगाना सरकार राज्य को विश्व की कौशल राजधानी में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से प्रतिष्ठित यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी के विकास के लिए समर्थन बढ़ाने का आग्रह किया, जो उद्योग-सरेखित कौशल शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए राज्य द्वारा शुरू की गई एक




महत्वाकांक्षी पहल है। हमारे युवा तेलंगाना की सबसे बड़ी ताकत हैं। फिर भी, आज के उभरते हुए नौकरी बाजार में कई लोगों के पास अभी भी उद्योग-तैयार कौशल की कमी है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने शिक्षा और उद्योग के बीच कौशल अंतर की पहचान की है और इसे पाटने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। हम समावेशी शासन में विश्वास करते हैं। हम उद्योग के नेताओं और डोमेन विशेषज्ञों के सहयोग से पाठ्यक्रम तैयार कर रहे हैं। परिणामस्वरूप, हमारे कौशल विश्वविद्यालय कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित लगभग 80 प्रतिशत छात्रों को पहले ही रोजगार मिल चुका है। युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए मंत्री ने कहा, आपमें से प्रत्येक में अपार क्षमता है।

समय के साथ आगे बढ़ें, नई तकनीकों को अपनाएं और दृढ़ रहें। हर बाधा आपके लक्ष्य की ओर एक कदम है। श्रीधर बाबू ने जयंत चौधरी को यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी आने का व्यक्तिगत निमंत्रण दिया और पूरे देश में कौशल विकास को बढ़ाने के लिए केंद्र के साथ मिलकर काम करने की तेलंगाना की इच्छा दोहराई। कार्यक्रम में सांसद आर. कृष्णैया, एमएलसी अंजी रेड्डी, टीजीएमडीसीएल के चेयरमैन अनिल कुमार, पूर्व एमएलसी कपिलवई दिलीप कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने की आत्महत्या

### पत्नी को थप्पड़ मारने के बाद सता रहा था डर

हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने रविवार को राजेंद्रनगर स्थित अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसे डर था कि उसकी पत्नी की उसके साथ मारपीट में मौत हो गई है। आंध्र प्रदेश के नेल्लोर के रहने वाले कुमारस्वामी और मौनिका नामक इस जोड़े की शादी को एक साल हो चुका है। शादी के बाद से वे बंदलागुड़ा जागीर के भवानी कॉलोनी में रह रहे हैं।

पुलिस के अनुसार, दम्पति के बीच सोने का कंगन खो जाने को लेकर बहस हुई और कूर्मास्वामी क्रोधित हो गया तथा उसने मौनिका को थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। इंस्पेक्टर कास्त्रो के अनुसार, कुमारस्वामी को लगा कि उसकी पत्नी की मौत उसके द्वारा की गई मारपीट के कारण हुई है, इसलिए वह परिणामों से डर गया और घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों की सूचना पर राजेंद्रनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 'ग्रामीण विकास में नवाचार : नीतियों से लेकर व्यवहार तक- सीख' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शुरू



हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) "ग्रामीण विकास में नवाचार : नीतियों से लेकर व्यवहार तक- सीख" शीर्षक से एक सप्ताह का अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में एकीकृत ग्रामीण विकास केंद्र (सीआईआरडीएपी) और एनआईआरडीपीआर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है, जो एनआईआरडीपीआर के हैदराबाद परिसर में 15 से 22 जून 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। सीआईआरडीएपी सदस्य देशों (सीएमसी) में ग्रामीण विकास के लिए काम करने वाले राष्ट्रीय संस्थानों के प्रमुख इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। सीआईआरडीएपी और एनआईआरडीपीआर दोनों के महानिदेशकों ने आज आधिकारिक तौर पर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्घाटन भाषण के दौरान, सीआईआरडीएपी के महानिदेशक डॉ.पी. चंद्र शेखर ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीएमसी में नियोजित विकास रणनीतियों के बारे में चर्चाओं को बढ़ावा देना और अनुभव साझा करना है, जिसमें ग्रामीण विकास नीतियों और पहलों से संबंधित नवाचारों में अनुकरणीय प्रथाओं पर जोर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सीएमसी के भीतर स्थायी ग्रामीण आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना है और यह इन देशों के प्रतिभागियों के बीच क्रॉस-लर्निंग के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। एनआईआरडीपीआर के महानिदेशक डॉ. जी नरेंद्र कुमार ने अपने उद्घाटन भाषण में नए ग्रामीण भविष्य के वास्तुकारों के रूप में ग्रामीण विकास संस्थानों को बढ़ाने में सीएमसी के प्रतिभागियों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने क्षमता निर्माण गतिविधियों के माध्यम से आपसी सीखने की सुविधा के लिए सीएमसी के साथ एक क्षेत्रीय क्षमता निर्माण नेटवर्क स्थापित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने आश्वासन दिया कि एनआईआरडीपीआर सीएमसी में क्षेत्रीय क्षमता निर्माण गतिविधियों का संचालन करके और ग्रामीण विकास और विकेन्द्रीकृत शासन पर केंद्रित डिजिटल शिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करके इस पहल का समर्थन करने के लिए तैयार है। इस सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार की प्रमुख ग्रामीण विकास नीतियों और पहलों पर चर्चा की जाएगी, जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम), दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयूजीकेवाई), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई), प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) जैसे प्रमुख कार्यक्रमों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला जाएगा।

भारत सरकार के अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य प्रदान करते हुए प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी, जबकि राज्य सरकार के अधिकारी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करेंगे, और एनआईआरडीपीआर के अधिकारी भारत सरकार के संबंधित प्रमुख कार्यक्रमों से संबंधित अपनी क्षमता निर्माण गतिविधियों पर चर्चा करेंगे।

## वेमुलावाड़ा में सड़क चौड़ीकरण के लिए तोड़फोड़ अभियान शुरू

राजन्ना सिरसिला, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। अधिकारियों ने लंबे समय से लंबित सड़क चौड़ीकरण पहल के तहत वेमुलावाड़ा मंदिर शहर में घरों और दुकानों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया है। रविवार को शुरू हुआ यह विध्वंस अभियान सोमवार सुबह पूरी ताकत से फिर से शुरू हुआ।

विध्वंस करने के लिए दस टीमें तैनात की गई थीं, जिनमें से प्रत्येक के पास एक जेसीबी थी। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था और भीड़ को रोकने के लिए विध्वंस क्षेत्र के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू कर दी गई थी। मुख्य सड़क की ओर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित करने के लिए शहीद स्मारक के पास बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं।

# 66 उम्मीदवार यूपीएससी सीएपीएफ सहायक कमांडेंट परीक्षा के लिए चयनित

## एडीजी महेश भागवत ने किया था मार्गदर्शन

हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) कानून और व्यवस्था महेश भागवत और उनकी टीम द्वारा साक्षात्कार के लिए प्रशिक्षित कुल 66 उम्मीदवारों ने यूपीएससी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सहायक कमांडेंट परीक्षा 2024 को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है, जिसके परिणाम 13 जून, 2025 को घोषित किए गए थे। पूरे भारत में उत्तीर्ण हुए 459 उम्मीदवारों में से, भागवत द्वारा प्रशिक्षित कई उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक हासिल की। उल्लेखनीय रूप से, श्याम यादव (एआईआर 2), श्रेयस एस (एआईआर 5),



कुलदीप बिश्नोई (एआईआर 13), अनिकेत त्रिभुवन (एआईआर 20), रिया (एआईआर 35), और सिद्धेश येओले (एआईआर 49) शीर्ष 50 में जगह बनाने में सफल रहे।

तेलंगाना से चयन में मंचेरियल के पेद्दम अभिनव वर्मा (रैंक 138), खम्मम के भनोथ लक्ष्मी वर प्रसाद (रैंक 256), और हैदराबाद के एन अनिल कुमार (रैंक 406) शामिल हैं। आंध्र प्रदेश से, वाईएसआर कडपा जिले के सनमाला अजय ने रैंक 355 हासिल की। उन सभी को एडीजी महेश भागवत द्वारा मार्गदर्शन दिया गया था। एडीजी भागवत ने इस पहल का समर्थन करने वाले सह-संरक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनमें सेवानिवृत्त एडीजी बीएसएफ संजीव सूद, डीआईजी सीआरपीएफ एमए रिजवान, डीआईजी एसएसबी डीएन भोमबे, वरिष्ठ कमांडेंट सीआईएसएफ प्रताप पुंडे, डीसी सीआईएसएफ राकेश, अंतर्राष्ट्रीय संबंध विशेषज्ञ डॉ शैलेंद्र देवलंकर, आईआरएस अधिकारी नितीश पाथोड़े (डीसी कस्टम्स, अहमदाबाद), स्वच्छंद चव्हाण और अन्य शामिल हैं।

सफल उम्मीदवारों को बधाई देते हुए एडीजी भागवत ने उन्हें जमीन पर टिके रहने की सलाह दी और अन्य उम्मीदवारों को दृढ़ रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, 'सफलता आपके सिर पर नहीं चढ़नी चाहिए। जो लोग इस बार सफल नहीं हो पाए, उन्हें खुद पर भरोसा रखना चाहिए। दृढ़ता यूपीएससी परीक्षाओं को पास करने की कुंजी है।' यूपीएससी द्वारा हर साल आयोजित की जाने वाली सीएपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट परीक्षा सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी जैसे बलों में करियर के रास्ते खोलती है। इस परीक्षा के माध्यम से चुने गए अधिकारी अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के पद तक पहुंच सकते हैं। सीएपीएफ कर्मी सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा, हवाई अड्डे की सुरक्षा, आपदा प्रतिक्रिया संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पर्यटन एमडी वल्लूर क्रांति ने मंत्री जुपल्ली से की मुलाकात



हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नियुक्त किए गए वल्लूर क्रांति ने पर्यटन मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव से शिष्टाचार भेंट की। डॉ.बीर. अंबेडकर ने सचिवालय में मंत्री से मुलाकात की और उन्हें गमले में लगा पौधा भेंट किया। इस अवसर पर मंत्री जुपल्ली ने क्रांति को शुभकामनाएं और बधाई दी।

# जीएम ने कर्मचारियों को 'महीने का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी' सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए

## 'शानदार एससीआर के स्वर्णिम वर्ष' पर एक पुस्तक का विमोचन भी किया

हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने आज यानी 16 जून, 2025 को रेल निलयम, सिकंदराबाद में आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान नौ कर्मचारियों को मई, 2025 महीने के लिए महीने का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए। महीने के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरस्कार उन कर्मचारियों को दिए जाते हैं, जिन्होंने असुरक्षित स्थितियों को रोकने के लिए कर्तव्य के प्रति सतर्कता और समर्पण दिखाया है। बैठक में एससीआर के अतिरिक्त महाप्रबंधक नीरज अग्रवाल ने भी सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ भाग लिया। सभी छह डिवीजनों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंटकल, गुंटूर और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक में शामिल हुए। महाप्रबंधक ने सिकंदराबाद डिवीजन- 03, विजयवाड़ा डिवीजन- 03, गुंटूर डिवीजन- 02 और हैदराबाद डिवीजन- 01 से संबंधित कर्मचारियों को महीने के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए। कर्मचारी लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, ट्रैक




मेंटेनर और पॉइंट्स मैन जैसी विभिन्न श्रेणियों से संबंधित हैं। महाप्रबंधक ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने के लिए उनकी सराहना की। इसके बाद महाप्रबंधक ने ट्रेन परिचालन की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि मानसून के मद्देनजर अधिकारियों/पर्यवेक्षकों द्वारा विशेष अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने ट्रैक पर गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए, जिसमें नवनिर्मित आरयूबी और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, ताकि ट्रैक के किनारे पानी के ठहराव/जल निकायों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने ट्रेनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सिग्नलों से छेड़छाड़ करने वाली शरारती गतिविधियों पर अधिक सतर्क रहने के भी निर्देश दिए। अरुण कुमार जैन ने यांत्रिक वस्तुओं की सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने सभी टूट-फूट सुरक्षा वस्तुओं पर बड़े पैमाने पर सुरक्षा जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों/कर्मचारियों को रोलिंग स्टॉक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने जोन में लोको में उपलब्ध कराए गए क्रू वॉयस एंड वीडियो रिकॉर्डिंग सिस्टम (सीवीवीआरएस) की उपलब्धता की समीक्षा की। क्रू के काम के घंटों पर चर्चा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को उचित समय और अंतराल पर ऑन-ड्यूटी क्रू को उचित आराम प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सावधानीपूर्वक कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान, अरुण कुमार जैन ने 'गौरवशाली एससीआर के स्वर्णिम वर्ष'- 3 वर्षीय समीक्षा पर एक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि पुस्तिका में जोन के विभिन्न विभागों और मंडलों द्वारा तीन वर्षों की उपलब्धियों यानी 2022-23, 2023-24 और 2024-25 को उजागर किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हर क्षेत्र में एससीआर के अग्रणी विकास के लिए उनके असाधारण योगदान के लिए बधाई दी, यानी ट्रेन संचालन, समय की पाबंदी, लोडिंग, यात्री आय, विद्युतीकरण, दोहरीकरण, तिहरीकरण, सिग्नलिंग, उन्नत तकनीक को लागू करके यात्री सुरक्षा साबित करना, डिजिटल पहलों का कार्यान्वयन, सौर ऊर्जा जैसी हरित पहल को बढ़ावा देना और विभिन्न बिजली बचत उपायों को अपनाकर बिजली की बचत में दक्षता आदि। उन्होंने यह भी कहा कि, यह एक सामूहिक और टीम भावना है, जिसे एससीआर की उपलब्धियों के झंडे को ऊंचा रखने के लिए भविष्य में भी जारी रहना चाहिए। पोर्टल लॉन्च करते हुए उन्होंने कहा कि माननीय सांसदों/विधायकों के प्रतिनिधित्व पोर्टल से जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले प्रतिनिधित्वों पर नज़र रखने और डेटा संकलन में आसानी होगी तथा मुद्दों के समाधान में मदद मिलेगी और वास्तविक समय के आधार पर जानकारी को ट्रैक करने में भी मदद मिलेगी। रेल कलारंग ऐप रेलवे कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन परिसर बुक करने में सहायक होगा, चाहे वे सेवारत हों या सेवानिवृत्त/गैर रेलवे कर्मचारी हों। इस सुविधा से पारदर्शिता आएगी और डिजिटल/ऑनलाइन मोड के माध्यम से किराये का भुगतान करने में सुविधा होगी।

## कार के पेड़ से टकराने से दो लोगों की मौत

आदिलाबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। उटनूर मंडल के बिरसाइपेट गांव के निकट सोमवार को तड़के एक कार के पेड़ से टकरा जाने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के तीन अन्य लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित बेलमपल्ली के रिक्शा कॉलोनी के इरला राजू के रिश्तेदार थे। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं, जबकि एक महिला, एक लड़की और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। चालक ने एक मोड़ पर वाहन पर नियंत्रण खो दिया और पेड़ से टकरा गया, जिसके परिणामस्वरूप यह दुर्घटना हुई। घायलों को उत्नूर मंडल मुख्यालय के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लड़की की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के समय परिवार बेल्लमपल्ली से आदिलाबाद जा रहा था।

# 'सियासत से संन्यास लें, बेटे को सौंपें पार्टी की कमान...'

## ओवैसी की चंद्रबाबू नायुडू को सलाह

अमरावती, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश में तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के नेता नारा लोकेश को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की अटकलों के बीच, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायुडू को सलाह दी है कि वह राजनीति से संन्यास लें और पार्टी की कमान अपने मंत्री बेटे को सौंप दें।

कर्नूल जिले के आदोनी में रविवार रात एक जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर भी तीखा हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कानून मुसलमानों के अधिकारों का हनन करेगा। ओवैसी ने कहा, मैं



चंद्रबाबू नायुडू से कह रहा हूं, आप लोकेश का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। वैसे भी आपके बाद आपका बेटा ही उत्तराधिकारी बनेगा। जूनियर एनटीआर तो नहीं आने वाले, हैं ना? आप लोकेश को भ्रमित कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, आप पहले ही अविभाजित आंध्र प्रदेश के नौ साल और विभाजित आंध्र प्रदेश के 5 साल मुख्यमंत्री रह चुके हैं। अब बहुत हो गया, अब अपने बेटे की जिम्मेदारी संभालने दीजिए।

पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और कुछ मंत्रियों ने भी यह राय दी है कि नारा लोकेश को टीडीपी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए, ताकि पार्टी के उत्तराधिकार की योजना स्पष्ट हो सके। हाल ही में आयोजित टीडीपी की 'महानाडु' बैठक के बाद यह अटकलें लग रही थीं कि लोकेश की पदोन्नति की घोषणा की जाएगी, लेकिन पार्टी की ओर से ऐसा कोई एलान नहीं किया गया।

## सी.एच. प्रियंका ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की विशेष आयुक्त का पदभार संभाला



हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सी.एच. प्रियंका ने आज सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की विशेष आयुक्त का पदभार संभाला। सरकार ने विभाग के विशेष आयुक्त रहे डॉ. हरीश को तेलंगाना जेनको के एमडी पद पर स्थानांतरित करने तथा नगर प्रशासन एवं शहरी विकास विभाग की उप सचिव रहीं सी.एच. प्रियंका को सूचना विभाग का विशेष आयुक्त नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। आज सुबह सचिवालय में डॉ. हरीश ने सरकारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विशेष सचिव, सूचना विभाग के विशेष आयुक्त तथा तेलंगाना फिल्म विकास निगम के एमडी का पदभार संभाला। सूचना विभाग, फिल्म विकास निगम तथा मीडिया अकादमी के अधिकारियों ने प्रियंका को विशेष आयुक्त का पदभार संभालने पर बधाई दी। इसी तरह डॉ. हरीश को भी धूमधाम से विदाई दी गई। विशेष आयुक्त का पदभार संभालने के बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ सूचना विभाग के कार्यक्रमों एवं प्रदर्शन की समीक्षा की।

# भाइयों की तरह दिल्ली की संपत्ति में तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच बंटवारा तय

हैदराबाद, 16 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के विभाजन के 11 साल बाद आंध्र प्रदेश और तेलंगाना अब दिल्ली में स्थित अपनी संपत्तियों को औपचारिक रूप से बंटवारे के लिए तैयार हैं। दोनों राज्य जल्द ही अपने-अपने भवन बनाने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। संपत्ति का विभाजन आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में बताए गए 58:42 की जनसंख्या अनुपात के अनुसार किया जाएगा। संयुक्त आंध्र प्रदेश के पास दिल्ली में 19.776 एकड़ जमीन थी। इसमें 1 अशोका रोड पर स्थित आंध्र भवन और पटौदी हाउस की जमीन भी शामिल थी। अब इसे विभाजित कर दिया गया है, जिसमें 11.536 एकड़ जमीन आंध्र प्रदेश को और 8.24 एकड़ जमीन तेलंगाना को आवंटित की गई है।



**तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में किसे क्या मिलेगा :**

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के मुख्य सचिव जल्द ही जमीन और संपत्ति के विभाजन के लिए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करेंगे। आंध्र प्रदेश सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने ईटी को बताया कि राज्य को गृह मंत्रालय से इस बंटवारे को औपचारिक रूप देने वाला एक पत्र मिला है। सबसे बड़ा विवाद आंध्र भवन में अलग-अलग ब्लॉक के आवंटन को लेकर था। दोनों राज्य गोदावरी और सबरी ब्लॉक चाहते थे, जो आंध्र भवन परिसर के अंदर एक ही जगह पर हैं। लेकिन, संपत्ति के अंतिम विभाजन में सबरी ब्लॉक तेलंगाना को और गोदावरी और स्वर्णा मुखी ब्लॉक आंध्र प्रदेश को मिले हैं। दोनों राज्यों को पटौदी हाउस में एक-एक हिस्सा मिला है।

**दोनों राज्य करेंगे अपने-अपने भवनों का निर्माण :**

संपत्ति का विभाजन आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में बताए गए 58:42 के जनसंख्या अनुपात के अनुसार किया गया है। इसका मतलब है कि 58 प्रतिशत संपत्ति आंध्र प्रदेश को और 42 प्रतिशत तेलंगाना को मिलेगी। इस विभाजन के बाद, दोनों राज्य सरकारें अपने-अपने भवन बनाने का काम शुरू करेंगी। सूत्रों के अनुसार, तेलंगाना ने 18 महीने पहले ही डिजाइन प्रक्रिया शुरू कर दी थी, लेकिन इसे अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया है। आंध्र प्रदेश ने भी इसी तरह की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायुडू ने डिजाइन को मंजूरी नहीं दी। अधिकारी ने कहा, डिजाइन प्रक्रिया फिर से शुरू की जाएगी। वर्तमान आंध्र भवन एक पुरानी इमारत है और इसकी जगह दो नई इमारतें बनने की संभावना है।

**दिल्ली में आंध्र के पास कहां से आई इतनी जमीन :**

संयुक्त आंध्र प्रदेश के पास दिल्ली के दिल में इतनी बड़ी जमीन इसलिए थी, क्योंकि हैदराबाद के निजाम ने 1917, 1928 और 1936 में भारत सरकार से भुगतान पर 18.18 एकड़ जमीन हासिल की थी। इस पर हैदराबाद हाउस बनाया गया था। बाद में एनटी रामाराव सरकार ने हैदराबाद हाउस केंद्र को दे दिया, जिसके बदले में आंध्र प्रदेश को 1 अशोका रोड पर जमीन, 7.56 एकड़ पटौदी हाउस और पास में 1.21 एकड़ नर्सिंग हॉस्टल मिला।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.